अच्छा अर्थ लुप्त हुआ और बुरा ही अर्थ प्रसिद्ध हुआ।

आज ' दानव ' पदमें ( आर्जव ) सरल करनेका भाव था ऐसा मानननेके लिये भी कोई तैयार नहीं है, इतना इसका अर्थ बिगड गया है !! ( छेदने ) काटना भी अच्छा करनेके लिये भी हो सकता है। हमेशा हो काटना बुरा अर्थ बताता है ऐसी बात नहीं है। पर जिस समय केवल अविचार-से काटना ही काटना होने लगता है उस समय वह बुरा ही होता है। वैसा ही ' दानवों ' के काटनेका हुआ। उनके कर्मोंमें केवल काटना ही रहा, परंतु उसमें सोधा करनेका भाव जो पहिले था वह चला गया। रक्षकोंके राक्षस इसी तरह बने।

' दा ' धातु ' दान , अर्थमें है और ' काटने ' के अर्थमें भी है। ' दा दानेः दा लवने ' दान देना और छेदन करना ये दोनों अर्थ दा धातुके हैं। ' दा ' धातुका अर्थ ' दान देना ' है। दान देनेका ही अर्थ अपने पास जो है उसका विभाग करके दूसरेको देना, इसीलिये दान देनेके लिये इस धातुका ही अर्थ काटना हुआ। अपने पास धन है, भूमि है, अन्न है। उसमेंसे थोडा दान करना होता है, इसलिये दान करनेके समय विभाग करना ही पडता है। इसलिये ' दा ' धातुके दान अर्थके साथ उसमें काटनेका भी भाव आगया और इसी तरह ' दान् ' धातुके अर्थमें भी वही काटनेका भाव आगया है।

' दानव ' पदमें मूल अर्थ ' दान-वान् ' था, दान देनेवाला यह अर्थ था। काटकर, विभाग करके, संविभागकर के दान देनेवाला यह पहिला अर्थ था। पर पश्चात् काटनेका अर्थ तोडना हुआ और इसीका अर्थ घातपात करनेवाला बना और उत्तर संस्कृतमें दानवका अर्थ सर्वरूपसे ' क्रूर असुर ' ही हो चुका। निरुक्तकार यास्काचार्य कहते हैं—

## दानवका दान

दानवं दानकर्माणं। निरु० १०।९

' दानव मेघका नाम है क्योंकि वह जलका दान करता है।

दानवं उदकदातारं मेघं। ( दुर्गाचार्य )

दानवं दनोः पुत्रं असुरं यद्वा उदकस्य दातारं मेघं। ( सायनाचार्य )

इस तरह निरुक्तकारका ' दानकर्मा ' यही अर्थ इन आचार्योंने लिया है। अर्थात् ' दानव ' पदमें ' दान कर-नेका भाव ' है। मेघ जलका दान करता है यह बुरा नहीं है। इसमें दान है। इससे पता लगता है, कि ' दानव ' में प्रारंभमें ' दान करनेका भाव ' था, यह भाव अच्छा था। परंतु पीछेसे वह अर्थ बिगडा, यह दानवोंकी पश्चात् दुष्ट कृतिके कारण बिगाड हुआ है। ' दानव ' पद ऋग्वेदमें अच्छे अर्थमें भी प्रयुक्त हुआ है—

स नः शक्रश्चिदा शकत् दानवान् अन्तराभरः।
इन्द्रो विश्वाभिरूतिभिः॥ ऋ० ८।३२।१२

" ( शक्रः सः इन्द्रः ) सामर्थ्यवान् वह इन्द्र ( नः आशकत् ) हमको सामर्थ्यवान करे। ( विश्वाभिः ऊतिभिः इन्द्रः ) सब प्रकारके संरक्षणोंके साथ वह इन्द्र ( दानवान् ) दान देनेवाला ( अन्तर-आभरः ) हमें अन्दरसे भरपूर सामर्थ्यसे परिपूर्ण भर दे। "

इस मंत्रमें ' इन्द्र ' का वर्णन ' दान+वान् ' पदसे किया है। दाता, दान देनेवाला, उदार, उदार अन्तःकरणसे सहायता करनेवाला इन्द्र है। ' मेघ ' को भी ' दानव ' इसलिये वेदमें कहा है कि वह ' उदकका दान करता है। ' अर्थात् इस ' दाता ' के अर्थका यह ' दानव ' शब्द अच्छा अर्थ बताता है। जो प्रारंभमें रक्षकका कार्य करते थे। क्योंकि ' वे दानव जनताका संरक्षण करनेके लिये अपने प्राणोंका दान करते थे। ' इसलिये इस अर्थमें यह दानव पद उत्तम अर्थ बतानेवाला है। इसलिये देवोंका वर्णन करनेके लिये भी ' दानव ' पद प्रयुक्त हुआ है।

## पूर्वदेवाः

' पूर्व-देवाः ' यह पद भी राक्षसवाचक है देखिये—

असुरा दैत्य-दैतेय-दनुजेन्द्रारि-दानवाः।
शुक्रशिष्यादितिसुताः पूर्वदेवाः सुरद्विषः॥
अमरकोश १।१२

' असुर, दैत्य, दैतेय, दनुज, इन्द्रारि, दानव, शुक्रशिष्य, अदितिसुत, पूर्वदेव, असुरद्विष् ये नाम असुरोंके हैं। ' इनमें ' पूर्व-देवाः ' पद है। पूर्व समयमें ये देव थे, अर्थात् पूर्व समयमें ये उत्तम कर्म करनेवाले थे।

पूर्वे च ते देवाः। यद्वा पूर्वं देवाः अन्यायाद्धि देवत्वात् भ्रष्टाः।

अमरटीका भानुदीक्षित व्याख्या।

प्राचीन समयमें ये देव थे, पूज्य थे, अच्छा कार्य करते थे, जनताके संरक्षणका कार्य करते थे, इसलिये ये उस समय ' देव ' कहलाते थे। पश्चात् वेही हीन कर्म करने

लगे, इस कारण देवत्वसे भ्रष्ट हुए। इस पदका यह अर्थ देखनेसे स्पष्ट रूपसे विदित होता है कि, ये राक्षस प्रारंभमें देवों जैसे पूजनीय थे। इस पदसे बडा भारी इतिहास मालूम हो सकता है। रक्षकोंके हो राक्षस बने हैं, उदार दाताओंके ही डाकू बने हैं, देवोंके समान जो पूजनीय थे वे ही दुष्ट कर्म करनेके कारण वध्य समझे गये हैं।

रक्षन्ति इति राक्षसाः। ( यह पहिला अर्थ था )
जो रक्षण करते हैं।
रक्षन्ति येभ्यः राक्षसाः। ( यह दूसरा अर्थ बना )
जिनसे रक्षण करना चाहिये।

( १ ) 'जो जनताका रक्षण करते हैं' यह राक्षस पदका पहिला अर्थ था, क्योंकि ये रक्षणका पवित्र कार्य करते थे। पश्चात् जब ये दुष्ट कर्म करने लगे तब (२) 'जनताका जिनसे संरक्षण करना चाहिये' ऐसा अर्थ होने लगा!!! ये दोनों अर्थ परस्पर विरुद्ध हैं। यही भाव 'पूर्वं देवाः' पदमें हैं। ये राक्षस पूर्वकालमें देव थे, परंतु अब वे ही दुष्ट हो चुके हैं।

हमने यहांतक जो राक्षसोंके नाम देखे 'राक्षस, असुर, रात्रिचर, दानव' आदि पद प्रारंभमें अच्छा अर्थ बतानेवाले थे, परंतु पीछे बहुत समय हो जानेके पश्चात् वे ही दुष्ट कर्म करने लगे, इसलिये इन पदोंका अर्थ बिगड गया। यही संपूर्ण इतिहास 'पूर्व-देवाः' इस पदमें है। यही पद राक्षसोंके पतनका सब इतिहास बता रहा है। ये प्रारंभमें देवताके समान पूजाके योग्य थे, पश्चात् ये क्रूरकर्म करने लगे, ये ही डाकुओंके समान कर्म करने लगे, जनताका संरक्षण करनेके स्थानपर जनताका ही नाश करने लगे, जनताको ही लूटने लगे, जनताका रक्षण करनेके स्थानपर जनताका भक्षण करने लगे। इसलिये इनको क्रूर माना गया। और 'पूर्व देवाः' का जो पहिले अच्छा अर्थ था, वह बदला और बुरा भाव इस शब्दमें आगया।

यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः। ऋ० १०।९०।१६
वा० य० ३१।१६
देवा एतस्यां अवदन्त पूर्वे।
सप्त ऋषयः तपसे ये निषेदुः॥ ऋ० १०।१०९।४
देवा भागं यथा पूर्वे संजानाना उपासते।
ऋ० १०।१९१।२
यत्र देवाः समपश्यन्त पूर्वे। वा० य० १७।२९

इन मंत्रोंमें 'पूर्वे देवाः' पद है और यह अच्छे अर्थमें है। (साध्याः पूर्वे देवाः) साधनसंपन्न पूर्व देव, (सप्त ऋषयः पूर्वे देवाः) सप्त ऋषि जो तपके लिये बैठे थे वे पूर्वदेव हैं। (संजानानाः पूर्वे देवाः) संज्ञानसंपन्न पूर्व देव। इस तरहका यह वर्णन 'ये पूर्व देव अच्छे थे' यही भाव बता रहा है। ऋषियोंके समान, साधना करनेवाले, यमनियम पालन करनेवाले ये 'पूर्व देव' थे, इस कारण इनका उस पूर्वकालमें बडा संमान होता था और वह योग्य था। पश्चात् वे ही बुरा कर्म करने लगे, इस कारण उन्ही पदोंका अर्थ बिगड गया।

## पुण्यजनाः

यहांतक हमने देखा कि राक्षसवाचक बहुतसे शब्द प्रारंभमें अच्छे अर्थवाले थे, परंतु पीछेसे वे खराब भाववाले हो गये। इसी तरह 'पुण्यजन' यह भी एक शब्द है। यह नाम भी इस समय राक्षसवाचक है। देखिये—

राक्षसः कौणपः क्रव्यात् क्रव्यादोऽस्रप आशरः॥५९
रात्रिंचरो रात्रिचरः कर्बुरो निकषात्मजः।
यातुधानः पुण्यजनो नैर्ऋतो यातुरक्षसी॥ ६०॥
अमरकोश १।५९-६०

'राक्षस, कौणपः, क्रव्यात्, क्रव्यादः, अस्रपः, आशरः, कर्बुरः, यातुधानः, पुण्यजनः, नैर्ऋतः, यातुः' ये नाम राक्षसोंके वाचक हैं। इनमें 'पुण्यजन' पद है जो इस समय राक्षसवाचक है।

अथ पुण्यजनो यक्षे राक्षसे सज्जनेऽपि च।
अमरटीका १।६०

'पुण्यजनका अर्थ यक्ष, राक्षस और सज्जन ऐसा है।' सज्जन भी अर्थ है और राक्षस भी अर्थ है!! इसका भाव यही है कि यह पहिले सज्जन था पीछेसे राक्षस बना। पहिले ये लोग सज्जन जैसा आचारव्यवहार करते थे पीछेसे उनका आचारव्यवहार बिगड गया। इसलिये यही 'पुण्यजन' शब्द राक्षसवाचक बना।

'पुण्य-जन' शब्द 'पुण्यकारक कर्म करनेवाला सज्जन' इसी अर्थमें प्रारंभमें था इसमें संदेह नहीं है। इसका कोई किसी प्रकार भी हीन अर्थ हो ही नहीं सकता। ऐसा होता हुआ भी इस समय इस 'पुण्यजन' शब्दका अर्थ बिलकुल उलटा हो गया है! 'पुण्यजन' को 'पापी'

कौन कहेगा। पर यहां इस पदके अर्थके विषयमें ऐसा ही हुआ है। जो सचमुच प्रारंभमें पुण्यकर्म करते थे, वे ही पश्चात् हीन कर्म करने लगे!! वेदोंमें पुण्यजन पद अच्छे अर्थमें हैं देखिये—

गन्धर्वाप्सरसः सर्पान् देवान्
पुण्यजनान् पितॄन्। अथर्व० ८।८।१५; ११।९।२४

अरायान् ब्रूमो रक्षांसि सर्पान् पुण्यजनान् पितॄन्।
अथर्व० ११।६।१६

यहां पुण्यजनोंको देव और पितरोंके साथ गिना है। पितर रक्षक हैं, देव तो दिव्य गुणवाले प्रसिद्ध हैं; इनके साथ रहनेके कारण पुण्यजन भी अच्छे ही कर्म करनेवाले हैं।

'पूर्व देव' और 'पुण्यजन' ये दोनों पद राक्षसोंकी गिरावटका बडा भारी इतिहास बताते हैं। आज किसीको यदि कहा जाय कि राक्षसोंका नाम 'पुण्यजन' है तो इस पर कोई विश्वास भी नहीं रख सकेगा। राक्षस 'पुण्यजन' हो कैसे सकते हैं ऐसा ही लोग पूछने लगेंगे, पर जिस समय 'राक्षस' का अर्थ 'रक्षक' होता था, उस समय वे 'पुण्यजन' ही कहलाते थे। जनताकी रक्षा करना यह पुण्य कर्म ही है, यह देवोंके कर्मके समान ही कर्म है। इस लिये 'पुण्यजन' और 'पूर्वदेव' ये पद प्रथम अच्छे अर्थके साथ संबद्ध थे। पश्चात् उन रक्षक पुण्यजनोंका आचारव्यवहार बिगडा, इस कारण वे शब्द तो उनके लिये वैसे ही प्रयुक्त होते रहे, परन्तु उन शब्दोंका अर्थ बिगड गया।

क्या कभी ऐसा हो सकता है? हां मानवी इतिहासमें ऐसा होता ही रहता है।

## सज्जनका दुर्जन

कोई शासनाधिकारपर आता है। वह प्रथम अपना कार्य सुयोग्य रीतिसे करता है। सेवाभावसे जनताकी सेवा करता है, दक्षतासे तथा निःपक्ष होकर अपना शासनाधिकारका कार्य उत्तम रीतिसे करता है। हरएक प्रजाजन इसके कार्यसे सन्तुष्ट होते हैं। अतः सब इसकी प्रशंसा करते हैं। राष्ट्रीय सरकारमें भी इसका नाम और यश बढता रहता है। वहां भी उसकी उन्नति होती है और मान्यता बढती है।

## पतनका कारण

इस तरह वह उन्नत होता है, यश कमाता है, चारों ओर कीर्ति प्राप्त करता है, तब उसमें घमण्ड आने लगती है, वह रिश्वत लेने लगता है, पक्षपात करके पैसे कमाता है। दुराचार भी करने लगता है। ऐसा होते होते वह बिगडता है और अत्याचार करने लगता है। इस तरह जो पहले 'रक्षक' था वही अन्तमें 'राक्षस' बना, जो प्रारंभमें 'पुण्यजन' था वही अन्तमें 'पापीजन' बना। जो पहिले 'देव' था वही अन्तमें 'असुर' बना। इसी रीतिसे रक्षकोंके राक्षस होते हैं। यह भ्रष्टता दुराचारसे होती है।

## राजकीय पक्षकी गिरावट

राजकीय पक्षोंमें भी ऐसी ही गिरावट होती है। एक पक्ष 'अहिंसा सत्य अस्तेय ब्रह्मचर्य' आदि शुभगुणोंका पालन करके राष्ट्रमें अपने पक्षका अधिकार जमाता है। इस पक्षके सब लोग तत्परतासे जनसेवा करते हैं, हर प्रकारके कष्ट उठाकर राष्ट्रसेवाके लिये तनमनधन अर्पण करते हैं। जनसेवाके सिवाय कुछ भी दूसरा कार्य नहीं करते। जनसेवाके लिये जो कष्ट सहन करना पडे वे कष्ट आनंदसे सहते हैं। इस तरह यह पक्ष राष्ट्रमें शासनाधिकार प्राप्त करता है। जनता आनंदसे उस पक्षको शासनाधिकारके लिये चुनती है राज्यशासनपर आनेके बाद भी वह अत्यंत उत्तम कार्य करता है। सबके आशीर्वाद लेता है। इसके पश्चात् उस पक्षके कई लोगोंमें स्वार्थ आने लगता है। कुछ लोग स्वार्थवश रिश्वतखोरी, पक्षपात, चालबाजी, धोखेबाजी करने लगते हैं। पक्षके लोग ये लोग अपने हैं इसलिये उनका बचाव करते हैं दंभस्फोट होने नहीं देते। इस तरह अत्याचार बढता जाता है। अत्याचारियोंके बचाव करनेका अधिक प्रयत्न इस पक्षसे होता है। अन्तमें इस तरह वह पक्ष संपूर्णतया गिरता है और उस पक्षका नाम ही उलटे अर्थमें प्रयुक्त होने लगता है! वह एक उस पक्षका नाम गाली जैसी मानी जाती है। राष्ट्रोंके इतिहासोंमें हम देखते हैं कि ऐसे पक्षके पक्ष गिरते हैं और नये पक्ष खडे होते हैं। जो नया पक्ष खडा होता है वह 'सुरपक्ष' कहलाता है और पुराने गिरे हुए पक्षको 'असुर पक्ष' कहने लगते हैं। देखिये—

## छोटे भाई और बडे भाई

द्वया ह प्राजापत्या देवाश्चासुराश्च ततः कानीयसा एव देवाः ज्यायसा असुरास्त एषु लोकेषु अस्पर्धन्त। ते ह देवा ऊचुः। हन्तासुरान् यज्ञ उद्गीथेनात्ययामेति।

बृहदारण्यक १।३।१

'देव तथा असुर ये दोनों प्रजापतिके ही सन्तान थे। उनमें छोटे भाई देव और बडे भाई असुर थे। ये दोनों इस लोकमें आपसमें अधिकार प्राप्त करनेके लिये स्पर्धा करने लगे। देवोंने कहा कि हम उद्गीथसे यज्ञमें असुरोंका पराभव करेंगे।'

असुर और देव एक ही राष्ट्रकी प्रजा है। प्रथम जिनके हाथमें अधिकार आया था, वे प्रथम अच्छे थे। पीछेसे बिगड गये और उस कारण उनको असुर कहने लगे। नया पक्ष उठकर खडा हुआ, वह राजकीय आयुमें छोटा था। इस कारण वह तरुणोंका पक्ष (कानीयसा देवाः) समझा जाने लगा। जिनके हाथोंमें राष्ट्रशासनका अधिकार था वह (ज्यायसा असुराः) वृद्धोंका पक्ष था। उसमें अपने हाथमें अधिकार रखनेके लिये अत्याचार करनेकी प्रवृत्ति उत्पन्न हुई थी। इस तरह 'असुर बडे भाई और देव छोटे भाई करके कहने लगे।' अन्तमें देवोंने असुरोंका पराभव किया और अपने हाथमें राष्ट्रशासनकी बागडोर ली। देवासुर संग्रामका राजकीय भाव यही है।

इसी तरह हरएक समय होता रहता है। पुराने पक्षका नाम 'पूर्व देवाः' है और नये पक्षका नाम 'देवाः' है। भारतमें मुसलमान आगये। शासन करने लगे। पीछेसे वे बिगड गये, उनके स्थानपर भारतीय लोग आगये। पीछेसे अंग्रेज आगये, वे भी अत्याचार करने लगे, तब भारतके लोग उठने लगे। राष्ट्रीयसभामें नये लोग आने लगे और वे अंग्रेजोंको 'सैतान' कहने लगे और अपने आपको 'देवता' मानने लगे।

## नरम और गरम दल

इस राष्ट्रीय सभावालोंमें भी 'नरम दल' और 'गरम दल,' ऐसे दो दल होगये। नरम दलके हाथमें राष्ट्रसभा थी। वह गरम दलवालोंने तोडी। उस समय गरम दलवाले नरम दलवालोंको 'दुष्ट' कहने और अपने आपको सच्चे 'राष्ट्रीय हितैषी' मानने लगे थे। इस तरह दैवी पक्षवालोंने असुर पक्षको तोडकर राष्ट्रमें प्रचंड आन्दोलन करके अपना स्वराज्य प्राप्त किया। जिस पक्षने स्वराज्य प्राप्त किया, वह 'देव पक्ष' और जिसका पराभव किया वह 'असुर पक्ष' था।

इस तरह राष्ट्रकी उन्नतिमें सुरासुर संग्राम चलता ही रहता है। नवीन तरुणोंका पक्ष देव पक्ष और पुराणा जीर्णमतवादी पक्ष असुरोंका समझा जाता है। पुराणोंमें भी देखा जाय तो कई राक्षस अच्छे थे, उनकी स्त्रियां पतिव्रता थी। वे सच्चरित्र भी थे। पहिले पहिले ऐसा ही होता है। पीछेसे गिरावट शुरु होती है।

पूर्वोक्त इतिहास देखनेसे असुर बडे भाई (ज्यायसा असुराः) थे, इसका भाव क्या है और देव छोटे भाई (कानीयसा देवाः) थे इसका आशय क्या है, इसका ठीक पता लग सकता है। यह पता लग जानेपर ही राक्षसोंका प्रथम 'रक्षण' करनेका कार्य था, परंतु वे ही पीछेसे लूटने और नाना प्रकारके कष्ट देने लगे, यह ऐसा क्यों हुआ इसका ठीक ठीक ज्ञान हो सकता है। इतना अर्थमें परिवर्तन होनेके लिये बडा काल लगा होगा इसमें संदेह नहीं है। काल छोटा भी होगा अथवा बडा भी लगेगा, यह सब राष्ट्रकी परिस्थितिपर अवलंबित है। भारतीय राष्ट्रसभामें नरम और गरम दल २५।३० वर्षोंमें ही बन चुके थे। अर्थात् दो पक्ष बनना राष्ट्रकी जनताकी चित्तवृत्तिपर निर्भर रहता है।

अस्तु। यहां इस लेखमें यह बताया है कि, जो प्रारंभमें अच्छे होते हैं, वे ही कुछ कालके पश्चात् निंदनीय होते हैं। यह बात राजकीय क्षेत्रमें तथा धार्मिक क्षेत्रमें भी सत्य दीखता है।

## लेनेयोग्य बोध

असुरों और राक्षसोंमें जन्मस्वभावसे क्रूर कर्म करनेवाले भी होते हैं। जो जन्मसे ही दुष्ट कर्मोंको करते रहते हैं। इनसे कभी अच्छे कर्म होते ही नहीं। ये स्वभावतः राक्षस होते हैं। इनकी गणना स्वतंत्र करनी योग्य है। ऐसे लोग स्वाभाविक दुष्ट मनःप्रवृत्तिके होते हैं। इनका वर्णन इस लेखमें करनेकी आवश्यकता नहीं है, क्योंकि

इनमें सुधार होना असंभव है और ये परिस्थितिके कारण बिगड नहीं होते, स्वभाव ही इनका दुष्ट है। हमने इस लेखमें उन राक्षसोंका विचार किया है कि जो परिस्थितिसे बिगड गये हैं, जो पहिले अच्छे थे और पीछेसे बिगड गये। इनका विचार करनेसे जो आज राष्ट्रके शासनाधिकार पर हैं उनको बोध मिलता है, वे सावध रहें और दक्षतासे अपने आपको गिरनेसे बचावें। केवल राजकीय पुरुषोंके लिये ही नहीं परंतु धार्मिक और सामाजिक क्षेत्रके अन्दर कार्य करनेवाले पुरुषोंको भी इस लेखसे बोध मिल सकता है। ये लोग बोध लें और अपना बचाव गिरावटके मार्गमें न जाकर करें, यह इस लेखका मुख्य उद्देश्य है। जो स्वभावसे क्रूर हैं, राक्षस हैं उनमें सुधार नहीं होगा और ऐसे दुष्ट आततायिओंको इस लेखसे कोई बोध मिलनेकी संभावना ही नहीं है। जो अच्छे हैं, वे ही अपनी गिरावट न हो इस हेतुसे दक्ष रह सकते हैं।

## सूक्ष्म रोगजन्तुरूपी राक्षस

सूक्ष्म रोगजन्तु भी राक्षस संज्ञक होते हैं और वेदमें तथा संस्कृतभाषामें राक्षसवाचक बहुतसे नाम इन रोगजन्तुओंके भी वाचक होते हैं। इसका विचार यहां अब हम करते हैं— नीचे राक्षसवाचक नाम और उनका रोगजन्तुवाचक अर्थ हम प्रथम देते हैं।

१ रात्रिचर, रात्रीचर, निशाचर, क्षपाचर– रोगजन्तु रात्रीके समय, अन्धेरेमें, जिस स्थानमें सूर्यप्रकाश नहीं पहुंचता वहां होते हैं और वहीं विशेष रूपसे बढते हैं। सूर्यप्रकाश नहीं होता उस स्थानमें ये होते हैं। उसी स्थानमें रहकर ये मानवोंपर आक्रमण करते हैं। इसलिये इन रोगजन्तुओंके ये नाम सार्थ होते हैं।

सूर्यको 'शोचिष्केश' वेदमें कहा है, शुद्धता करनेवाले सूर्यकिरण होते हैं। इसलिये यह नाम सूर्यके लिये दिया है। सूर्यकिरण जहां पहुंचते हैं वहां शुद्धता होती है और इस कारण वहां रोगकृमि नहीं रहते। अर्थात् अशुद्ध स्थानमें ये रहते हैं।

उत पुरस्तात् सूर्य एति
विश्वदृष्टो अदृष्टहा।
दृष्टांश्च घ्नन् अदृष्टांश्च
सर्वांश्च प्रमृणन् क्रिमीन्॥ अथर्व० ५।२३।६

उद्यन्नादित्यः क्रिमीन् हन्तु
निम्रोचन्हन्तु रश्मिभिः।
ये अन्तः क्रिमयो गवि॥ १॥ अथर्व० २।३२।१

ये क्रिमयः पर्वतेषु वनेषु
ओषधीषु पशुष्वप्स्व(न्तः।
ये अस्माकं तन्वमाविविशुः
सर्वं तद्धन्मि जनिम क्रिमीणाम्॥ अथर्व० २।३१।५

'पूर्व दिशासे सूर्यका उदय होता है। दीखनेवाले और न दीखनेवाले सब क्रिमियोंका वह सूर्य अपने किरणोंसे नाश करता है। उगनेवाला सूर्य क्रमियोंका नाश करता है और अस्त होनेके समय भी वह क्रिमियोंका नाश करता है। जो पृथ्वी सूक्ष्म क्रिमी होते हैं उनका नाश सूर्यकिरणोंसे होता है। पर्वतों, वनों, ओषधियों तथा पशुओंमें जो क्रिमी होते हैं, जो हमारे शरीरोंमें घुसे होते हैं, उन सब क्रिमियोंके उद्गमका ही हम नाश करते हैं।'

इस तरह वेदमें रोगक्रिमियोंके विषयमें विवेचन है। अर्थात् ये रोगकृमि अन्धेरेमें होते, बढते और फैलते हैं और सूर्यप्रकाशसे विनष्ट होते हैं।

आजका विज्ञान भी रोगक्रिमियोंके विषयमें ऐसा ही कहता है।

२ असुराः– 'सुर' नाम सूर्यका है। जहां सूर्य नहीं होता अर्थात् जहां सूर्यप्रकाश नहीं पहुंचता वहां ये होते हैं। इसलिये इन रोगकृमियोंका यह नाम हुआ है। 'सुर-द्विषः' – सूर्यका द्वेष करनेवाले। यह नाम भी उक्त कारण ही रोगकृमियोंको दिया गया है।

३ यातु– यातना देनेवाले। रोगकृमियोंका शरीरमें प्रवेश होनेसे शरीरमें कष्ट, यातना या दुःख अथवा दर्द होता है। शरीरके अंगों और अवयवोंमें जो कष्ट होते हैं वे इन रोगकृमियोंके शरीरमें होनेके कारण ही होते हैं। जिस समय शरीरमें पीडा होने लगती हैं, उस समय समझना चाहिये कि, शरीरमें किसी न किसी तरहके रोगजन्तु घुसे हैं। उनको दूर करनेसे शरीर स्वस्थ होता है और शारीरिक क्लेश दूर होते हैं। 'यातु-धानः' – यातना देनेवाला। शरीरमें पीडा उत्पन्न करनेवाला यह रोगकृमि होता है।

४ क्रव्याद्, क्रव्यादः, असृपः, अश्रपः– मांस खानेवाला, रक्त पीनेवाला यह इनका अर्थ है। ये रोगकृमि शरीरमें घुसते हैं, वहां रक्तमांसमें निवास करते हैं और उस रक्तमांसको खाते हैं। ( असृ-पः, अश्र-पः ) इन पदोंका अर्थ रुधिर पीनेवाला है। ये रक्तमें रहकर रक्तबिन्दुओंको खाते हैं। ( क्रवी-अदः ) कच्चा मांस भी ये खाते हैं। रक्त खाने या पीनेके पश्चात् वहांका मांस भी खाते हैं। इसलिये जिसके शरीरमें रोगकृमि होते हैं वह कृश, दुर्बल और निःशक्त होता है।

५ आशरः– ( शॄ हिंसायां ) हिंसक, क्षीणता निर्माण करनेवाला, कर्बुरः– ( कर्ब हिंसायां ) विनाश करनेवाला, हिंसा करनेवाला, यह रोगकृमि होता है।

६ नैर्ऋतः— ( निः ऋतिः ) शुभ अवस्थाको दूर करनेवाला, अशुभ अवस्था लानेवाला यह रोगकृमि होता है।

७ रक्षस्, राक्षसः– ( रक्षन्ति यस्मात् ) जिससे अपना बचाव करना चाहिये। रोगकृमियोंसे अपना बचाव करना चाहिये। इन कृमियोंमें भी कई कृमि ऐसे होते हैं कि जो शरीरके सहायक भी होते हैं और दूसरे शरीरके नाशक भी होते हैं। 'राक्षस' के दो अर्थ इससे पूर्व बताये हैं, एक अर्थ 'रक्षक' अर्थवाला है और दूसरा 'घातक' अर्थवाला है। ये दोनों अर्थ यहां लगते हैं। कृमि रक्षक भी हैं और घातक भी हैं।

इस तरह रोग जन्तुओंके अर्थमें ये राक्षस वाचक पद लगते हैं। दोनों स्थानोंमें ये पद सार्थ होते हैं। मानवोंमें रक्षकोंके जैसे राक्षस होते हैं, उसी तरह सूक्ष्म कृमियोंमें भी होते हैं और जैसे मानवी राक्षसोंमें कई राक्षस स्वभावसे ही दुष्ट होते हैं। इसी तरह यहां भी कई कृमि स्वभावसे ही दुष्ट होते हैं और उनसे कभी किसीका कल्याण होता ही नहीं है। दोनों स्थानोंमें यह साम्य है इसीलिये मानवी राक्षसोंके वाचक शब्द रोगकृमियोंके भी वाचक होते हैं।

मानवी राक्षसोंके वर्णनमें उन कृमियोंके दांत, नाखून आदि विकराल होनेका वर्णन है। वास्तवमें वैसे मानवी राक्षस नहीं होते, परंतु ये रोगकृमि वैसे होते हैं। वस्तुतः ये रोगकृमि आंखसे दीखते भी नहीं, अति सूक्ष्म होते हैं। परंतु इनके चित्र मानवों जैसे बडे किये जांय, तो इनके दांत, आंख, हाथ, नाखून आदि बडे विशाल भयानक अकाल, विकराल दिखाई देते हैं। इतना ही नहीं परंतु इनके अनेक आंख, अनेक तीक्ष्ण हाथ, अनेक विकराल दाढें तथा अनेक मुख भी विलक्षण तथा भयानक होते हैं। कदाचित् राक्षसोंके वर्णन इन कृमियोंके ही वर्णन होंगे, ऐसा प्रतीत होने लगता है। वेदमें भी ऐसे कृमियोंके वर्णन हैं—

विश्वरूपं चतुरक्षं कृमिं सारंगं अर्जुनम्।
अथर्व० २।३२।२

त्रिशीर्षाणं त्रिककुदं कृमिं सारंगमर्जुनम्।
अथर्व० ५।२३।९

'अनेक रूपोंवाले, चार आंखवाले, अनेक रंगोंवाले, श्वेत रंगवाले, तीन सिरवाले, तीन ककुदवाले ऐसे अनेक प्रकारके कृमि होते हैं।' ऐसे वर्णन वेदमंत्रोंमें हैं। ये वर्णन देखनेसे ऐसा प्रतीत होता है कि इन सूक्ष्म कृमियोंके विशाल आकारोंकी कल्पना करनेसे ही राक्षसोंके वर्णन जैसे वर्णन होना संभव है।

आज सूक्ष्म आकारका विशाल आकार करनेके साधन हमारे पास हैं। सूक्ष्म कृमि सहस्रों प्रकारके हैं, ये सहस्र गुणित आकारवाले करनेसे कैसे दीखते हैं, यह आज हम देख सकते हैं। कोई संशोधक इन आकारोंको बडा करके देखे और राक्षसोंके शरीरोंके वर्णनोंके साथ इनके शरीरकी तुलना करके देखे। यह एक बडा खोजका विषय हो सकता है।

कई राक्षस त्रिशीर्ष है। जिसका नाम ऊपरके मंत्रमें दिया है। कई राक्षस दशशीर्ष तथा दशास्य भी हैं। कई विरूप हैं, कई सुंदर रंगवाले भी हैं। यह सब इन सूक्ष्म कृमियोंमें हम देख सकते हैं।

अस्तु। इस तरह सूक्ष्म राक्षसोंका विचार वेदमंत्रोंमें है। बडे मानव राक्षसोंका विचार इस लेखमें प्रारंभमें किया है। आशा है कि विचार करनेवालोंके लिये इस लेखमें अधिक खोज करनेके लिये आवश्यक साधन प्राप्त होंगे।

मानवी राक्षस जैसे प्रथम उत्तम होनेपर भी पीछेसे बिगडते हैं, वैसे ही सूक्ष्म जन्तुओंमें भी कई जन्तु हैं। जैसे कई मानवी राक्षस सर्वथा उपद्रवकारी होते हैं, वैसे ही ये सूक्ष्म जन्तुओंमें भी कई जातीके जन्तु वैसे ही सदा उपद्रव-

कारी होते हैं। इस तरह इनके विषयमें विचार करके जानना चाहिये।

## राक्षसोंका नाशक वैद्य

इस समयतक बडे देहधारी मानव राक्षसोंका वर्णन किया गया है। अब सूक्ष्म भी राक्षस हैं। सूक्ष्म राक्षस इतने सूक्ष्म होते हैं कि, जो आंखसे दीखते भी नहीं और जिनको वैद्य अपने औषधी प्रयोगसे मारते हैं। इस विषयमें निम्नलिखित मंत्र देखिये—

यत्र ओषधीः समग्मत राजानः समिताविव।
विप्रः स उच्यते भिषग् रक्षोहाऽमीवचातनः॥

ऋ. १०।९७।६

' जिसके पास औषधियां संग्रहित होती हैं, जैसे राजा लोग, अथवा योद्धा लोग युद्धभूमिमें इकट्ठे होते हैं, उस विप्रको ' भिषक् ' अर्थात् वैद्य कहते हैं। यह वैद्य ( रक्षो-हा ) राक्षसोंका वध करनेवाला है और इस कारण वह ( अमीव-चातनः ) रोगोंको दूर करनेवाला होता है। '

योद्धावीर युद्धभूमिमें संमिलित होते हैं और शत्रुका वध करते हैं। इसी तरह औषधियां वैद्यके औषधालयमें इकट्ठी होती हैं, जो राक्षसोंका नाश करती हैं और इस कारण रोगोंको दूर करनेवाली होती हैं।

## अपचित आमसे रोग

यहां ' अमीव ' पद रोगोंका वाचक है। पेटमें जो अन्न ठीक तरह पचन नहीं होता उसको ' आम ' कहते हैं। अपचित अन्नको ' आम ' कहते हैं। ' आम-वान् ' का ही दूसरा नाम ' अमी-व ' है। आमके साथ जो रहता है। आमके कारण जो बढता है। वही रोग है। इस रोगको दूर करनेवाला वैद्य ' अमीव-चातन ' कहलाता है। आमजन्य रोगोंको दूर करना वैद्यका कार्य है। साथ साथ यह वैद्य ( रक्षो-हा ) राक्षसोंका नाश करनेवाला भी है। ये राक्षस पेटमें तथा अन्यान्य अवयवोंमें रहते हैं और वहां रोगोंको बढाते हैं। इसीलिये वैद्यको आवश्यक होता है कि वह अपने औषधिप्रयोगसे आमका नाश करे और आमके आश्रयसे रहनेवाले इन राक्षसोंका भी नाश करे। इन शरीरस्थ राक्षसोंका नाश करनेसे रोग नष्ट हो जाते हैं और मनुष्य नीरोग होते हैं।

' रक्षः ' का अर्थ रक्षा करनेवाला, रक्षण करनेवाला है। किसी अवस्थातक वे आमको खाते हैं इससे आमजन्य रोगोंसे मनुष्यकी रक्षा भी होती है। पर पश्चात् जब ये ही बढ जाते हैं तब ये ही जो प्रथम रक्षक थे, वे ही विनाशक सिद्ध होते हैं। इनके सूक्ष्म होनेके संबंधमें शतपथमें एक वर्णन आया है वह यहां देखने योग्य है—

## कृष्णाजिनमें राक्षस

अथ कृष्णाजिनमादत्ते। शर्मासीति। चर्म वा एतत् कृष्णस्य, तन्मानुषं शर्म देवत्रा, तस्मादाह शर्मासीति। तदवधुनोति। अवधूतं रक्षः। अवधूता अरातयः इति। तन्नाष्ट्रा एव एतद्रक्षांसि अतो अपहन्ति अतिनत्येव पात्राण्यवधुनोति यद्यस्यां अमेध्यं अभूत् तद्धास्यै तदवधुनोति। शतपथ १।४।४

' अब कृष्णजिनको उठाता है और कहता है कि तू कल्याणकारी है। यह कृष्णाजिन चर्म है, यह मनुष्यका कल्याण करनेवाला है। इसलिये वह कहता है कि, तू कल्याणकारी है। उस चर्मको झिडकता है। इससे इसमें रहे राक्षस दूर गिर जाते हैं। राक्षस गिर गये, शत्रु गिर गये। ऐसा वह कहता है। चर्म झिडकनेसे ये राक्षस गिर जाते हैं। ये विनाशक राक्षस गिर जाते हैं। पात्र इस तरह झिडकनेसे जो इनमें अपवित्रता रहती है वह दूर होती है।

यहां कृष्णाजिनमें राक्षस रहते हैं, कृष्णाजिन झिडकनेसे ये राक्षस गिर जाते हैं और वह चर्म निर्दोष होता है। जो राक्षस चर्मपर, कृष्णाजिनपर रहते हैं और जो चर्म झिडकनेसे गिर जाते हैं, वे राक्षस कितने सूक्ष्म होते होंगे, यह सहज ध्यानमें आ सकता है। ये सूक्ष्म राक्षस हैं, जो रोग उत्पन्न करते हैं। कृष्णाजिन झिडकनेसे—

अवधूतं रक्षः। अवधूता अरातयः।

' राक्षस गिर गये, शत्रु गिर गये।' ये सूक्ष्म ही होंगे जो चर्म झिडकनेसे मरते हैं, या गिर पडते हैं। ये राक्षस नाश करनेके लिये वनस्पतिका उपयोग किया जाता है देखिये—

वनस्पतिः सह देवैर्न आगन्।
रक्षः पिशाचानपबाधमानः। अथर्व० १२।३।१५

' दिव्य गुणधर्मवाली वनस्पति हमारे पास आती है जो राक्षसों, पिशाचोंको नष्ट करती है। ' राक्षसों, असुरों और पिशाचोंको नाश करनेवाली वनस्पति है। इसी तरह और देखिये—

वैवस्वतेन प्रहितान् यमदूतांश्चरतो अपसे-
धामि सर्वान् ॥ ११ ॥ आरादरातिं निर्ऋतिं
परो ग्राहिं क्रव्यादः पिशाचान् । रक्षो यत्सर्वं
दुर्भूतं तत्तम इवाप हन्मि ॥ १२ ॥ अथर्व० ८।२

'वैवस्वत यमने भेजे हुए सब यमदूतोंको जो इस प्रदेशमें भ्रमण कर रहे हैं उन सबको मैं दूर करता हूं। अराति, निर्ऋति, ग्राही, क्रव्याद, पिशाच और सब राक्षसोंको जो रोग निर्माण करते हैं, उन सबको मैं दीप अन्धकारको दूर करता है उस तरह दूर करता हूं।'

यहांके ये पद विशेष रीतिसे देखने योग्य हैं—

१ ग्राही— जो रोग पकडकर रखता है, छोडता नहीं,

२ क्रव्यादः— मांस खाता है, जिस रोगमें मांस क्षीण होता रहता है।

३ पिशाचः— (पिशित-अचः) रक्त खानेवाला। जो रोग रक्तका नाश करता है।

४ दुर्भूतं— विपरीत बनाना, शरीरको क्षीण करना,

५ अराति— (अ-राति)- दान न देनेवाला, भोजन खाया तो उस भोजनसे पुष्टि होने नहीं देता ऐसा रोग,

६ निर्ऋति— विनाशकी ओर जो ले जाता है।

ये नाम इन मंत्रोंमें हैं। ये सब रोगके कृमि हैं। इनका नाम यहां 'राक्षस अथवा असुर' कहा है।

७ असुर— (असु-रः)- जो प्राणका नाश करता है।

ये सब नाम इन रोगकृमिरूपी राक्षसोंके हैं। इन राक्षसोंका नाश वैद्य अपने औषधियोंसे करता है। राक्षस, पिशाच, असुर आदिकोंका नाश औषधियोंके प्रयोगसे वैद्य करता है।

इससे स्पष्ट हो जाता है कि ये रोगकृमि ही ये राक्षस हैं, जो शरीरमें जाकर आमका आश्रय करके वहां रहते और अनेक अवयवोंमें जाकर वहां नाना प्रकारके रोग तथा क्षीणता उत्पन्न करते हैं और मानवोंको सताते हैं। ये 'राक्षस' अर्थात् सूक्ष्म कृमि हैं। ये मानवी देहमें जाते हैं और अनेक प्रकारके कष्ट उत्पन्न करते हैं।

## राक्षसहन्ता अग्नि

अग्नि भी इन राक्षसोंका नाश करनेवाला है। इस विषयमें यह मंत्र देखिये—

उप प्रागाद्देवोऽग्नी रक्षोहाऽमीवचातनः।
दहन्नप द्वयाविनो यातुधानान् किमीदिनः ॥
अथर्व० १।२८।१

'यह अग्नि (रक्षो-हा) राक्षसोंका नाश करनेवाला और (अमीव-चातनः) रोगोंको भी दूर करनेवाला है। (यातुधानान्) यातना बढानेवाले, तथा (किमीदिनः) बुभुक्षित तथा रक्तमांसादिको खानेवाले जो रोगकृमि हैं उनका नाश यह अग्नि करता है।'

ये रोगकृमि राक्षस कहलाते हैं, यातुधान कहलाते हैं, क्योंकि ये शरीरमें बडी यातनाएं बढाते हैं और (किमीदिनः) आज यह खाया, कल और क्या खाऊं ऐसा कहनेवाले ये रोगकृमि होते हैं। ये सब रोग कृमियोंके नाम हैं। अग्नि इन कृमियोंका नाश करता है।

जिस समय किसी ग्राममें रोगका प्रादुर्भाव होता है, उस समय ग्रामके मुहल्लेमें आग जलाते हैं, होलियाँ बनाते हैं। इस तरह अग्नि जलानेसे उसकी आजुबाजूकी हवामें जो ये रोगकृमि होते हैं वे सब इस आगसे जल जाते हैं और इस तरह अग्नि जलानेसे इन रोगकृमियोंका नाश होता है। इसीलिये 'अग्नि' के नाम 'रक्षो-हा' 'असुर क्षयणः' ऐसे वेदमें दिये हैं। यज्ञसे राक्षस नाश होते हैं इसका भी अर्थ यही है।

## राक्षसनाशक शंख

शंख भी राक्षसोंका नाश करता है, इस विषयमें वेदमंत्र देखिये—

यो अग्रतो रोचमानां समुद्रादधि जज्ञिषे।
शंखेन हत्वा रक्षांसि अत्रिणो विषहामहे ॥
अथर्व. ४।१०।६

'जो प्रथम समुद्रसे उत्पन्न होता है, जो तेजस्वी है उस शंखसे राक्षस और अत्रियोंको हम विनष्ट करते हैं।' यहां 'रक्षांसि' पद पूर्वोक्त राक्षसोंका वाचक हैं तथा 'अत्रि' भी उन रोगकृमियोंका वाचक है। 'अत्ति इति अत्रिः' जो रस रक्तमांस आदि शरीरस्थ सप्त धातुओंको खाता है, वह अत्रि है। रोगके कृमि शरीरमें घुसकर शरीरस्थ सप्त धातुओंको खाते हैं इसलिये इनका नाम अत्रि है। ये भी रोग कृमि ही हैं। शंख इनका नाश करता है। शंख भस्म अथवा शंखसे बनी कोई दूसरी औषधि इन रोगकृमियोंका नाश करती हैं। इस तरह शंख राक्षसोंका विनाशक सिद्ध होता है। अब एक मंत्र देखिये—

## गन्धसे राक्षसोंका नाश

अजशृंगी अज रक्षः सर्वान् गन्धेन नाशय।
अथर्व० ४।३७।२

' अजशृंगी औषधी अपने गन्धसे— अपने वाससे सब प्रकारके राक्षसोंको– सब प्रकारके रोगकृमियोंको विनष्ट करती है। ' इस मंत्रसे यह सिद्ध होता है कि वनस्पतियोंका गन्ध ही इन सूक्ष्म राक्षसोंका विनाश करनेवाला है।

ये रोगकृमि इतने अत्यंत सूक्ष्म होते हैं। सूर्यकिरणसे भी इनका नाश होता है। सूर्य प्रकाशसे ये नष्ट होते हैं और अन्धेरेमें ये बढते हैं। इस विषयमें कुछ मंत्र यहां देखने योग्य हैं—

## सूर्यप्रकाशसे कृमिनाश

विश्वरूपं चतुरक्षं क्रिमिं सारंगं अर्जुनम् ।
शृणाम्यस्य पृष्टीरपि वृश्चामि यच्छिरः ॥ २ ॥
प्र ते शृणामि शृंगे याभ्यां वितुदायसि ।
भिनद्मि ते कुसुमं यस्ते विषधानः ॥ ३ ॥
अथर्व० २।६।१–३

ये कृमीअनेक रंगों और अनेक रूपोंवाले होते हैं। कई श्वेत हैं, कई लाल है, कईयोंके चार नेत्र हैं। इन सबका नाश मैं करता हूं। कईयोंको दो सींग होते हैं, इनसे ये प्राणियोंको काटते हैं। इनमें विषकी थैली होती है, जिससे विष काटनेसे होनेवाली जखमके स्थानमें जाता है और वहां बाधा उत्पन्न करता है।

यहां सूर्य किरणोंसे इन क्रिमियोंका नाश होता है ऐसा स्पष्ट कहा है। ये ही कृमी मनुष्यको नाना प्रकारकी बाधाएं करते हैं। इसलिये इनका नाश हो, ऐसे शब्द इन मंत्रोंमें हैं।

वेदमें ' रुद्र ' यह नाम भी रोगकृमियोंके लिये आया है। ( रोदयन्ति इति रुद्राः ) जो रुलाते हैं वे रुद्र हैं। जो रोगकृमि मनुष्यको रोग उत्पन्न करते हैं और रोगोंसे ग्रस्त होनेके कारण रुलाते हैं, वे रुद्र हैं। इनका प्रभाव देखिये—

ये अन्नेषु विविध्यन्ति पात्रेषु पिबतो जनान् ।
वा० य० १६।६२

' जो अन्नोंमें तथा पीनेके पानीमेंसे पेटमें जाकर अनेक प्रकारके व्याधी उत्पन्न करते हैं। ' ये रोग उत्पन्न करनेवाले सूक्ष्म कृमि ही हैं।

## शरीरमें कृमि

शरीरमें भी कृमि होते हैं इस विषयमें अगला मंत्र देखिये—

अन्वान्त्र्यं शीर्षण्यं अथो पार्ष्टेयं क्रिमीन् ।
अवस्कवं व्यध्वरं क्रिमीन् वचसा जंभयामसि ॥
अथर्व० २।३१।४

' आंतोंमें, मस्तकमें, पसलियोंमें, घूमनेवाले तथा अध्वरका अर्थात् यज्ञका विरोध करनेवाले, अथवा यज्ञसे विनष्ट होनेवाले जो क्रिमी हैं, उनको मैं वचासे नष्ट करता हूँ। '

यहां वचासे ये कृमि नष्ट होते हैं ऐसा लिखा है। ' वचा ' एक उग्रगंधी वनस्पति है। इसके गंधसे रोगके कृमि नष्ट होते हैं।

कई विद्वान् यहांके ' वचः ' पदसे मंत्रशक्तिद्वारा कृमियोंका नाश होता है ऐसा समझते हैं। वैसा अर्थ ' वचसा जंभयामसि ' इन पदोंसे प्रकट होता है। इसमें संदेह नहीं। ऐसे अर्थोंके विषयमें विद्वानोंको खोज करनी चाहिये।

यहां हमने यह बताया कि ' रक्षः , राक्षस, असुर ' आदि पदोंके अर्थ जिस तरह मानवोंके लिये प्रयुक्त होते हैं, उसी तरह इन पदोंके अर्थ सूक्ष्म रोगकृमियोंके रूपमें भी होते हैं।

इसमें आश्चर्यकी बात यह है कि ' रात्रींचर, निशाचर, ' आदि राक्षस वाचकपद मानवी अर्थमें तथा सूक्ष्म कृमियोंके अर्थमें भी प्रयुक्त होते हैं। रक्षक अर्थमें भी दोनों पद प्रयुक्त होते हैं और विनाशक अर्थमें भी प्रयुक्त होते हैं।

रक्तभक्षक, मांसभक्षक, शरीर शोषक आदि अर्थोंमें दोनों पद प्रयुक्त होते हैं। पाठक इनका विचार करके राक्षसोंके इस क्षेत्रको जाने और वेदमें रोगकृमियोंकी विद्या इस तरह बतायी है यह समझें।

## बोध लेना योग्य है

विशेषतः मानव राक्षसोंके पतनका विचार हमें अधिक करना आवश्यक है, क्योंकि उससे हमें यहांका व्यवहार अधिक दक्षतासे करनेका बोध मिल सकता है और अपने पतनको हम इस ज्ञानसे रोक सकते हैं। आशा है कि पाठक इस मननसे अपने जीवनमें लाभ उठावेंगे।

## राक्षसोंके चरित्र तथा उनकी स्त्रियोंकी धर्मनिष्ठा

यहांतक ' राक्षस ' प्रथम समयमें ' रक्षक ' ( पहरेगीर ) थे, जनताकी सुरक्षा करते थे, इसलिये उनका गौरव होता था। पीछेसे वे बिगड गये, इसलिये उनके नामोंका अर्थ भी बदल गया और उनका निरादर, द्वेष तथा वैर

होने लगा, ऐसा आशय राक्षसोंके नामोंकी विचिकित्सा करके बताया है। इस विषयमें हमें यहां कई प्रमाण इतिहासके बताने हैं।

प्रातःस्मरणीय नामोंमें राक्षस स्त्रीका नाम भी है।

## मन्दोदरी

" अहल्या, द्रौपदी, सीता,
तारा, मंदोदरी तथा।
पञ्च कन्याः स्मरेन्नित्यम्
महापातकनाशनम्। (प्रातः स्मरणस्तोत्र)

" अहल्या, द्रौपदी, सीता, तारा, मन्दोदरी, ये पांच स्त्रियोंके नाम प्रतिदिन लेने योग्य हैं।" इसमें ' मन्दोदरी ' इस रावणकी धर्मपत्नीका नाम है। प्रातःस्मरणीय स्त्रियोंमें दुष्टसे दुष्ट रावणकी पत्नीका नाम लिया है। अर्थात् यह श्रेष्ठ पतिव्रता थी। श्रेष्ठ पतिव्रता राक्षसकी स्त्री हुई तो भी वह वंदनीय ही है और वह प्रातःस्मरणीय ही है।

रावणका नाम कोई प्रातः समयमें नहीं लेगा, पर रावणकी पत्नी ' मन्दोदरी ' का नाम अवश्य लेगा। इतना आदर रावणकी पत्नीके विषयमें आर्योंमें था।'

शुभगुण जहां भी हों वहां उनका आदर होना चाहिये, यहां हम देखते हैं कि राक्षसस्त्रियोंमें पतिव्रता धर्म पालन करनेका शुभगुण अच्छी प्रकार था। कई और राक्षसकी धर्मपत्नीयोंमें भी यह सती धर्म प्रकट रूपमें था।

## वृन्दा

मन्दोदरीके समान ' वृन्दा ' नामक राक्षसी भी अत्यंत पतिव्रता थी। वृन्दाका पिता ' कालनेमी ' राक्षस था और ' स्वर्णा ' उस वृन्दाकी माता थी। इनसे वृन्दाका जन्म हुआ था। (पद्म पुराण उ० ४) यह वृन्दा ' जालंधर ' राक्षसकी पत्नी थी। जालंधर उपद्रवकारी होनेपर भी उसकी पत्नी उत्तम पतिव्रता थी। इतना ही नहीं पर उस समय राक्षसोंकी पत्नियां अपनी सतीत्वकी सुरक्षा भी अच्छी तरह करती थी इसलिये राक्षसोंका बल बढ रहा था। यह बात वृन्दाके जीवनमें स्पष्टरूपसे लिखी है।

यह वृन्दा अज्ञात अवस्थामें सतीत्व भंग होनेके कारण स्वयं जल मरी और इसके पुण्यस्मरणके लिये ' वृन्दावन ' पवित्र क्षेत्र और पुण्यस्थान बसा, वह मथुराके पास आज भी प्रसिद्ध है। अब इसके पतिका जीवनवृत्त सुनिये—

## जालंधर राक्षसका वृत्त

जालंधर शास्त्र जाननेवाला बडा चतुर विद्वान राक्षस था। यह भगवान् शंकरके समान ही प्रबल था, इसलिये दूसरे किसी वीरके द्वारा मारा जासके ऐसा नहीं था। (पद्म. उ. ९९-१०४)।

समुद्रमेंसे नया प्रदेश उत्पन्न हुआ, वह जालंधरनगर करके आज भी प्रसिद्ध है। इस स्थानपर पूर्व समयमें समुद्र था। इस प्रदेशपर जालंधर राक्षस राज्य करता था। मयासुरने इस जालंधरको एक नगरी बना दी, वह जालंधर नगरी है। इस जालंधरका विद्या अध्ययन श्री शुक्राचार्यके गुरुकुलमें हुआ। यह विद्वानोंमें बडा विद्वान और ज्ञानी था। यहांतक इसकी विद्या बढ गयी थी, कि ' संजीविनी विद्या ' भी इसको सिखायी गयी थी। मृतको पुनः संजीवन करनेकी विद्याका नाम ' संजीविनी विद्या ' है। यह विद्या शुक्राचार्यजीके पास थी और उनसे कई राक्षसोंको भी विदित हुई थी इनमें जालंधर राक्षस भी था।

इस विद्यावान् जालंधरका विवाह पूर्वोक्त वृन्दासे हुआ (पद्म० उ० ३।१८)। यह जालंधर शुक्राचार्यके अनुशासनमें रहकर राज्यका पालन उत्तम रीतिसे करने लगा। इसका राज्यशासन अच्छा था और वृन्दाके कारण इसके राज्यमें स्त्रियां भी अपने सतीत्वका संरक्षण अच्छी तरह करती थी, इसलिये सतीत्वसे उत्पन्न होनेवाला सामर्थ्य भी यहां अच्छा था।

एक वार इसने समुद्रमंथनका इतिहास सुना। उसमें इसने सुना कि देवोंने अमृत राक्षसोंको नहीं दिया और ऐसा करनेमें देवोंने कपटका आश्रय किया। यह सुनते ही उन्होंने देवोंका द्वेष करना प्रारंभ किया और देवोंसे युद्ध करना भी शुरु किया।

यहां जालंधरके पतन होनेका प्रारंभ हुआ। पाशवी बलसे दूसरोंका नाश करनेमें यह लगा। इन्द्र आदि देवोंका पराभव करके इसने इन्द्र पदपर अपनेको स्थापित किया। इस कारण देवोंको कष्ट होने लगे। इसलिये विष्णुने जालंधरके साथ युद्ध किया। पर विजय नहीं हुआ। परंतु विष्णुको जालंधरके राज्यमें जाकर रहना आवश्यक हुआ। यह एक प्रकारका विष्णुका पराभव ही था। इस तरह विष्णुदेव जालंधर नगरमें रहने लगा। आगे आलंधरने सब भूमंडलपर राज्य करना शुरु किया। इसके राज्यमें अधर्म नहीं

होता था। धर्मके राज्यशासनके लिये जालंधरकी प्रसिद्धि थी।

आगे चलकर जालंधर धर्मसे और नीतिसे भी भ्रष्ट होने लगा। परस्त्रीपर दृष्टि जाने लगी। राज्याधिकार हाथमें रहनेके कारण धर्मभ्रष्ट होनेकी संभावना बढने लगी। ( शिव. २३ )

इधर इसके राज्यमें भी धर्म आचरणमेंसे छूटने लगा। अधर्ममें स्त्रीपुरुषोंकी प्रवृत्ति होने लगी। इस कारण धर्मका बल क्षीण हुआ। जालंधरकी स्त्री वृंदा उत्तम पतिव्रता थी। पर वह भी अज्ञानवश धर्मभ्रष्ट हुई। यह प्रमाद होनेका ज्ञान वृन्दाको जब हुआ तब वृंदाने जलकर मृत्यु प्राप्त किया। यह स्थान आजका वृंदावन करके प्रसिद्ध है। इधर जालंधर भी शिवजीके साथ युद्ध करनेके समय शिवजीके अस्त्रसे मारा गया। इसका कारण इतना ही था कि राष्ट्रके स्त्रियों और पुरुषोंमेंसे धर्म चला गया था। ( स्कंद २।४।१४-२२ )

राक्षस प्रथम अच्छे सत्कर्मी थे पश्चात् भ्रष्ट हुए यही भाव इस कथामें है।

ऐसी कई राक्षस और राक्षस स्त्रियोंकी कथाएं हैं ! जो बताती हैं कि प्रथम राक्षस अच्छा कार्य करते थे, अच्छा तप करते थे, अच्छा राज्यशासन भी करते थे। परंतु पीछेसे शक्ती प्राप्त होनेपर भ्रष्ट हुए। कई राक्षस पहिलेसे ही बुरे थे परंतु कई अच्छे भी थे।

## बलि, प्रल्हाद

बलि और प्रल्हाद ये राक्षस तो उत्तम राज्यशासन करनेके लिये प्रसिद्ध हैं। इनके अच्छे होनेके विषयमें किसीको कोई संदेह ही नहीं है।

इनके राज्यमें प्रजाजनोंको सुख और आनन्द प्राप्त होता था। सब प्रजा सुखी थी। बलि और प्रल्हादने तो वैदिक धर्मकी दीक्षा लेकर वैदिक पद्धतिसे यज्ञयाग भी चलाये थे। सब प्रजा इनके राज्यमें सुखी होनेके कारण इनके विरोधमें प्रजाका क्षोभ उत्पन्न करना भी कठिन था।

राजकीय दृष्टिसे बलिके राज्यशासनमें कुछ दोष भी हो रहे थे। इसलिये वामनने बलिको कैद भी किया और उसके स्थानपर देवोंका राज्य स्थापन किया। वैसा कोई कारण प्रल्हादके राज्यमें नहीं हुआ था। प्रल्हादका तथा बलिका राज्यशासन केवल प्रजा सुखी होनेकी दृष्टिसे देखा जाय तो ये दोनों अच्छे राज्य थे।

इस तरह एक समयमें राक्षस या असुर अच्छे थे यह बात सिद्ध होती है। पीछे बल प्राप्त होनेके कारण वे उन्मत्त होगये और पतित हुए।

वास्तवमें यह सब विवरण राजकीय दृष्टिसे ही देखने योग्य है। कोई एक पक्ष राज्यशासन करने लगता है, और दूसरे पक्ष उसके विरोधमें कार्य करने लगते हैं। अधिकारारूढ पक्ष दोष भी जान बुझकर, अज्ञानसे अथवा दूसरे पक्षोंको दबानेके लिये करते हैं। इसलिये राज्य-शासन करनेवाला पक्ष प्रजाकी संमतिमें गिरने लगता है और दूसरे पक्ष उठने लगते हैं।

युरोप, अमेरिका, रूस आदि देशोंके इतिहासमें यह बात स्पष्ट दीखती है। जब एक पक्ष प्रजाकी संमतिमें गिरता है, तब उस पक्षका नाम भी हीनार्थक हो जाता है। ' कान्सर्वेटिव और लिबरल ' आदि नाम इसी परिस्थितिके वाचक हैं।

हमारे देशमें भी कांग्रेसमें नरम और गरम ऐसे दो दल हुए थे। प्रारंभके कांग्रेसी 'नरम' कहे जाते थे और पश्चात् के लोग ' गरम ' कहे जाने लगे। इस कारण ' नरम ' नाम ही अर्थकी दृष्टिसे उपहास योग्य समझा जाने लगा था। ऐसा ही राक्षस प्रथम रक्षक हुए, वे रक्षाका कार्य प्रथम अच्छी रीतिसे करते थे। इसलिये संमान पाते थे। पश्चात् अधिकार हाथमें आनेके कारण वे गिर गये। उस कारण वे ही उनके नाम हीनार्थक हुए।

हरएक देशके इतिहासमें ऐसा ही होता है। केवल राक्षसों और देवोंके इतिहासमें ही ऐसा हुआ ऐसी बात नहीं है। परंतु सर्वदा पुराना पक्ष गिरता है और उस स्थानपर नया आ जाता है। पुराना असुरपक्ष निंदनीय होता है और नया पक्ष सुरपक्ष अथवा देवोंका पक्ष अथवा सत्पक्ष कहलाता है। सब देशोंके इतिहास इसी तरहके इतिहाससे भरे हैं। यही बात यहां ' पूर्वदेवाः राक्षसाः ' आदि पदोंसे बतायी है। सूक्ष्म रीतिसे यह सब देखनेयोग्य है। रक्षकोंके इस तरह राक्षस होते हैं।

ॐ

# अपना मन शिवसंकल्प करनेवाला हो

## शिव-संकल्प।

मनुष्यके मनका धर्म कल्पना करना है। जागृतिमें मनुष्यका मन तर्कवितर्क कुतर्कके बिना रह नहीं सकता। यदि मनुष्यका मन संकल्पविकल्पात्मक कल्पना करता ही रहेगा, तो फिर इसको ठीक प्रकारकी कल्पना करनेकी शिक्षा क्यों न दी जावे? सुशिक्षाके विना मन कुतर्क करेगा और गिरेगा। सुशिक्षासे मन उत्तम मार्गपर चलता हुआ उत्तम संकल्प करके अपनी अवस्था उच्च बना सकता है।

मनुष्यकी उन्नतिकी कोई अवधि नहीं है। मनुष्यका अभ्युदय मर्यादासे परिमित नहीं है। परंतु जब वह अपने ही कुतर्कोंसे परिमित होता है, तब मनुष्यके सामने उदासीनता उत्पन्न होती है। इसलिये ऋषिमुनियोंने सिद्धान्त बनाया है कि 'मन एव मनुष्याणां कारणं बंधमोक्षयोः' मनुष्योंका मन ही उनके स्वातंत्र्य और पारतंत्र्यका कारण है। उत्तम सुसंस्कारोंसे शुद्ध मन धारण करनेवाले मनुष्य स्वातंत्र्यसुख अर्थात् मुक्तिका आनंद प्राप्त करते हैं और जिनका मन गुलामीके कुत्सित विचारोंसे परिपूर्ण होता है, वे सदा परतंत्रताके विविध बंधनोंमें सडते और मरते हैं। मनकी शक्ति इस प्रकार विलक्षण है। मन ही 'कल्पतरु' है। कल्पनाओंका तरु अर्थात् वृक्ष मन ही है। जैसी कल्पना आप करेंगे वैसे ही आप बन जावेंगे। आपके मनकी इतनी विलक्षण शक्ति है, इसीलिये आपको सावधान रहना चाहिये। अन्यथा जैसी चाहे वैसी कल्पना मनमें आ जायगी और उसका परिणाम बडा भयानक हो जायगा। इसलिये वेदने कहा है—

### उत्तम सारथीका कर्तव्य

सुषारथिरश्वानिव यन्मनुष्यान्नेनीयतेऽभीशुभिर्वाजिन इव। हृत्प्रतिष्ठं यदजिरं जविष्ठं तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु॥ यजु. ३४।६

"जिस प्रकार उत्तम सारथी रथके घोडोंको लगामोंके द्वारा उत्तम मार्गपर ही ले जाता है, उस प्रकार जो मन मनुष्योंके इंद्रियोंको चलाता है, वह हृदयनिवासी, उत्साही और वेगवान् मेरा मन सदा उत्तम संकल्प करनेवाला हो।"

वेदका यह उत्तम उपदेश है। परंतु क्या इस प्रकार वैदिकधर्मी चल रहे हैं? जो मनुष्य इस उपदेशके अनुसार अपने मनकी शक्तिको जानेंगे और उस विलक्षण शक्तिको अपने स्वाधीन रखकर योग्य कर्ममें ही उस शक्तिका उपयोग करेंगे, वे लोग ही इस लोकमें अभ्युदय और परलोकका निश्रेयस निःसंदेह प्राप्त कर सकेंगे। वैदिक धर्मका यह प्रताप है, कि यह धर्म जहां रहेगा, वहां अभ्युदय और निश्रेयस सदा प्रकाशित होते रहेंगे। वैदिक धर्मके होनेका तात्पर्य आचरण होनेसे है; न कि केवल विचार और उच्चारणसे। केवल विचार, उच्चारण और लेखोंमें वैदिक धर्मको रखनेवाले कभी उन्नत नहीं हो सकते। यहां कटिबद्ध होकर सदा शुद्ध आचारका ही माहात्म्य है। उक्त वेदमंत्रका दिव्य उपदेश आचारप्रधान ही है। इसलिये पाठकोंसे प्रार्थना है, कि जो कुछ वे वेदमंत्रोंमें पढेंगे, शीघ्र ही आचरणमें लानेका यत्न करें। एक समय तोतेके समान कंठ करनेवाले वेदभक्त थे, अब अर्थका डंका बजानेवाले वेदभक्त हो गये हैं। आचरणकी दृष्टिसे दोनोंके पास शून्य ही है।


### मे मनः शिवसंकल्पमस्तु।

इस मंत्रका केवल पाठ करनेवाले और केवल अर्थ जाननेवाले दोनों तबतक उन्नत नहीं होंगे, जबतक वे अपना मन शुभसंकल्पमय नहीं करेंगे। एक कुली था जिसके सिरपर खांडकी बोरी थी, परन्तु उसको बोरीके अंदर क्या वस्तु है, इसका पता न था। उसके पीछेसे दूसरा कुली आया, उसको पता था कि अपने सिरपरकी बोरीमें मिश्री

है, परंतु वह बोरीका स्वामी न होनेके कारण उसको खा नहीं सकता था। मिश्रीका आस्वाद लेनेके दृष्टिसे दोनोंका अधिकार भार सहनेका ही है। इसी प्रकार वेदको केवल कंठ करनेवाले और केवल घमंडके साथ अर्थोंका शास्त्रार्थ करनेवाले दोनों नीचे ही रहेंगे; परंतु जो वेदके उच्च उपदेशके समान अपना आचरण बनावेगा, वही उच्च पदवी पा सकता है। इसलिये—

## वेद पढनेका कर्तव्य

"वेदका पढना पढाना, सुनना सुनाना तथा वेदके उपदेशके अनुसार स्वयं आचरण करना और वैसा ही उत्तम आचरण करनेके लिये दूसरोंको प्रेरणा करना उच्च श्रेणीके मनुष्योंका परमधर्म है।" इसलिये उक्त मंत्रका विचार मनमें सदा जागृत रखिए—




शरीररूपी इस उत्तम रथमें जीवात्मा बैठा है और उस रथको दश घोडे जोते हैं। मन इस रथमें सारथी है और आत्मा प्रवासी है। मालिक, स्वामी, धनी, इंद्र जीवात्मा ही है। जहां वास्तवमें उसको जाना है, उसी जानेवाले मार्गपरसे इस रथकी गति होनी चाहिए। यदि मनरूपी सारथी शराब पीकर उन्मत्त होगा, यदि दसों घोडे अपने योग्य मार्गको छोडकर जिधर चाहे उधर भटकने लगेंगे, तो इस शरीरकी और प्रवासी जीवात्माकी कैसी अवस्था होगी? आप ही सोच सकते हैं और पश्चात् आप अपनी अवस्था भी सोचिए। क्या आप अपने मन, इंद्रिय और शरीरके सच्चे स्वामी बने हैं? क्या आपके हितके मार्गपरसे आपका मन सब इंद्रियोंको चला रहा है? क्या क्रोध, काम आदि घातक पत्थरोंसे युक्त भयानक स्थानोंमें आपका रथ नहीं जा रहा है? क्या सब मनोविकारोंपर आपका प्रभुत्व स्थापित हुआ है? क्या आपका मन कभी कुविचारोंके गड्ढोंमें मूर्च्छित होकर पडता नहीं? क्या आपका मन सदा शुभ कल्पनाओंमें और शुभ कर्मोंमें ही रमता है? यदि नहीं, तो आपको उचित है कि वैदिक धर्मके शुभ नियमोंके अनुकूल चलकर आप अपने मनके उत्तम स्वामी बन जाइए। दूसरे व्यवहार आपके काम नहीं आवेंगे। जो इस बातको छोडकर दूसरे ही कार्योंमें लगता है वही दस्यु होता है। देखिए वेद कहता है—

## दस्युके लक्षण

अकर्मा दस्युरभि नो अमंतुरन्यव्रतो अमानुषः॥
ऋ. १०।२२।८

"मनुष्योंमें दस्यु वह होता है कि जो ( अ-कर्मा ) पुरुषार्थ प्रयत्न नहीं करता, ( अ-मंतुः ) सुविचार नहीं करता, ( अन्य-व्रतः ) दूसरे ही कार्य करते रहता है और उन्नतिके कार्योंको छोड देता है और जो ( अ-मानुषः ) मनुष्यत्वके अयोग्य कुत्सित कर्म करता रहता है" ये दस्युके लक्षण हैं। ( १ ) आलस्य, ( २ ) अविचार, ( ३ ) कुकर्म और ( ४ ) अमानुष क्रूर कर्म, ये चार लक्षण हैं, कि जिनसे दस्यु पहचाने जाते हैं। हरएकको सोचना चाहिए कि अपने द्वारा किस श्रेणीके कर्म हो रहे हैं?"

आप जानते हैं कि सुख बाहरसे प्राप्त नहीं होता है। आपकी मानसिक अवस्थापर ही सुख अवलंबित है। आप सुखी हैं या दुःखी हैं, इसका विचार कीजिए। आपको दुःख होनेपर आप दूसरोंको बुरा भला कहनेके लिये प्रवृत्त हो रहे हैं, यही बडी भारी गलती है। यही प्रवृत्ति बहुत बुरी है। अपने मनकी अवस्थाके कारण ही आपको दुःख हो रहा है। देखिए, सोचिए और अपने मनकी परीक्षा कीजिए।

वेद कहता है कि—

## मनको सत्प्रवृत्त करो

भद्रं नो अपि वातय मनो दक्षमुत क्रतुम् ॥
( ऋ. १०।२५।१ )

" मनको ( भद्रं ) शुभ विचारमय, ( दक्षं ) दक्षतासे युक्त और ( क्रतुं ) पुरुषार्थके विचारोंसे उत्साही बनाइए। " फिर आपके पास दुःख कहां रहेगा ? इसलिये कहा है कि—

मनो यज्ञेन कल्पताम् ॥ ( यजु. १८।२९ )

" मन सत्कर्ममें लगाइए। " यही एक उपाय है, दूसरा कोई उपाय नहीं है । इसको छोडकर यदि आप अन्य कुव्यवहारोंमें अपना कदम बढायेंगे तो आप " अन्य-व्रत " होनेके कारण दस्यु बनेंगे ।

अपना समय व्यर्थ नहीं खोना चाहिए। अश्लील उपन्यास, निंदासे भरे हुए अखबार, व्यर्थ गपोडोंके पुस्तक, निरर्थक गप्पाष्टक आदिमें अपना समय न गँवाए । गया हुआ समय फिर नहीं मिलेगा । जो समय है, उसका अत्यंत योग्य उपयोग कीजिए। वेदने कहा है—

आयुः यज्ञेन कल्पतां प्राणो यज्ञेन कल्पतां
चक्षुः यज्ञेन कल्पतां श्रोत्रं यज्ञेन कल्पतां
वाग् यज्ञेन कल्पतां मनो यज्ञेन कल्पतां
आत्मा यज्ञेन कल्पतां ब्रह्मा यज्ञेन कल्पतां
ज्योतिः यज्ञेन कल्पतां स्वः यज्ञेन कल्पतां
पृष्ठं यज्ञेन कल्पतां यज्ञो यज्ञेन कल्पताम्॥
( यजु. १८।२९ )

" हे लोगो ! आपको उचित है कि आप अपनी आयु, प्राण, चक्षु, श्रोत्र, वाणी, मन, आत्मा, ज्ञान, तेज, स्वत्व, आदि सब कुछ जो कुछ अपनी शक्ति है वह सब सत्कर्मके लिये अर्पण कीजिए। " क्योंकि सत्कर्मके विना जो आयु चली जाती है, वह व्यर्थ है । समयपर योग्य सत्कार्य करनेका अभ्यास कीजिए, जिससे आप थोडे समयमें बहुत सत्कर्म कर सकेंगे । यदि आप सत्कर्म करनेमें देरी करेंगे, तो निश्चय जानिए कि उन्नति होनेमें भी उतनी ही देरी लगेगी ।

## आत्म विश्वासका महत्त्व

अपने पास आत्मविश्वास रखिए। बोलने चालनेमें अपना विश्वास और अपनी अचल श्रद्धा बताइए । श्रद्धा और विश्वाससे ही उच्चता प्राप्त होती है। अपने विषयमें जिसको संशय है, वह अवश्य गिर जाता है। जिसके मनमें श्रद्धा नहीं है, वह अधोगतिमें जाता है । अपनी शक्ति, अपना प्रभुत्व और अपनी दक्षतापर निश्चयपूर्वक पूर्ण विश्वास रखिए। वेदने कहा है कि—

स्वं महिमानमायजतां ॥ ( यजु. २१।४७ )

Let him worship his own majesty.
" अपने प्रभावका गौरव अपने मनमें रखिए । " इसीसे आत्मविश्वास बढता है और अपनी शक्ति बढती है। ' अपने आपको तुच्छ समझनेवाले ' प्रतिदिन तुच्छताकी ओर ही जाते हैं । अपने विषयमें अविश्वास होनेसे अंतमें मनुष्य सब प्रकारसे निकम्मा हो जाता है। जो विचार आप मनमें रखेंगे वैसे ही आप बनेंगे । इसीलिये ' शिव-संकल्प ' करना सदा उचित है।

यदि दूसरोंका विश्वास आपपर न हो तो उसकी पर्वाह न कीजिए। क्योंकि दूसरोंके विश्वाससे आपकी उन्नति नहीं होगी। विरोधियोंके साथ युद्ध करते हुए और अपना सामर्थ्य बढाते हुए आप विजयी हो सकते हैं। परंतु यदि अपना विश्वास आपपर न होगा, तो आपको कोई बचा नहीं सकता। जब आप दिनरात ' मैं हीन और दीन हूं ' ऐसा जपते जायंगे, तब आपको उठानेवाली शक्ति इस जगत्में किसीके पास नहीं होगी; वेद कहता है कि—

अदीनाः स्याम शरदः शतं ॥ ( यजु. ३६।२४ )

' अदीनता ' का जप कीजिए। मैं कभी दीन नहीं होऊंगा, मैं सदा श्रेष्ठ होऊंगा, मैं पराजित नहीं होऊंगा, मैं स्वयं श्रेष्ठ होकर दूसरोंको श्रेष्ठ करूंगा, मैं अपनी दीनताको दूर करके दूसरे दीनोंका उद्धार करूँगा,। इस प्रकारके उच्च वैदिक विचार सदा मनमें रखिए । मनुष्य जैसे विचार करता है, वैसाही बन जाता है।

मनकी शक्तियोंका ज्ञान प्राप्त कीजिए । आप अपने मनको कमजोर समझते हैं, परंतु वास्तवमें आप देखिए, आपका मन बडा ही शक्तिशाली है । उसमें शक्ति है इसीलिये वह बुरे कर्मोंमें प्रवृत्त होता है । यदि उसमें शक्ति न होती, तो बुरे कर्म भी उससे न होते। इसलिये बुरे कर्मोंसे अपने मनको रोकिए और उसका मार्ग अच्छा कीजिए। बस, इतना करनेसे ही आपके मनका तेज चमकने लगेगा।

मनके प्रभु बनकर रहिए, मनके गुलाम बनकर परतंत्र न रहिए। इसीलिये वैदिक धर्म प्रवृत्त हुआ है। अपनी कमजोरियोंको चाहे आप न जानिए। केवल अपनी शक्तिको सबसे प्रथम जानिए। दूसरोंकी कमजोरियोंका विचार भी छोड दीजिए। यदि दूसरोंका विचार करना है तो आप उनके 'श्रेष्ठ गुणोंका विचार' कीजिए। इससे आपके मनमें श्रेष्ठ गुणोंका वायुमंडल जमा हो जायगा।

## अदीन बनो

"मुखसे अच्छे शब्द बोलिए, कानसे अच्छे शब्द सुनिए, आंखसे अच्छे ही पदार्थ देखिए, शरीरसे अच्छे ही कर्म कीजिए।" (ऋ. १।८९।८)

यह वेदका उपदेश है। जब आप अपने धर्मकी प्रतिष्ठा बढानेके लिये दूसरोंके मतमतांतरोंका खंडन करनेमें प्रवृत्त होते हैं, तब दूसरोंके छोटेसे दोषका पर्वत बना देते हैं। इससे गुणग्राहकता कम हो रही है। जिस प्रकार मधुमक्षिका वृक्षोंके कांटोंकी ओर न देखती हुई, फूलोंका मधुग्रहण करती रहती है, उसी प्रकार दूसरोंके कांटोंमें आप न फँसते हुए जहाँसे आपको मधु मिले; लेते जाइए। आप काँटोंको इकट्ठा क्यों कर रहे हैं? फूलोंको इकट्ठा कीजिए। यही धर्म है।

द्वेष करनेवालोंपर प्रीति कीजिए, क्रूरोंपर दया कीजिए, दुःख प्राप्त होनेपर हंसनेका अभ्यास कीजिए, दुःख देनेवालेका भी स्वयं अहित न कीजिए। सारांश कि आपसे सदा अच्छे श्रेष्ठ विचार– उच्चार– आचारोंका ही स्रोत चलता रहे, ऐसी व्यवस्था कीजिए। दुनियाके कष्टोंमें अपनी ओरसे आप कष्टोंकी संख्या न बढाइए, परंतु आपके शुभ संकल्पोंसे विश्वमें शुभ विचारोंकी लहर चलने दीजिए।

'शिवसंकल्प' अपने मनमें सदा जागृत रखिए। किसी प्रकारकी अशिव, अशुभ, अभद्र बात आपके मनमें कभी न आने दीजिए। उत्साही और आत्मविश्वासी श्रेष्ठ लोगोंकी संगतिमें रहिए। अपने घरमें और घरके बाहिर ऐसी परिस्थिति उत्पन्न कीजिए कि जो शुभ वायुमंडलसे पवित्रता बनानेवाली हो। उच्चता, अभ्युदय और उन्नति साधन करनेका यही एक 'सत्य मार्ग' है। इससे भिन्न नीचता, अवनति और दुःस्थिति प्राप्त करानेवाले कुमार्ग हजारों हैं। कुमार्गोंके प्रलोभनोंमें न फंसते हुए निश्चयसे एक शुद्ध वैदिक धर्मके सत्य मार्गपरसे ही चलिए। सत्यनिष्ठा अर्थात् सत्यका आग्रह ही इस मार्गका नेता है। जहां आप सत्यसे दूर होंगे वहां आप धर्मसे भ्रष्ट हो सकते हैं।

## आपकी हानि कौन करेगा?

आपकी शांति, प्रसन्नता, सुख, आनंद और शक्तिकी हानि कोई नहीं कर सकता, जबतक की आप ही इनका विरोध न करेंगे। न जानते हुए आप मनोविकारोंकी कुत्सित भावनाओंके गुलाम बन जाते हैं और नाना प्रकारके हीन प्रलोभनोंमें फंस जाते हैं, दूसरोंकी व्यर्थ निंदामें कालक्षेप करते हैं, बडे पुरुषोंका महत्त्व सहन न होनेके कारण निष्कारण उनका मत्सर करते हैं, क्रूरताका अवलंबन करके दूसरेके घातसे अपनी उन्नति करनेकी व्यर्थ इच्छा धारण कर रहे हैं, कामोपभोगकी लालसा तृप्त करनेके लिये दूसरोंके सतीत्वकी आहुतियाँ लेनेका भयानक प्रयत्न किया जाता है, अयोग्य महत्त्वाकांक्षामें अपना सब जीवन व्यर्थ खो रहे हैं। कई लोग अपने अज्ञानका ही घमंड धरकर मूढ हो रहे हैं। ये ही मनके भाव हैं कि जो आत्माकी प्रसन्नताका नाश कर रहे हैं। इसीलिये वेद कहता है कि 'मे मनः शिवसंकल्पं अस्तु।' देखिए वेदका कितना उच्च उपदेश है।

मन जब 'शिव- संकल्प' करने लगता है तभी उसकी योग्यता बढती है, उसका तेज फैलने लगता है और वह जो कहता है, बन जाता है। शिव-संकल्प करनेवाला मनुष्य जहां जाता है, वहां सब शुभमंगल बना देता है। बुरे समयको भला बना देता है, क्योंकि उत्साहपूर्ण अमृतका स्रोत उसके अंतःकरणसे बहने लगता है। इसलिये हीन गुण वहाँ नहीं रह सकते, जहां शिवसंकल्प रहता है।

निराशा और भय वहाँ नहीं रहता, जहाँ शिवसंकल्प रहता है। क्योंकि संकुचित भावमें भय है, व्यापक उच्च भावनामें भय कहां है? कितना ही भयका डरानेवाला प्रसंग आ जावे, बडे प्रबल विरोधियोंका मुकाबला करना पडे, बडी मुसीबतका घोर समय आ जावे, किंवा कोई भी सहायता करनेके लिये प्राप्त न होवे, तो उस समय एक मात्र 'शिव-संकल्प' है, जो सब कठिनाइयोंसे पार ले जा सकता है। यह शिवसंकल्प धैर्यका साथी और विजयका पिता है। जो मनुष्य शिवसंकल्प करता है वही मनुष्य

योग्य बात योग्य समयमें उत्तम रीतिसे करनेके लिये नहीं डरता, क्योंकि उसके मनके अंदर एक ही शिवमंगलमय परमेश्वरका शुभसंकल्प सदा जागृत रहता है।

यजुर्वेद अंदर ( अ. ३४।१—६ ) शिवसंकल्पके केवल छः मंत्र हैं। परंतु उनमें मनके तत्त्वज्ञानकी सब बातें रखी हैं। मनकी विलक्षण अद्भुत शक्तिका वहाँ स्मरण दिलाया है। इसलिये पाठकोंसे प्रार्थना है कि वे नित्य उन छः मंत्रोंका अवश्य मनन करें।

वास्तवमें सब वेद ही शिवसंकल्पमय है। वेदके सूक्त सच्चे सु- उक्तियोंसे भरे हैं। उत्तम वचन अर्थात् वेदके सुभाषितोंके समान भाव मनमें रखने उचित हैं और उन्हीं बातोंको बोलना और सुनना चाहिए। मनुष्यका निरुत्साह हटानेवाले वेदमंत्र ही हैं, इसलिये उद्धारकी इच्छा करनेवाले लोगोंको वेदके मंत्रोंका भाव मनमें धारण करना उचित है। देखिए वदेके भाव कैसे हैं–

## दस सुवर्ण नियम

अहमिंद्रो न पराजिग्य इद्धनं न मृत्यवे अवतस्थे कदाचन। सोममिन्मा सुन्वन्तो याचता वसु न मे पूरवः सख्ये रिषाथन॥ ५॥ अभीदमेकमेको अस्मि निष्षाळभी द्वा किमु त्रयः करन्ति। खले न पर्षान् प्रति हन्मि भूरि किं मा निंदन्ति शत्रवोऽनिंद्राः॥ ७॥ ऋ. १०।४८

( १ ) "अहं इंद्रः।"— मैं इन्द्र हूं। मैं आत्मा हूं। मैं ही मुख्य हूं। मेरी अर्थात् इंद्रकी विविध शक्तियाँ ही इंद्रिय ( इंद्र-इ-य ) रूपसे महान् कार्य कर रही हैं। आंखोंकी दर्शनशक्ति, कानोंकी श्रवणशक्ति, तथा अन्य इंद्रियों, अंगों और अवयवोंकी सब विलक्षण शक्ति मेरी ही है। मैं इंद्रियादिकोंका प्रेरक आत्मा हूं और मेरी शक्ति ही इस शरीरमें सर्वत्र कार्य कर रही है। मैं इंद्र अर्थात् ऐश्वर्यवान् हूं और सब इंद्रियोंकी शक्तियां ही मेरा ऐश्वर्य है।

( २ ) "अहं इत् धनं न पराजिग्ये।"— मैं अपने ऐश्वर्यके कारण किसीसे पराभूत नहीं हो सकता। अर्थात् मेरा ऐश्वर्य, मेरा बल किसी अन्यसे न्यून नहीं है। मेरा कभी पराभव नहीं होगा। मैं विजय प्राप्त कर सकता हूं। सदा मेरा विजय ही होता रहेगा। बुरी अवस्था मेरे सन्मुख खडी नहीं रह सकती। कितना भी कठिन प्रसंग आ गया, तो भी उसका मुझे डर नहीं है। मैं आपत्तियोंसे न डरता हुआ, अवश्य अपना सीधा मार्गक्रमण करके अपनी उच्चताको प्रकाशित करूँगा।

( ३ ) "मृत्यवे कदाचन न अवतस्थे।"— मैं कदापि नहीं मर सकता। मैं अमर हूँ। मृत्यु मेरा क्या करेगा? जलसे मैं गीला नहीं होता, आग मुझे जला नहीं सकती, वायु मुझे सुखा नहीं सकता, पृथ्वीसे मुझे ठोकर नहीं लग सकती! क्योंकि मैं आत्मा हूँ और मैं सबका प्रेरक स्वामी हूँ। मैं अपने आत्मस्वरूपको कभी नहीं भूलूँगा। बाल, तरुण, वृद्ध अवस्थाओंसे मैं भिन्न स्वतंत्र हूं। जागृत्, स्वप्न, सुषुप्तिसे मैं परे हूं। जन्ममरणसे मैं दूर हूं। मैं अज और अविनाशी हूं। मुझे मृत्युका भय नहीं है। मैं व्याधि और बीमारियोंसे परे हूँ। शरीरसे भिन्न मैं अविकारी आत्मा हूं। इस उच्च स्थितिसे मुझे कोई दूसरी शक्ती नीचे नहीं गिरा सकती।

( ४ ) "सोमं सुन्वन्तः इत् वसु याचत।"— हे लोगो! अग्नि और सोम ये दो शक्तियाँ आपके अंदर हैं। शांति और प्रसन्नता देनेवाली सोमशक्तियाँ आपके मनके अंदर ही हैं। उस सोमके शांतिपूर्ण रसका पान करते हुए ( वसु ) अपने निवासके साधनोंको प्राप्त कीजिए। मैं अपने शांत शक्तिको अपने स्वाधीन रखता हुआ, अपने निवासके लिये योग्य साधनसामग्रीको प्राप्त करता हूँ। मैं आत्मा, इंद्र अथवा अग्निरूप हूँ और इस शरीरमें मेरेसे भिन्न सब शारीरिक शक्तियाँ सोमरूप हैं। इन सोमशक्तियोंसे मैं योग्य उपयोग लेता हुआ अपना विजयका मार्गक्रमण कर रहा हूँ।

( ५ ) "हे पूरवः! मे सख्ये न रिषाथन।"— हे नागरिको! हे सज्जनो! मैं जो आत्मा हूँ उसकी मित्रता करनेसे किसीका नाश न होगा। आत्माका विचार, आत्मशक्तियोंका चिंतन करने और अपनी शक्तिपर विश्वास रखनेवाले मनुष्योंका कभी नाश नहीं हो सकता। आत्म-विश्वास ही सब उच्चताका एकमात्र साधन है।

( ६ ) "एकः अस्मि।" मैं अकेला हूँ। मैं आत्मा अकेला ही हूँ। मन, चित्त, अहंकार, पंच ज्ञानेंद्रिय, पंच कर्मेंद्रिय आदि मेरेसे भिन्न शक्तियां बहुत हैं। परंतु हे विविध शक्तियां धारण करनेवाले विविध इंद्रियो! यह आप न समझें कि मेरा मुकाबला कर सकोगे। मैं अपराजित आत्मा हूं।

( ७ ) " इंद्रं एकं निष्पाड् अभि इत्। "— इस एक एक इंद्रियके ऊपर मैं अपने विलक्षण सामर्थ्यके कारण अवश्य विजय प्राप्त करूंगा। मैं इंद्रियोंसे परास्त नहीं हो सकता। एक एक इंद्रिय चाहे जितना प्रयत्न करे उससे कभी मैं पराजित नहीं हो सकता। मैं इंद्रियोंको संयमद्वारा अपने आधीन ही रखूँगा। मैं कमजोर नहीं हूं। मैं ( निःषाड् ) सबसे अधिक बलवान् हूं।

( ८ ) " अभि द्वा किमु त्रयः करन्ति। "— हे इंद्रियो ! आप दो अथवा तीन किंवा इससे भी अधिक मिल जाओगी, तो भी आपसे मेरी क्या हानि होगी ? मेरी शक्ति आपके अंदर जाकर आपके द्वारा कार्य कर रही है। इसलिये मैं आप सबका नियंता हूं। आप मेरा पराभव नहीं कर सकते। आप सबका दमन करके आपको मैं ही स्वाधीन रखूंगा। आप सबको मैं ही आधीन रख सकता हूँ। क्योंकि मैं आत्मा अर्थात् इंद्र हूँ। इसलिये आप सबको मेरे आधीन रह कर ही कार्य करना होगा।

( ९ ) " पर्षान् खले न भूरि प्रति हन्मि। "— जिस प्रकार धानको चक्कीमें बहुत प्रकारसे पीसा जाता है, अथवा घासके गट्ठोंको पत्थरोंपर अनेक वार मारनेपर भी पत्थरका कुछ नहीं बिगडता, उसी प्रकार इन शत्रुओंको मैं पीस डालूँगा अथवा उनके हमलोंसे मेरा किसी प्रकार भी नुकसान नहीं होगा। मैं स्थिर और दृढ हूं और ये मेरे सब शत्रु सबके सब कच्चे और कमजोर हैं। इसलिये ये मेरे द्वारा पीसे जांयगे, मेरे शत्रुओंका मैं पराभव निश्चयसे करूँगा।

( १० ) " अन्- इद्राः शत्रवः मा निंदन्ति किं। " क्या आत्मज्ञान न रखनेवाले मेरे शत्रु मेरी निंदा कर रहे हैं ? करने दें। उनकी निंदाकी मैं पर्वाह नहीं करता। उनकी निंदासे मैं अपने मार्गको कभी नहीं छोडूंगा। मैं उनकी निंदा नहीं करूंगा। क्योंकि निंदा करनेसे मेरी वाणीमें अशुभ शब्द आ जांयगे और मेरी वक्तृत्वशक्ति मलीन होगी। इसलिये निंदाका स्वभाव शत्रुओंके पास ही रहे। मैं कभी निंदा करनेवाला नहीं बनूंगा। जो निंदा करना चाहते हैं, बेशक करें। मैं उनके बुरे शब्दोंके कारण अपने सत्य मार्गसे कभी नहीं हटूंगा। यही मेरा पक्का दृढ निश्चय है। यही मेरी पूर्ण प्रतिज्ञा है। मैं कभी अपनी प्रतिज्ञासे पीछे नहीं हटूंगा। क्योंकि मैं इंद्र हूँ, मेरी शक्तियां सर्वत्र फैल रही हैं। सब शरीर भर मेरी शक्तियां कार्य कर रही हैं।

वेदके उत्साहपूर्ण मंत्र इस प्रकारकी भाषा बोल रहे हैं। यही विचार सबको मनमें सदा धारण करने उचित हैं। मन कल्पना करता ही है। प्रथम उसको सम्यक् कल्पना ( सं-कल्प ) करनेका अभ्यास कराइए। जब उत्तम कल्पना वह करने लगे तब शुभसंकल्प ( शिव-संकल्प ) केवल श्रेष्ठ उत्तम ही विचार करनेका अभ्यास कीजिये। बुरे विचारोंका ख्यालतक मनमें न आजाय ऐसी अवस्था उत्पन्न कीजिए। " शुभ विचार, शुभ उच्चार और शुभ आचार " ये तीन बातें हैं जो श्रेष्ठताके मार्गक्रमणमें सहायक हैं।

कदाचित् प्रिय पाठकोंके मनमें संदेह होगा कि ऐसा मानने और कहनेसे क्या हो सकता है ? कल्पनामात्रसे क्या होगा ? ऐसी शंका करनेवालोंसे इतनी ही नम्र प्रार्थना है, कि केवल एक महिनाभर उक्त वैदिक विचार ही मनमें रखिए, अशुभ भावनाओंको एक मासतक दूर कीजिए। मुझे निश्चय है कि एक मासके पश्चात् आप उक्त शंका करेंगे ही नहीं। देखिए, अनुभव सबसे श्रेष्ठ प्रमाण है।

## निंदा करनेसे भी हानिकी संभावना

दूसरेकी निंदा करनेसे हानि क्यों होती है ? इस प्रश्नका उत्तर यहां इतने विवरणसे पाठकोंको मिला ही होगा। " वह मनुष्य धोखा देता है, वह व्यभिचारी है, वह असत्य भाषण करता है " इत्यादि प्रकार प्रायः लोग दूसरेकी निंदा करते हैं। ऐसी निन्दा करनेसे क्या होता है, इसका विचार पाठकोंको करना चाहिये। इस तरहकी निन्दा करनेसे मनुष्यके मनमें उक्त दुर्गुणोंके संस्कार होते जाते हैं। पूर्वोक्त तीन वाक्योंमें ' धोखा देना, व्यभिचार और असत्य भाषण करना ' ये तीन कुकल्पनाएं हैं। पूर्वोक्त निन्दा करनेसे जिसकी निन्दा की जाती है उसका कुछ भी बिगडता नहीं, परंतु जो निन्दा करता है उसमें उन वाक्योंके संस्कार जमते जाते हैं और यदि यही निंदा वारंवार की जायगी तो वे कुसंस्कार अधिकाधिक दृढ बनते जांयगे।

ऐसी कल्पना कीजिए, एक मनुष्य दूसरेकी निंदा नहीं करता, परंतु अपनी ही निंदा करता है। कई लोग प्रार्थना

करनेके समय कहते हैं कि " हे ईश्वर ! मैं तुच्छ हूं मलिन हूं, दीन हूं, दुष्ट हूं, कुकर्मी हूं, पापी हूं, अधम हूं, दुराचारी हूं । " इत्यादि प्रकार अपने अंदर जो दोष होंगे या न होंगे उनकी गिनती करते जाते हैं। अपने अन्दर जो दोष हैं उनका उच्चारण करना और उनको दूर करनेका यत्न करना चाहिये ऐसा इनका मत रहता है । कई लोगोंको तो प्रभुकी प्रार्थना करनेके समय अपनी नम्रता दिखानेका व्यसन ही हुआ करता है और उस व्यसनके मदमें आकर वे अपने योग्य और अयोग्य दोष बोलनेका यत्न करते हैं। वे मनसे समझते हैं कि ऐसा करनेसे अपनी भी उन्नति होती है और सुननेवालोंकी भी उन्नति होती है । परंतु वे बडी भारी गलती करते हैं।

पूर्वोक्त प्रकार अपने दोष बतानेके लिये जो वाक्य उच्चारे जाते हैं उनका भी भाव वैसाही अपने मनमें स्थिर होता जाता है । अपनी तुच्छता, मलिनता, दोषयुक्तता आदिका ध्यान किया जाय तो भी वही परिणाम होगा, जैसा दूसरेकी तुच्छता, मलिनता, दोषमयताका ध्यान करनेसे होगा । मनुष्य जिसका वारंवार ध्यान करेगा वैसा बनेगा । यदि वह तुच्छताका ही विचार करता रहेगा तो वह निःसन्देह तुच्छ बनेगा। ऐसी प्रार्थनासे यही घातपात हो रहा है । वे बिचारे उत्तमभावसे आत्मदोषोंका उच्चारण करते हैं और मानते हैं कि यह उन्नतिका मार्ग है । परंतु फंसते जाते हैं। उनपर उक्त हीन कल्पनाके संस्कार होते जाते हैं और उनकी अधिक मलिनता होती जाती है। न समझते हुए उनसे यह दोष होता रहता है ।

हीनताके उच्चारणकी प्रणाली वैदिक नहीं है । कोई मंत्र आप लीजिये, उसमें उच्च विचार ही आपको दिखाई देंगे । क्वचित् कोई मंत्र ऐसा होगा कि जिसमें दुष्ट गुणोंका वर्णन हुआ हो । परंतु देवताके श्रेष्ठ गुण ही सर्वत्र वर्णन किये हैं। श्रेष्ठ सद्गुणोंका महासागर परमेश्वर है, उसीके गुणोंका मनन करना वैदिक धर्मका अनुष्ठानका भाग है। ईश्वरस्तुति, ईश्वरोपासना आदिमें हीन विचार आवेंगे ही कहांसे ? ईश्वरस्तुतिका अर्थ ही श्रेष्ठ सद्गुणोंकी स्तुति है । श्रेष्ठ सद्गुण वारंवार कहनेसे उनका शुभ संस्कार अपने मनपर जमा होता है और वे सद्गुण अपने अंदर बढते हैं। यही मानवोंकी उन्नति करनेका एकमात्र साधन है ।

*

अपनी हीनताका उच्चारण करनेकी कुप्रथा बौद्धोंद्वारा प्रचलित हुई । उनके पास श्रेष्ठ सद्गुणोंका निधान परमेश्वर था ही नहीं। उनके पास तो मनुष्य ही कुसंस्कारोंवाले थे। उनको देखनेसे उनके हाथ दुष्ट भावही आनेवाले थे सो आगये और अतः वे " मैं हीन, मैं दीन, मैं पामर " इत्यादि बातें बोलने लगे। यह प्रथा बुद्धधर्म द्वारा उत्पन्न हो गई और बढी और इसीका परिणाम वैदिकधर्मपर भी हुआ और हिंदूधर्ममें इसीकी नकल की गई। बुद्धधर्ममें ईश्वरकी कल्पना नहीं है, इसलिये उनके मननके लिये श्रेष्ठ सद्गुणों का निधान कहां है ? ईश्वरकी अनुपस्थितिमें वे किसका ध्यान करें ? और श्रेष्ठ कल्पना कहांसे लावें ? उनका जगत् दुःखमय है, नश्वर है, दोषोंसे परिपूर्ण है। यही उनके सम्मुख प्रत्यक्ष है। यही बुद्धधर्मी लोग देखते हैं और उसीका मनन करते हैं। इसलिये उनकी उपासनामें दुःख, दोष और पापका उच्चारण प्रमुखतया है।

वैसा देखा जाय तो कई मत जगत्के दुःख, दोष और पापोंपर रचे गये हैं। परंतु वेदकी बात वैसी नहीं है। इसकी बुनियाद आनंदकन्द परमात्मापर है, जो दुःखदोषविकारोंसे पृथक् है, जो नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त स्वभाव है। जो आनंदकंद है, स्वानंदसाम्राज्य जिसका निज सहजसिद्ध है। जो शुद्ध श्रेष्ठ परात्पर और दोषरहित है। भला इस परमेश्वरके उपासक मलिनता, दुष्टता और दोषमयताका मनन किस प्रकार कर सकते हैं। वैदिकधर्मी अपनी स्तुति, प्रार्थना, उपासना वेदमंत्रोंद्वारा करते हैं। वेदमंत्रोंमें मलिनताका लेश भी नहीं । परमेश्वरके शुभ गुणोंका आप जितना मनन करेंगे उतना मन शुद्ध बुद्ध और मुक्त बनता जायगा। उसमें हीन विचारोंका लेश भी जानेका संभव नहीं है। जिस समय उपासनाके ईश्वरको दूर किया जायगा, तभी तो हीन विचार, हीन उच्चार और हीन आचारोंका संभव हो सकता है। यहां पाठकोंके मनमें वैदिक और अवैदिक धर्मोंकी उपासनाका भेद आगया होगा ।

वेद वारंवार कहता है कि 'कानोंसे अच्छे शब्द सुनो, आंखोंसे अच्छे विचार देखो और पवित्र आचरण करो।' इसका हेतु ही यह है कि उपासकका वायुमंडल पवित्र बने, शुभ बने और उपासक पुनीत होता जाय । मानवी उन्नतिके लिये इस तरहकी पवित्रताकी

अत्यंत आवश्यकता है। इसलिये पाठक अवैदिक रीतिकी प्रार्थना करके अपने आपको गिरानेका अभ्यास न करें, परंतु वैदिक प्रार्थनाओं द्वारा अपने आपको शुद्ध और पवित्र बनावें और शुद्ध बुद्ध मुक्त बननेके अधिकारी बनें।

## मनकी विलक्षण शक्ति

वेदमें मनकी अपूर्व और विलक्षण शक्तिका वर्णन है। देखिए—

> यज्जाग्रतो दूरमुदैति दैवं तदु सुप्तस्य तथैवैति।
> दूरंगमं ज्योतिषां ज्योतिरेकं तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु॥ यजु. ३४।१

" जो ( दैवं ) दिव्य शक्तिसे युक्त मन जागृत अवस्थामें दूर दूर जाता है, और निश्चयसे वह ( सुप्तस्य ) सोते हुए भी वैसा ही दूर चला जाता है, यह दूर जानेवाला, ज्योतियोंका एकमात्र प्रकाशक मेरा मन शुभ विचार करनेवाला होवो। " इस यजुर्वेदके मंत्रमें मनकी शक्तियाँ वर्णित हैं। इस प्रकार चारों वेदोंमें मनकी शक्तियोंका वर्णन करनेवाले अनेक मंत्र हैं। इन मंत्रोंका मनन करनेसे तथा मंत्रके विधानोंकी सत्यता प्रत्यक्ष अनुभवके व्यवहारोंमें देखनेसे वेदके उपदेशका महत्त्व व्यक्त हो सकता है। उक्त मंत्रमें मनके निम्नलिखित गुण लिखे हैं—

( १ ) जाग्रतः दूरं उदैति।... मन जागृत अवस्थामें दूर दूरके स्थानोंपर चला जाता है।

( २ ) सुप्तस्य तथा एव एति।... सोनेवालेका मन भी उसी प्रकार दूर दूरके स्थानोंपर चला जाता है।

( ३ ) दूरंगमं।... दूर दूरके स्थानपर चला जाना, यह मनका स्वाभाविक धर्म ही है।

( ४ ) ज्योतिषां ज्योतिः।... तेजोंका तेज मन है अर्थात् मन तैजस् पदार्थ है। विद्युत् तत्त्वका मन बना है।

( ५ ) एकं। ... मन एक है।

अब इन बातोंका अनुभवके प्रमाणोंसे निश्चय करना है। ' जागृत अवस्थामें मन दूरके स्थानोंमें चला जाता है, यह मंत्रका प्रथम विधान है। कई विद्वान व्याख्याता कहते हैं कि मन एक क्षणमें सूर्यका विचार करता है तो दूसरे क्षणमें घरका विचार करता है, इस प्रकार यह मन क्षणमें सूर्यलोकसे पृथ्वीपर आता है। परंतु वेदके उक्त वचनका यह तात्पर्य नहीं है। जागृत अवस्थामें मन दूर जाता है न कि दूरके पदार्थका विचार करता है। केवल यहांसे सूर्यका विचार मनमें आगया, तो हमारा मन वहां गया था, ऐसा नहीं सिद्ध हो सकता। उक्त मंत्रमें ' दूरं एति ' ' दूरंगमं ' ये शब्द स्पष्ट कह रहे हैं कि जागृत मनुष्यका तथा सुप्त मनुष्यका मन एक स्थानसे निकलकर दूसरे स्थानमें जाता है और वहाँ कार्य करता है। हमारे जैसे साधारण मनुष्योंका ऐसा अनुभव नहीं कि जागृत अवस्थामें हमारा मन दूसरे स्थानपर गया है और वहाँका ज्ञान उसको प्राप्त हुआ है।

जिसका मन जागृत अवस्थामें दूरके स्थानपर जा सकता है, उसको पता लग सकता है कि दूरके बंद कमरेके अंदर बैठा हुआ मनुष्य क्या कार्य कर रहा है। हमारा मन सुप्त अवस्थामें तथा स्वप्नमें दूरके स्थानपर चला जा सकता है, परंतु जागृतिमें दूरके स्थानपर जानेका उनको अभ्यास ही नहीं है। ध्यानयोगके बहुत अभ्याससे इस प्रकार अपने मनको दूरके स्थानपर भेजा जा सकता है और वहाँका ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है, ऐसा योगके ग्रंथोंमें कहा है। परंतु इस प्रकार करनेवाले सत्पुरुष इस समयतक मैंने नहीं देखे।

## स्थानका प्रतिबंध नहीं है

मनकी गतिके लिये स्थानका प्रतिबंध नहीं है। एक स्थानपर बैठा हुआ मनुष्य, न केवल उस ग्रामके परंतु अत्यंत दूर देशके मनुष्यका वृत्तांत जान सकता है। जिसका मन इस प्रकार जागृत अवस्थामें दूर भेजा जा सकता है। यह बहुत अनुष्ठानका तथा अत्यंत दृढ अभ्यासका साधन होनेसे अत्यंत कष्टसे सिद्ध होता है। वैदिक धर्मकी यह एक मानसिक सिद्धि है। जो वैदिक धर्मका झंडा दुनियाभरमें फहराना चाहते हैं उन्हें उचित है कि वे अपने मनकी शक्तियोंका थोडासा अनुभव प्रथम ले लें। तत्पश्चात् दूसरोंको मनानेका प्रयत्न करें। प्रथम स्वयं मानना और पश्चात् दूसरोंको मनवाना होता है। जगत्भरमें वैदिक धर्मका प्रकाश वही फैला सकता है कि जो आद्योपांत वेदको जान सकता है। वेदको स्वयं न जानते हुए ही आजकल ' वेद-प्रचार ' चल रहा है, इसीलिये प्रतिदिन अश्रद्धा बढ रही है। तात्पर्य केवल युक्तियोंसे धर्मकी श्रद्धा

नहीं बढ सकती और न वैदिक धर्मका तेज फैल सकता है। योगसाधनसे प्रत्यक्ष अनुभव देखनेकी बडी भारी आवश्यकता है। जागृतिमें मनको दूसरे स्थानपर ले जानेकी शक्ति प्राप्त करनेसे ही उक्त मंत्रका मतलब समझमें आ सकता है। केवल शब्दोंके अर्थज्ञानसे भी क्या लाभ हो सकता है? 'जागृत अवस्थामें मन दूर जाता है' यह उस वचनका तात्पर्य है। इस शब्दार्थको जाननेसे किसको कौनसा लाभ हो गया? जबतक हम अपने मनको दूसरे स्थानपर नहीं भेज सकते, तबतक उक्त शब्दोंका अर्थ समझनेसे भी कोई तात्पर्य नहीं निकल सकता। प्राचीन ऋषि-मुनियोंको अपना मन दूसरे स्थानपर भेजने, वहाँका ज्ञान प्राप्त करने तथा वहाँ कार्य करनेकी शक्ति थी। महाभारतादि ग्रंथोंमें कई कथाएं आती हैं, कि किसीने ध्यान लगाकर दूसरे स्थानके मनुष्यका वृत्तांत जान लिया। उस समयमें भी यह विद्या सार्वत्रिक नहीं थी। बहुत थोडे महात्मा इस विद्यामें प्रवीण थे। इस विषयमें शतपथका निम्न वचन विचारपूर्वक देखनेयोग्य है—


> स यदि वृष्टिकामः स्यात्। यदीष्टया वा यजेत दर्शपूर्णमासयोर्वैव ब्रूयाद्वृष्टिकामो वा अस्मीति। तत्रोऽध्वर्युं ब्रूयात्पुरोवातं च विद्युतं च मनसा ध्यायेति। अभ्राणि मनसा ध्यायेति अग्नीध्रं। स्तनयित्नुं च वर्षं च मनसा ध्यायेति होतारं। सर्वाण्येतानि मनसा ध्यायेति ब्रह्माणं। वर्षति हैव तत्र यत्रैवमृत्विजः संविदानाः यज्ञेन चरन्ति॥
>
> शतपथ १।५।२।१९

“यदि यजमान वृष्टिकी इच्छा करता हो तो वह... कहे कि मैं वृष्टिकी इच्छा करता हूं और अध्वर्युको कहे कि वह पूर्वका वायु और विद्युत्का मनसे ध्यान करे। अग्निध्रको कहे कि वह बादलोंका ध्यान करे। होताको कहे कि वह इन मेघगर्जना और वृष्टिका मनसे ध्यान करे और ब्रह्माको कहे कि वह इन सबका मिलकर ध्यान करे। निश्चयसे वहाँ वृष्टि होती है कि जहाँ इस प्रकार ( मानस शक्तिसे कार्य करनेवाले) ऋत्विज मिलकर यज्ञ करते हैं।”

मनके दूर जाकर कार्य करनेकी शक्तिकी यह एक सिद्धि है। ऋत्विज इस प्रकार ध्यानद्वारा अपने मनको बाहर जगत्में भेजते थे और जहां बादल होंगे वहांसे उनको खींचकर लाते थे और वृष्टि कराते थे। जागृत अवस्थामें मन बाहर जाता है और वहां कार्य करता है इसका यह ग्रंथोक्त प्रमाण है। शतपथब्राह्मणके लेखक आचार्य याज्ञवल्क्य लिखते हैं कि “जहां ऐसे ऋत्विज होंगे वहां अवश्य वृष्टि होगी।” इसका दूसरा तात्पर्य यह है कि जहां ऐसे ऋत्विज होंगे वहां ही अन्य यज्ञोंकी सिद्धियां होंगी। पुत्रकामेष्टि आदि यज्ञ हैं कि जिनके करनेसे अपने मनकी इच्छानुरूप पुत्र उत्पन्न किया जा सकता है, उनकी सिद्धि भी ऋत्विजोंकी मानसिक योग्यतापर निर्भर है। इससे पता लग सकता है कि मानसिक योग्यताके बिना किया हुआ कर्म फल नहीं दे सकता।

## एक प्रयोग करो

जागृत अवस्थामें मनको दूर भेजने और वहां कार्य करनेकी शक्ति आजकल प्रायः सुप्त ही है और उसको पुनः कार्यक्षम करनेका कोई प्रयत्न नहीं करते। जागृत अवस्थामें एककी मानसिक शक्ति दूसरेके मनके ऊपर परिणाम कर सकती है। इसका अनुभव थोडेसे परिश्रमसे पाठक भी देख सकते हैं। आठ दस मनुष्य यदि एक विचारके—और विशेषतः सुविचारी-हों तो वे एकांत और शांत स्थानपर निम्न प्रकार बैठें—




'अ' स्थानपर ऐसा मनुष्य बैठे कि जो अपना मन निर्विचार, स्थिर और शांत रख सके तथा 'क ख' आदि स्थानपर ऐसे मनुष्य बैठें कि जो अपने मनमें सब मिलकर एक ही विचार प्रबल कर सकते हैं। 'क ख' आदि स्थानपर बैठनेवाले मनुष्य, 'अ' को विदित न करते हुए, किसी प्रसिद्ध पदार्थकी कल्पना मनमें धारण करें, और उक्त प्रकार बैठनेके पश्चात् वही कल्पना अपने मनमें

प्रबलतापूर्वक जागृत करें और अपनी मानसिक शक्तिसे वह कल्पना 'अ' के मनमें डालनेका पराकाष्ठाका यत्न करें। यदि 'अ' का मन निर्विचार और शांत रहा, तथा 'क ख' आदि मनुष्योंमें केवल वही एक विचार स्थिर और प्रबल रहा, तो विना कहे 'अ' के मनमें वही कल्पना आती है कि जो 'क, ख' आदि मनुष्योंके मनमें थी। यदि किसी एक मनुष्यमें विपरीत भावना उत्पन्न हो गयी तो सिद्धिमें विघ्न होता है। इसलिये प्रबलतापूर्वक दृढ निश्चयसे और एक विचारसे यह अनुभव लेना उचित है। इसके लिये अधिक परिश्रमकी आवश्यकता भी नहीं है। मनके विचारोंका दूसरेपर किस प्रकार परिणाम होता है इसका अनुभव इस रीतिसे प्राप्त हो सकता है। प्रथम आरंभमें प्रसिद्ध फल, फूल आदि पदार्थोंका ध्यान करना, जिससे 'अ' के मनमें झट कल्पना आनेके लिये सुविधा हो सकेगी।

एक मनुष्यके मनके विचारोंका परिणाम इस प्रकार दूसरेके मनपर होता है, इसीलिये उक्त मंत्रमें कहा है कि—

मे मनः शिवसंकल्पमस्तु।

'मेरा मन शिवसंकल्पमय होवे।' यदि मनके अंदर बुरे विचार उत्पन्न हो गये, तो उनका बुरा परिणाम अन्य मनुष्योंपर हो सकता है, तथा यदि विचार अच्छे हो गये तो उनका परिणाम भी अच्छा हो सकता है। यहां स्मरण रहे कि हमारे हरएक विचारका बुरा भला परिणाम दूसरोंपर हो रहा है। परिणाम किये विना कोई विचार रहता नहीं। इसलिये आवश्यक है कि हम सब सदा शुभ विचार ही करें और कभी बुरे विचारको अपने मनमें स्थान न दें। अब सुप्त अवस्थामें हमारा मन दूर दूरके स्थानोंमें चला जाता है, ऐसा जो उक्त मंत्रमें कहा है, उसका विचार करना है। स्वप्नमें भी इसी प्रकार जाता है। जिस प्रकार पतंग या गुड्डीके खेलमें बारीक धागेके साथ पतंगको आकाशमें वायुकी गतिकी सहायतासे भेज देते हैं उसी प्रकार योगीजन अपने मनको इष्ट स्थानपर भेजते हैं, और वहांका कार्य करनेपर वापस खेंचते हैं। परंतु जिनको मन बाहर भेजनेकी शक्ति नहीं है, उनका अर्थात् साधारण मनुष्योंका मन स्वप्नमें जिधर चाहे उधर भटकता है और थक जानेपर स्वयं वापस आता है। इस विषयमें निम्न प्रकारका एक अनुभव विचार करनेयोग्य है—

## एक सत्य घटना

कोल्हापुरमें म. गोळविदेकर नामक एक घराना है। शक १८५६ ( ई. स. १८९४ ) में उस घरानेमें चार भाई और एक माता इतने कुल मनुष्य थे। भाईयोंके क्रमपूर्वक नाम पं० प्रभाकरपंत, वासुदेव, दत्तोपंत और नारायणराव हैं, और माताका नाम श्रीमती रुक्मिणीबाई है। इनमें सबसे ज्येष्ठ भ्राता पं. प्रभाकरपंत कोल्हापुरसे चार पांच मील दूर अपने केर्ली ग्राममें घरवाडीकी व्यवस्था करता हुआ रहता था और शेष तीन भाई अपनी वृद्ध माताजीके साथ कोल्हापुर नगरमें रहा करते थे। उक्त वर्षके वैशाख शुक्ल द्वितीयाके दिन रात्रिके तीन बजेके समय उक्त माताजीको स्वप्न ( ख्वाब ) आया, जिसमें उन्होंने देखा कि अपने ज्येष्ठ पुत्रके मकानमें दीवार तोडकर एक चोर, बैरागीके वेशमें घुस गया है, अपना पुत्र सोया पडा है और उस निद्रित पुत्रके सिरपर उस चोरने अपने लोहेके चिमटेका आघात किया है, जिससे पुत्र मर चुका है। यह स्वप्न देखते ही वह रोती हुई उठी और उसने स्वप्नका वृत्तांत सबको बता दिया। सबने कहा कि स्वप्न ही है, उसमें विचार क्या करना है!

इसके पश्चात् दो घंटोंके अंदर उस केर्ली ग्रामसे पं. प्रभाकरपंतका नौकर आ गया और उसने वही बात ठीक उसी प्रकार कही! तब जाकर निश्चय हुआ कि स्वप्नकी बात बिलकुल ठीक थी।

( १ ) दीवारको खोदकर चोरका अंदर घुसना,
( २ ) चोरका बैरागी होना,
( ३ ) चिमटेके आघातसे पुत्रका वध होना,
( ४ ) पं० प्रभाकरजीका वध सोते समय बैरागीके चिमटेसे सिरपर किये आघातसे होना।

इत्यादि बातें जैसी स्वप्नसे प्रथम ज्ञात हो गयी थीं सबकी सब जैसी की वैसी ही सत्य सिद्ध हो गईं। इससे पता लग सकता है कि मनुष्यका मन स्वप्नमें दूर दूरके स्थानमें ( दूरं गमं ) चले जाता है और वहांका सब कुछ हाल देखता है। उक्त माताजीका मन इसी प्रकार पुत्रके ग्राममें चला गया था और उसने पुत्रका वध प्रत्यक्ष

देखा था, अन्यथा सब बातोंका पता लगना असंभव था। उक्त कथा प्रत्यक्ष देखनेके कारण निःसंदेह सत्य है। क्यों कि इन बातोंका विचार करनेके लिये जो बात जैसी हो गयी थी वैसी ही कहनी चाहिए। अन्यथा विचार होना ही असंभव है। कल्पित कथाओंका किसी प्रकार भी यहां उपयोग नहीं है। इसलिये मैं कभी कल्पित कथा प्रस्तुत नहीं करता।

इस प्रकार वेदमंत्रका दूसरा कथन जो (१) 'तदु सुप्तस्य तथैवैति' (२) 'दूरंगमं' इन शब्दोंद्वारा व्यक्त हुआ था, सत्य है ऐसा सिद्ध हुआ है। (३) 'जाग्रतो दूरं उदैति।' जागते हुए दूरके स्थानपर चले जाता है, इस कथनकी सत्यता उक्त शतपथके वचनसे, अर्थात् वृष्टिकी सिद्धिसे, सिद्ध हो सकती है, अथवा जो प्रयोग पूर्व स्थानपर दिया है उससे भी किंचिन्मात्र सिद्धि होना संभव है। यदि किसी पाठकका कोई अनुभव हो कि जिससे जागृतिमें भी मनके दूर जानेकी सिद्धि हो सकती है, तो उस अनुभवको वह प्रसिद्ध करनेकी कृपा करे। कोई कल्पित बात नहीं चाहिए, तथा सब अनुभव तर्कदृष्टिसे परीक्षा करके सिद्ध होनेवाला चाहिए।

मनकी दिव्य शक्तिका अनुभव प्राप्त होनेसे ही अपने आत्मिक बलकी कल्पना हो सकती है। इसलिये सबसे पूर्व मनकी विविध शक्तियोंका अनुभव लेना चाहिए। धार्मिक पुरुषोंको तैयार होना चाहिए और इस दिशासे प्रयत्न करना चाहिए।

## अपने प्रभावका गौरव

कई लोग अपने आपको तुच्छ समझते हैं, 'मैं गिरा हुआ हूं, मैं पतित हूं' आदि वाक्य बोलनेका कईयोंको बडा अभ्यास होता है। केवल अभ्यासकी ही बात नहीं, प्रत्युत ऐसा बोलते रहना बडी नम्रताका और सौजन्यका चिह्न समझा जाता है परंतु—

नात्मानमवमन्येत।

'अपना अपमान करना उचित नहीं' ऐसा महाभारतमें कहा है। जो अपने आपके लिये तुच्छ शब्दोंका प्रयोग करेगा वह शीघ्र उठ नहीं सकता। वेदमें हजारों प्रार्थनाएं हैं, परंतु किसी स्थानपर 'हे परमेश्वर मैं पतित हूं, मुझे तुम उठाओ, मैं हीन हूं मुझे योग्य बनाओ' इस प्रकारकी पतित प्रार्थना नहीं है।

तेजोऽसि तेजो मयि धेहि।
वीर्यमसि वीर्यं मयि धेहि।
बलमसि बलं मयि धेहि।
ओजोऽस्योजो मयि धेहि।
मन्युरसि मन्युं मयि धेहि।
सहोऽसि सहो मयि धेहि॥ यजु० १९।९

'हे परमात्मन्! तू तेजस्वी है, मुझमें तेज स्थापन कर, तू वीर्यवान् है, मुझमें वीर्य स्थापन कर, तू बलवान् है, मुझमें बल स्थापन कर, तू समर्थ है मुझमें सामर्थ्य स्थापन कर, तू उत्साहमय है मुझमें उत्साह स्थापन कर, तू सहनशक्तिसे युक्त है मुझमें श्रम सहन करनेकी शक्ति स्थापित कर।' यह वैदिक प्रार्थना है। यदि आजकलकी दुर्बल रीतिसे उक्त प्रार्थना करना हो तो निम्न प्रकार की जा सकती है—

हे परमेश्वर! मैं बिलकुल तुच्छ निर्बल, अन्धकारमय, वीर्यहीन हूं, इसलिये कृपा करो और मुझमें शक्ति, सामर्थ्य, तेज और वीर्य स्थापन करो!

(आज कलके भजन पुस्तक)

आज कलके भजन पुस्तकोंके भजनोंमें इस प्रकारके भजन होते हैं। उक्त वेदके वाक्यके साथ इन भजनों और प्रार्थनाओंकी तुलना कीजिये और देखिये सच्ची धार्मिक ओजस्विता किसमें है।

मनुष्य जो शब्द बोलता है उसका परिणाम उसके आंतरिक मनपर होता, जो भाव आंतरिक मनपर होता है वही उसके शरीरमें और सब कारोबारोंमें होता है। इसलिये वेदमें किसी स्थानपर आत्मघातकी प्रार्थना नहीं है, तेज, बल, ओज, उत्साह और सहनशक्ति हरएक मनुष्यको प्राप्त करना आवश्यक है; उक्त गुण परमेश्वरसे ही प्राप्त होते हैं, इसलिए उक्त परमेश्वरीय गुण धारण करनेकी उत्साहपूर्ण योग्यताके साथ उपासनाके समय परमेश्वरके पास जाना चाहिये। उपासनाके समय दुर्गुणका स्मरणतक करना उचित नहीं है। अपने अथवा किसी अन्यके दुर्गुणके विचार करतेही मनके ऊपर दुर्गुणका लेप लगता है। इसलिये बडी सावधानीके साथ उपासनाके शब्द बोलने चाहिए।

अपने दुर्गुणोंका बारंबार उच्चारण करनेसे भी वैसा ही बुरा असर होता है, कि जैसा दूसरेके दुर्गुणोंका उच्चार करनेसे होता है। यदि किसी समय बुरा कार्य हुआ तो

झट उसी समय पश्चात्ताप करके उसको ऐसा भूलनेका यत्न करना चाहिये कि फिर उस विचारकी जागृति भी कभी न हो सके। वेद कहता है—

भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः। स्थिरैरंगैस्तुष्टुवांसस्तनूभिर्व्यशेमहि देवहितं यदायुः॥ यजु० २५।२१

(१) "कानोंसे अच्छे शब्द सुनें, (२) आंखोंद्वारा अच्छे भावसे देखें, (३) सुदृढ शरीरके साथ वाणीद्वारा प्रशंसित गुणोंका उच्चारण करें और (४) अपनी आयु श्रेष्ठोंके हितके लिये अर्पण करे।" ये चार भाव उक्त मंत्रमें हैं। इससे स्पष्ट होता है कि किस प्रकार बोलना और सुनना चाहिए। जिस समय 'मैं दीन हूं' ऐसा बोला जाता है उस समय ये शब्द सुने भी जाते हैं। बोलने और सुननेका आंतरिक मनपर पक्का असर हो जाता है। इसलिये सदा इस बातके विषयमें सावधान रहना चाहिये। वेदकी प्रार्थनायें इस विषयमें निश्चित मार्ग बता रही हैं, परंतु वेदके धर्ममार्गपर चलनेका उत्साह बतानेवाले भी पतित विचारमय प्रार्थनाओंसे ही अपनी प्रार्थना करते हैं। वेद कहता है कि—

स्वं महिमानमायजताम्॥ यजु० २१।४७॥

(Let him worship his own majesty)

'अपने प्रभावका गौरव करो।' प्रत्येक मनुष्यमें कोई न कोई विशेष योग्यता अवश्य रहती है। उस अपने प्रभावशाली गुणकी खोज प्रथम करनी चाहिये और उसका विस्तार करना चाहिये। उस गुणके लिये परमेश्वरकी अतुल कृपा समझनी चाहिये। और किसी समयमें भी अपने या दूसरेके बुरे आचार व्यवहारका स्मरणतक नहीं करना चाहिए। इस प्रकार निश्चयपूर्वक व्यवहार करनेसे एक मासके अंदर ही अपने मनकी वृत्ति शुद्ध हो सकती है। अनुभव लीजिये।

## पुरुषार्थके लिये उत्साहमय प्रेरणा

भगवान ऐतरेय महीदास महामुनिकी उत्साहमय वाणीसे पुरुषार्थके लिये प्रेरणाका उपदेश ऐतरेय ब्राह्मणके सप्तम पंचिकामें हुआ है। मनुष्य अपनी उन्नति, पुरुषार्थ प्रयत्नके बिना नहीं कर सकता यह सार्वकालिक सिद्धांत है। किसी समय मनुष्यके लिये पुरुषार्थ प्रयत्नकी आवश्यकता नहीं, ऐसा नहीं है। इसलिये हरएक मनुष्यको यह उपदेश स्मरण रखना योग्य है। किसी एक प्रसंगमें राजा हरिश्चंद्रके युवराज रोहितको भगवान इंद्रका उपदेश निम्न प्रकार हुआ है। जो ऐतरेय महीदासकृत ऐतरेय ब्राह्मणमें है—

नानाश्रांताय श्रीरस्तीति रोहित शुश्रुम।
पापो नृषद्वरो जनः इंद्र इच्चरतः सखा।
चरैवेति चरैवेति॥ १॥

"हे रोहित राजपुत्र! (अ-श्रांताय) जो परिश्रम करके नहीं थक जाता उस सुस्त मनुष्यके लिये (श्रीः) धन, संपत्ति, ऐश्वर्य, प्रभुत्व आदि (न अस्ति) नहीं प्राप्त होता है। (इति शुश्रुम) ऐसा हम सुनते आये हैं। (नृ-षद्वरो जनः) जो मनुष्योंमें सुस्त होता है वही (पापः) पापी होता है। (इत्) निश्चयसे (इंद्रः) प्रभु (चरतः सखा) पुरुषार्थ प्रयत्न करनेवाले उत्साही मनुष्यके मित्र हैं। इसलिये (चर एव) पुरुषार्थ करो, निश्चयसे परम पुरुषार्थ करो।

श्रीका अर्थ–धन, संपत्ति, ऐश्वर्य, प्रभुत्व, उन्नति, अभ्युदय, महत्त्व, राजकीय शोभा; उच्च स्थिति, सौंदर्य, तेज, शोभा, शरीरकी उत्तम कांति, सद्गुण, बुद्धि, दैवीशक्ति, योगकी शक्ति, धर्म, अर्थ, काम, वक्तृत्व, यश, कीर्ति। यह सब उस श्रेष्ठ मनुष्यको प्राप्त होता है कि जो थक जानेतक महान् पुरुषार्थ करता है। जो सुस्त मनुष्य सोता रहता है उसको आप पापी समझिए। सुस्ती, आलस्य, उद्योग न करना, निरुद्योगता, निकम्मेपन, आरामतलबी ये ही पाप हैं। जो निकम्मा रहता है वही पापी होता है। पुरुषार्थ करना ही पुण्य है। जो बडा प्रयत्न करता है वही धर्मात्मा और पुण्यात्मा मनुष्य है। परमेश्वर प्रयत्नशील पुरुषकी ही सहायता करता है। इसलिये हरएक मनुष्यको अवश्य प्रयत्न करना चाहिये। तथा—

पुष्पिण्यौ चरतो जंघे भूष्णुरात्मा फलग्रहिः।
शेरेऽस्य सर्वे पाप्मानः श्रमेण प्रपथे हताः॥
चरैवेति चरैवेति॥ १॥

"जो (चरतः) चलता रहता है उसीकी (जंघे) जांघें (पुष्पिण्यौ) फूलकर पुष्ट होतीं हैं। पुरुषार्थी मनु-

ष्यका आत्मा ही ( भूष्णुः ) अभ्युदय प्राप्त करनेवाला और ( फलग्रहिः ) फल मिलनेतक प्रयत्न करनेवाला होता है। इसके सब पाप मार्गके बीचमें ही ( श्रमेण हताः ) परिश्रमके कारण नष्ट हो जाते हैं। इसलिये पुरुषार्थ करो, अवश्य निश्चयपूर्वक पुरुषार्थ करो। "

जो चलता है उसके पांव और जांघें बलवान और पुष्ट होती हैं, जो नहीं चलता, सदा बैठा रहता है उसके पांव कृश रहते हैं। जो हाथोंसे व्यायाम करता है उसीके बाहुओंमें पुष्टि और शक्ति बढती है जो व्यायाम नहीं करेगा उसके बाहु अशक्त रहेंगे। उसी प्रकार व्यायाम करनेसे सब शरीर पुष्ट और सुदृढ होता है। जो व्यायाम नहीं करते उनका शरीर निर्बल हो जाता है। इसलिये अपना शरीर पुष्ट बलवान और निरोग बनाना अपने ही हाथमें है।

पुरुषार्थ करनेवालेके आत्मामें आत्मविश्वास रहता है। मैं अपनी उन्नति अवश्य प्राप्त करूंगा ऐसा विश्वास प्रयत्नशील पुरुषके अन्तःकरणमें सदा रहता है। पुरुषार्थी मनुष्य कभी हताश, निरुत्साही और उदास नहीं होता। हमेशा उत्साहकी धुंदमें प्रयत्न करता ही रहता है। इसलिये वही मनुष्य अन्तमें फलको अपने ही पास खींच लेता है। कर्मोंका मधुर फल भक्षण करनेका उसीको सौभाग्य प्राप्त होता है। प्रयत्नके श्रमसे जो घर्मकी धारायें बहती हैं उन धाराओंसे उसके सब पापके मल धोये जाते हैं और वह निष्पाप बनता है। इतना परिश्रमका माहात्म्य है। इसलिये हरएक मनुष्यको चाहिये कि वह अवश्य परम पुरुषार्थ करके पवित्र बने।

आस्ते भग आसीनस्योर्ध्वस्तिष्ठति तिष्ठतः।
शेते निपद्यमानस्य चराति चरतो भगः॥
चरैवेति चरैवेति॥ ५॥

" ( आसीनस्य ) जो बैठ रहता है उसका ( भगः ) ऐश्वर्य ( आस्ते ) बैठा रहता है। ( तिष्ठतः ) जो खडा रहता है उसका ऐश्वर्य ऊपर खडा रहता है। ( निपद्यमानस्य ) जो सोता रहता है उसका ऐश्वर्य भी ( शेते ) सो जाता है और ( चरतः भगः ) पुरुषार्थ करनेवालेका ऐश्वर्य ( चरति ) उसके साथ चलता हुआ जाता है। इसलिये पुरुषार्थ करो, निश्चयसे अवश्य पुरुषार्थ करो। "

ऐश्वर्य, धन, प्रभुत्व आदि सब उसी मनुष्यको प्राप्त होते हैं कि जो सदा प्रयत्नकी पराकाष्ठा करता है। आलसी मनुष्यको कभी ऐश्वर्य प्राप्त नहीं हो सकता। जो सोवेगा, उसका धन भी सोवेगा इसलिये हरएकको अवश्य परम पुरुषार्थ करके ऐश्वर्य आदि सब प्राप्त करने चाहिये।

कोई देव आकर मुझे ऐश्वर्य देगा, ऐसा कभी हो नहीं सकता, क्योंकि दैववादी आलसी मनुष्योंका धन और ऐश्वर्य सोता रहता है इसलिये वह उनके पास पहुंच नहीं सकता, जबतक कटिबद्ध होकर पुरुषार्थ नहीं करता तबतक उसका ऐश्वर्य उठकर उसके पास नहीं पहुंच सकता है। इसलिये सबको उत्तम पुरुषार्थ करना उचित है।

कलिः शयानो भवति संजिहानस्तु द्वापरः॥
उत्तिष्ठंस्त्रेता भवति कृतं संपद्यते चरन्॥
चरैवेति चरैवेति॥ ४॥

" ( शयानः ) सोना ही कलियुग ( भवति ) होता है। (संजिहानः) आलस्य छोड देना ही द्वापर युग है। (उत्तिष्ठन्) उठना त्रेतायुग होता है और ( चरन् ) पुरुषार्थ करना ही कृतयुग ( संपद्यते ) बन जाता है। इसलिये पुरुषार्थ करो, निश्चयसे पुरुषार्थ करो। "

कई लोग अपने नुकसानीके कारण ' समय ' को दोष देते हैं। परंतु ' समय ' सबके लिये एक समान होता है। लोग कहते हैं कि यह कलियुग है इसमें ये दोष अवश्य हो ही जायंगे। परंतु वास्तविक बात ऐसी नहीं है। प्रत्येक समाज तथा प्रत्येक राष्ट्र अपने लिये अपने पुरुषार्थसे कलियुग अथवा सत्ययुग बना सकता है। आलस्यमें सडनेवालेके लिये सब समय कलियुग अर्थात् हीन अवस्थाका समय हो जाता है, जो आलस्य छोडकर उठकर पुरुषार्थ करनेके लिये कटिबद्ध होता है उसके लिये वही समय द्वापर और त्रेतायुग बन जाता है। तथा जो दृढ विश्वास और प्रबल उत्साहके साथ अपने पुरुषार्थकी पराकाष्ठा करता है उसके लिये हरएक समय प्रशंसनीय सत्ययुग, सुवर्णयुग अथवा उन्नतिका और आनंदका समय हो जाता है इसलिये सबको उचित है कि वे अपने अन्तःकरणोंको पुरुषार्थके ढांचेमें ढाल कर रखें, जिससे उनके अन्दर कभी आलस्य और उदासीनताकी लहर न उठे। तथा और कहा है—

ॐ

# मनका प्रचण्ड वेग

सब कहते हैं कि ' मन ' बडा ही चंचल है और मन अत्यंत वेगवान् है; परंतु मनका वेग कितना है और वह एक निमेषमें कितनी दूर जा सकता है, इसका विचार इस समयतक किसीने नहीं किया है। बैल, घोडा, रेलगाडी, चंद्र, सूर्य, आदि वेगवान् पदार्थ हैं। वायु, प्रकाश और विद्युत्का भी वेग अत्यंत है, इन सब पदार्थोंके वेग प्रतिक्षणमें इतने हैं, ऐसा सिद्ध हो चुका है। प्रत्यक्ष दृश्य पदार्थोंसे अदृश्य पदार्थोंतक सबके वेग इस समय विदित हैं, परंतु जिस मनसे उक्त पदार्थोंके वेग नापे जाते हैं, उस मनके वेगका अभीतक किसीको पता ही नहीं है।

मनके अंदर वेग है, और वह एक स्थानसे दूसरे स्थानतक जा सकता है, इसका भी बहुत थोडे लोगोंको ज्ञान है। वेग दो प्रकारका होता है, एक अपने ही अंदरकी गति और दूसरी स्थानांतरमें जानेकी गति। मनकी चंचलताका जो मनुष्य अनुभव करते हैं, वे उसकी आंतरिक गतिको मानते ही हैं। चंचलताका यही अर्थ है कि उसके घटक अवयवोंमें बडी विलक्षण गति है। यह आंतरिक गति इतनी अधिक है कि इस गतिके कारण मनको स्थिर करना बडा ही मुश्किल हो गया है। साधारण प्रयत्नसे मनकी स्थिरता होती ही नहीं। योगाभ्यास द्वारा प्रबल निश्चयपूर्वक बडे प्रयत्नोंके साथ इसका निरोध हो सकता है। पचीस घोडोंकी शक्तिसे चलनेवाली मोटार गाडीको सुगमतासे कोई पहलवान रोक सकता है, परंतु मनकी आंतरिक गतिका निरोध करना बहुत ही कठिन कार्य है।

यह विचार मनके आंतरिक वेगका हो गया। परंतु इसका दूसरा भी एक वेग है कि जो एक स्थानसे दूसरे स्थानतक जानेसे संबंध रखता है। मनके इस वेगके विषयमें कई विद्वान् संदेह करते हैं। इसलिये इस बातका जहां विचार करना है कि वेदमंत्रोंके कथनका क्या तात्पर्य प्रतीत होता है। आत्माका वेग वर्णन करते हुए वेद कहता है कि—

एकं मनसो जवीयः ॥ यजु. ४०।४

" आत्मा अथवा ब्रह्म मनसे वेगवान् हैं। " आत्माका वेग मनसे अधिक है, इस कथनसे यह बात सिद्ध होती है कि मनकी गति आत्मासे कम है। अर्थात् आत्मासे भिन्न अन्य सब पदार्थोंकी अपेक्षा मनका वेग अधिक है। हमारे पास निम्न पदार्थ हैं—

परमात्मा
आत्मा बुद्धि
:
मन
:
ज्ञानेंद्रिय
कर्मेंद्रिय
स्थूल शरीर
सम्पूर्ण जगत्

इंद्रियोंकी शक्ति और गति सबके अनुभवमें हैं। उनसे मन वेगवान् है और उससे भी आत्मा वेगवान् है, यह उक्त वचनका तात्पर्य है। अर्थात् यद्यपि मनकी गति आत्मासे कम है, तथापि अन्य सब पदार्थोंकी अपेक्षा उसकी गति अत्यंत अधिक है, इसमें कोई संदेह नहीं। क्या यह मनकी गति स्थानिक है अथवा स्थानांतरीय है? अर्थात् क्या यह मन अपने स्थानमें रहता हुआ चंचल रहता है अथवा एक स्थानसे दूसरे स्थानतक जाता है? यही बडा गहन प्रश्न है, जिसका विचार इस लेखमें करना है। मनके दूर जानेके विषयमें वेदमें निम्न मंत्र देखने योग्य हैं —

यत् ते यमं वैवस्वतं मनो जगाम दूरकम् ॥ १ ॥
यत् ते दिवं यत् पृथिवीं मनो जगाम दूरकम् ॥ २॥
यत् ते चतस्रः प्रदिशो मनो जगाम दूरकम् ॥ ४ ॥
यत् ते समुद्रमर्णवं मनो जगाम दूरकम् ॥ ५ ॥
यत् ते पर्वतान् बृहतो मनो जगाम दूरकम् ॥ ९ ॥
यत् ते विश्वमिदं जगन्मनो जगाम दूरकम् ॥ १० ॥
यत् ते पराः परावतो मनो जगाम दूरकम् ॥ ११ ॥
ऋग्वेद १०।५८

"जो मन द्युलोक, पृथिवी, चारों दिशाएं, समुद्र, बडे बडे पर्वत, सब जगत् और दूरदूरके स्थानोंमें चला जाता है" उसको वापस लानेका यत्न करो। यह उपदेश उक्त मंत्रमें है। इन मंत्रोंमें—

मनः दूरकं जगाम।

इन शब्दों द्वारा "न समझते हुए मन दूर गया था" यह भाव स्पष्ट रीतिसे व्यक्त हो रहा है। "जगाम" क्रिया अज्ञात गतिकी द्योतक है। प्रत्यक्ष गति, जो स्वयं देखी होती है, उसका उल्लेख "जगाम" क्रियासे नहीं हो सकता। मन जो भटकता है वह न समझते हुए ही भटकता है। आप उसको एकाग्र करनेका प्रयत्न करते रहिए किस समय वह दूर भाग जायगा, इसका पता नहीं लगेगा। वह इतना चंचल है। उक्त मंत्रमें "दूरकं" शब्द द्वारा एक स्थानसे दूसरे स्थानतक भाग जानेका मनका धर्म व्यक्त हो रहा है। तथा और मंत्र देखिए—

यज्जाग्रतो दूरमुदैति दैवं, तदु सुप्तस्य तथैवैति॥
दूरंगमं० ॥ १ ॥ हृत्प्रतिष्ठं यदजिरं जविष्ठं॥ ६ ॥
यजु. ३४

"जो मन जागृत अवस्थामें दूर जाता है, वैसा ही सोनेपर भी दूर जाता है। इसका दूर जानेका स्वभाव ही है।... हृदयमें रहनेवाला यह मन अत्यंत वेगवान् है।" ये मंत्र मनकी सब शक्तियोंका वर्णन कर रहे हैं। परंतु सब मंत्र यहां नहीं लिये हैं। उसकी गतिके दर्शानेवाले जितने शब्द हैं, उनका ही यहां विचार करना है। इन मंत्रोंके विभाग निम्न प्रकार कीजिए, जिससे उनका तात्पर्य ठीक प्रकार ध्यानमें आ जायगा—

| | |
|---|---|
| दैवं | दूरं गमं |
| जाग्रतः दूरं उदैति | सुप्तस्य तथैव दूरं एति |
| अजिरं | जविष्ठं |

उक्त मंत्रोंमें "अजिर" और "जविष्ठ" ये दो शब्द भिन्न गतिके वाचक हैं। "अजिर" शब्द अपने अंदरकी चंचलता बता रहा है और "जविष्ठ" शब्द अन्य स्थानमें जानेके स्वभावका वर्णन कर रहा है "दैवं" शब्दमें भी गति अर्थ है क्योंकि "दिव्" धातुके अनेक अर्थोंमें गति भी एक अर्थ है। "अजिर" शब्दका अर्थ "वृद्धावस्थासे रहित" ऐसा करनेकी परिपाटी है, परंतु गत्यर्थक 'अज्' धातुसे वह शब्द बन सकता है, और इस प्रकार इसका 'गतिमान्' ऐसा अर्थ हो सकता है। वृद्धावस्थासे रहित यह अर्थ "अ-जर" शब्दका हो सकता है। "अजिर" शब्द 'अ-जर' शब्दसे भिन्न है, इसलिये इसका 'गतिमान्' यह अर्थ उचित दीखता है।

संस्कृत ... अजिर
फ्रेंच ... Agile (अजिल)
लातिन ... Agilis (अजिलिस्)

संस्कृतमें 'र ल' एक ही समझे गये हैं, इस नियमानुसार 'अजिर, अजिल' एक ही हैं। यही गत्यर्थक शब्द लातिन आदि भाषामें गया है। इस निरुक्त-दृष्टिसे भी 'अजिर' का अर्थ 'गतिमान्' करना योग्य है, क्योंकि लातिन, फ्रेंच, अंग्रेजी भाषाके '(Agile) अजिल्' शब्दका अर्थ भी 'गतिमान्' ही है। अस्तु।

उक्त मंत्रमें 'अजिर' शब्द अपनी गति बता रहा है। और 'जविष्ठ' शब्द स्थानांतरमें जानेकी गति बता रहा है। ये दोनों गतियां ऋग्वेदके मंत्रमें "दूरकं जगाम" शब्दों द्वारा सामान्य रीतिसे व्यक्त हो रही हैं। तथा—

मनो जूतिः ॥ यजु. २।१३

"मन वेगरूप ही है" ऐसा इस मंत्रमें कहा है। "जूति" का अर्थ "वेग" है। वेग ही मन है, अर्थात् मन अत्यंत वेगवाला है। निम्न मंत्रमें मनका वेग विशेष रीतिसे बताया है—

मनो-जवा अयमान आयसीमतरत्पुरम्।
ऋ. ८।१००।८

"मनके वेगके समान दौडता हुआ (आयसीं पुरं) लोहेके कीलेमें पहुंच गया।" इस मंत्रमें 'मनके वेगके समान (अयमानः) दौडनेवाला' यह वर्णन स्पष्ट रूपमें मनका एक स्थानसे दूसरे स्थानमें जाना बता रहा है। यही मनकी "जूतिः" अर्थात् वेग है। यही बात निम्न मंत्रमें अधिक स्पष्ट हो गई है—

मनो न योऽध्वनः सद्य एति ॥ ऋ० १।७१।९

"मनके समान जो (अध्वनः सद्यः एति) मार्गके पार तत्काल जाता है।" यह मंत्र तो मनका अन्य स्थानमें जानेका भाव विशेष रूपमें बता रहा है। यह मार्गके पार ऐसे वेगसे जाता है कि जैसा मन मार्गके परे जाता है। तथा और देखिए—

ध्रुवं ज्योतिर्निहितं दृशये कं मनो जविष्ठं पतयत्स्वंतः ॥ ऋ० ६।९।५

"जो (ध्रुवं ज्योतिः) स्थिर तेज (कं) सुख देनेवाला (दृशये) देखनेके लिये हृदयमें रखा है वही मन है, वही (पतयत्सु) दौडनेवालोंके (अंतः) अंदर (जविष्ठं) वेगवान् है"

हृदयमें जो मन है वह सब गतिमान पदार्थोंमें अत्यंत गतिमान है। इस प्रकार वेदमंत्रोंका कथन मनके विषयमें है, जिससे सिद्ध है कि मनकी अपने अंदरकी एक गति है, जिसको चंचलता कहते हैं। और उसकी दूसरी दूर देशमें जानेकी गति है, जिससे योगी एक स्थानमें बैठा हुआ दूसरे स्थानकी बात जान सकता है। साधारण मनुष्यके मनमें भी ये दोनों गतियां हैं, परंतु वह दूसरी गतिका उपयोग कर नहीं सकता, क्योंकि साधारण मनुष्यके स्वाधीन उसका मन नहीं रहता। बडे परिश्रमसे और योगके विविध प्रकारके प्रयत्नोंसे जब उसको वश किया जाता है, तब वह उक्त सब कार्य कर सकता है। किसी समय योगसाधनके बिना भी मनकी उक्त शक्तिका अनुभव आ सकता है। साधारण मनुष्य भी जब अपने प्रेमी मनुष्यके संबंधमें विशेष प्रबल इच्छा करता है, तब उसकी मानसिक इच्छाका आघात दूर स्थानके मनुष्यके मनपर होता है। इस विषयमें एक प्रत्यक्ष देखा हुआ उदाहरण नीचे देता हूं—

## प्रत्यक्ष अनुभव

वर्धा नगरकी अंग्रेजी पाठशालामें म० गोविंदराव वाबले (बी. ए., एल्. टी.) अध्यापकका कार्य कर रहे थे। और इनकी धर्मपत्नी श्रीमती चंद्राबाई, बालक कमल और बालिका लीलाके साथ, औंध (जि. सातारा) में अपनी माताके घर कुछ दिन विश्रामके लिये आ गई थीं। औंध ग्रामसे वर्धा नगर प्रायः छः सौ मीलके अंतरपर है। अर्थात् पतिपत्नीमें इस समय छः सौ मीलका अंतर था कि जिस समय निम्न बात हो गई।

सन १९१८ का अक्टूबर मासका प्रारंभ था कि जिस समय श्री० चंद्राबाईजी अपने पतिके स्थानपर जानेकी तैयारी कर रही थी और उन्होंने तिथिका निश्चय करके अपने पतिको पत्र भी लिखा था कि मैं फलाने दिन वर्धाको अवश्य पहुंचूंगी। पत्नीका आनेका निश्चय विदित करके म० गोविंदरावजीने मकान आदिका प्रबंध भी सब प्रकारसे कर दिया था। इस प्रकार पतिपत्नीके मनमें परस्परके विषयमें समागमके प्रेममय विचार उत्पन्न हो गये थे और मिलनेकी आतुरता भी बढ गई थी।

यह समय इन्फ्लुएंझा बुखारका था। यह जंगी बुखार बंबईसे पूना होकर औंध पहुंच चुका था और जिस समय धर्मपत्नीके शुभागमनकी तिथिका पत्र म० गोविंदरावजीके हाथमें पहुंचा था, उसके थोडे दिन पश्चात् ही इधर धर्मपत्नी अपने लडकेके साथ उस ज्वरसे बीमार हो गई थी, तथा उनके मकानके सब लोग उसी ज्वरसे बीमार पडे थे।

धर्मपत्नीके मनमें जो पतिदर्शनकी आतुरता थी, वह ऐसे समयमें हदसे अधिक बढना संभव है। परंतु बेचारी कर क्या सकती थी? घरके लोग सभी बीमार पडे थे, इसलिये अपनी बीमारीका वृत्तांत भी पतिको पत्रद्वारा विदित करना उनको असंभव हो गया। अर्थात् इनकी बीमारीकी कोई खबर म० गोविंदरावजीको न थी और वे इनकी प्रतीक्षा ही कर रहे थे और भावी सुखकी कल्पनाओंमें मग्न थे।

शुक्रवार ता. ४ अक्टूबरतक म० गोविंदरावजीके मनमें पूर्वोक्त सुखमय कल्पना ही रही। शनिवारके दिन बिना किसी खास कारणके म० गोविंदरावजीके मनमें भयानक उदासीनता उत्पन्न हो गई, संपूर्ण जगत्में जिधर उनकी दृष्टि जाती थी, उधर उदासीनता ही उदासीनता उनके सामने खडी होने लगी। सब मित्र, जो उनके प्रतिदिन मिलने जुलनेवाले थे, आश्चर्यचकित हो गये और उनको नाना प्रकारसे समझाने लगे कि अभी तुम्हारी पत्नी आवेगी और यह होगा इ०। परंतु म० गोविंदरावकी उदासीनता प्रतिक्षण बढने ही लगी।

इतना होनेपर भी अपनी धर्मपत्नीकी बिमारीका वृत्तांत उनको यद्यपि बिलकुल मालूम नहीं था, तथापि उनके मनकी चंचलता और उदासीनता बढ रही थी। सब उनके

मित्रोंने यही समझा था कि ये महाशय पागल बन गये हैं। परंतु वास्तविक बात और ही थी।

सोमवार ता. ७ अक्टूबरतक यही अवस्था रही। बीचमें म० गोविंदरावजीने छुट्टी लेकर स्वयं औंध आनेका भी विचार किया, परंतु छुट्टी न मिलनेके कारण वे बिचारे वर्धासे चल ही न सके। सोमवारके दिन रात्रिके भोजनके पश्चात् म० गोविंदरावजी अपने बिस्तरेके साथ बैठ ही रहे थे इतनेमें उनको किंचित् मात्र निद्रा आ गई, जिसमें उनको स्वप्नमें अपनी पत्नीकी मूर्ति दीखने लगी और उन्होंने स्वप्नमें ही ये शब्द सुने कि— " अब रोनेसे क्या लाभ ? मैंने आपसे कई वार कहा था कि, आप आकर मुझे ले जाइए अथवा मुझे मिल लीजिए, परंतु आपने कहां सुना ! अब भला रोनेसे क्या लाभ होगा ! जो होना था सो हो चुका। "

यह स्वप्न देखते ही म० गोविंदरावजीके मनमें पूरा पूरा निश्चय हो गया कि अपनी धर्मपत्नीको सचमुच किसी प्रकारका बडा ही क्लेश है और कदाचित् अब उनके साथ मिलना भी असंभव होगा। परंतु रात्रिमें इस समयके पश्चात् कोई रेल गाडी जाती न थी, इसलिये मंगलवारके दिनतक उनको वहां ही उसी प्रकारकी उदासीनतामें रहना पडा।

मंगलवारके दिन प्रातःकालके समय एक और आश्चर्य हुआ। वह यह कि अपना पुत्र अपनेको अपने नामसे पुकार रहा है ऐसा तीन चार वार उन्होंने सुना। पुत्रका परिचित शब्द सुनकर उनको भास हुआ कि पुत्र आदि आ गये हैं। परंतु इधर उधर देखनेके पश्चात् विदित हुआ कि वह केवल भ्रम ही था।

इतना होनेपर भी म० गोविंदराव और उनके मित्र यही समझते थे कि ये सब चित्तकी भ्रांतिके प्रकार हैं। अंतमें बुधवारके दिन उन्होंने वर्धासे औंधको तार दिया और पत्नीकी कुशलताका वृत्तांत पूछा। परंतु तारका जबाब न आया जिससे दुःखित होकर वे वर्धासे चल पडे और औंध पहुंचे। तब उनको पता लगा कि धर्मपत्नी और प्रिय पुत्र इस लोकसे क्रमशः उसी रात और उसी दिनके समय चल बसे कि जिस समय उन्होंने स्वप्न देखा और जिस समय पुत्रके शब्द सुने।

इस लेखका लेखक संपादक जहां रहता था वहां ही यह वृत्तांत हुआ इसलिये उक्त सब बातें उसको पूर्ण रीतिसे विदित हैं। जब औंधका वृत्तांत और वर्धाका पतिका भ्रम साथ साथ मिलाया गया, तब विशेष ही आश्चर्य प्रतीत हुआ। उसका सारांश निम्न प्रकार है—

## स्वप्नका विचार

( १ ) पति और पत्नीमें करीब छः सौ मीलका अंतर था। पति और पत्नीके मनमें परस्पर मिलनेकी आतुरता बहुत ही बढ गई थी।

( २ ) पत्नी और पुत्रकी बीमारीका कोई ज्ञान पतिको न था, परंतु पतिके मनमें यही विश्वास था, कि अब धर्मपत्नी शीघ्र ही आ जायगी और पुत्र आदि सब कुशल ही हैं। क्योंकि ऐसा ही पत्र एक सप्ताह पूर्व पतिके हाथमें पहुंच गया था।

( ३ ) पत्नीका बुखार जिस दिन और जिस समय बढ गया, उसी समय और उसी दिन पतिका मन उदासीनतासे व्याकुल होने लगा, जिस उदासीनताके लिये वहांका कोई स्थानिक कारण न था। और यह उदासीनता उसी प्रमाणसे बढ गई कि जिस प्रमाणसे यहाँ पत्नीकी बीमारी बढने लगी। साथ साथ पुत्रका ज्वर भी प्रारंभ हुआ।

( ४ ) जिस रात्रिमें पत्नीकी मृत्यु हो गई उसी रात्रिमें दो तीन घंटे पूर्व पतिको पूर्वोक्त स्वप्न हुआ।

( ५ ) पुत्रकी मृत्यु भी ठीक उसी समय हुई कि जिस दिन और जिस समय पिताने पुत्रका आवाज तीन चार बार सुना था। इसमें सबसे आश्चर्य यह है कि मृत्युके पूर्व पुत्रने अपने पिताका नाम जोर जोरसे तीन चार बार लिया था और तत्पश्चात् ही उसकी मृत्यु हो गई थी।

( ६ ) इस समयतक पतिको अपनी पत्नी और पुत्रकी मृत्युकी कोई खबर नहीं थी। परंतु उनका चित्त इतना शोकमय हो गया था कि, जैसा इनका मृत्यु साक्षात् देखनेसे हो सकता था। यहां आनेके पश्चात् ही पतिको उनकी मृत्युका ज्ञान हुआ था।

पूर्वोक्त कथनमें जो विचार करने योग्य बातें हैं, उनको ऊपर रखा है। प्रत्यक्ष देखनेके कारण इनके सत्य होनेमें कोई शंका ही नहीं है। यद्यपि हरएक बात विचार करने योग्य है, तथापि—

( १ ) स्वप्नकी बात और ( २ ) पुत्रका शब्द सुननेकी बात विशेष विचार करने योग्य है। उनमें भी पुत्रका आवाज जैसा सुननेका वृत्तांत विशेष महत्त्व रखता है। क्योंकि मृत्युके पूर्व पुत्रने "काका, काका, काका" ये ही शब्द पुकारे थे और पिताने भी ये ही शब्द सुने थे। यह लडका अपने पिताको "काका" नामसे ही पुकारा करता था और पितापुत्रका प्रेम विलक्षण दृढ था।

संभव है कि पिताके मनमें विलक्षण उदासीनता अपनी ही संशयवृत्तिसे उत्पन्न हो गई होगी; परंतु यह संभव मानना कठिन है, कि जिस समय जिस दिन पुत्रने "काका" नामसे पिताको जितनी बार पुकारा हो, उसी दिन उसी समय और उतनी बार पिताके कानमें वे ही शब्द पडना, पिताकी ही मनकी कल्पना है। इसलिये इसमें कोई बात "मानसिक संदेश" की होना अधिक संभव है। स्वप्नके विषयका भी इसी बातसे संबंध प्रतीत होता है।

कई लोग कहेंगे कि स्वप्न भी कल्पनासे हो सकेगा। परंतु उक्त शब्दोंका सुनना तो जागृतिमें ही हुआ था। जागृत अवस्थामें शब्दका सुनना विशेष बातकी सिद्धि कर सकता है। कई भोले लोग कहते हैं कि मृत्युके समय स्त्रीका आत्मा भूत बनकर वहाँ पहुंचा था, परंतु विचार करनेसे भूतप्रेतकी कल्पना यहां सजती ही नहीं। क्योंकि भूत प्रेत तो शरीरका और सूक्ष्म देहका माना भी जा सकता है, परंतु कपडेलत्तोंका भूत मानना असंभव है। जिस समय जो कपडे मरनेवाली स्त्रीके शरीरपर थे, यदि वैसे ही कपडोंके साथ उसी ही प्रकार दिखाई देता, तो भूतकी कल्पना संभव मानी जाती। परंतु वैसा नहीं हुआ। स्वप्न में जो पत्निकी मूर्ति नजर आगई वह हमेशाके कपडोंमें और हमेशाके जेवरोंके साथ साथ थी। इसलिये यहांसे भूत वहां गया ऐसा नहीं माना जा सकता। पतिके मनमें जो स्त्रीविषयक चिंता और उदासीनता उत्पन्न हो गई थी, उसके कारण पतिकी स्त्रीविषयक मानसिक कल्पना ही स्वप्नमें प्रकट हो गई। स्वप्नकी मूर्तिका यह स्पष्टीकरण हो सकता है, परंतु उदासीनताका कारण केवल काल्पनिक नहीं माना जा सकता। क्योंकि उसका संबंध पत्नीके ज्वरके समयके साथ स्पष्ट दिखाई देता है।

जब पत्नी ज्वरित हो गई और जब पतिके पास जानेका उनका मनोरथ सिद्ध होना असंभव हुआ, तथा जब उनको अपनी बीमारीका असली भयानक स्वरूप विदित हुआ, तब उनका मन मानसिक संदेह द्वारा पतिके मनको धक्का देने लगा। यही कारण है कि जिससे पतिका मन एकाएक उदासीन बन गया और अंततक पूर्ववत् उत्साहपूर्ण नहीं हुआ।

जहां प्रेमका संबंध होता है, जिनके हृदय परस्पर प्रेमभावसे मिले हुए होते हैं, उनमेंसे एक हृदय दुःखी अथवा सुखी हो जानेसे दूसरेके हृदयमें भी, बिना किसी दृश्य कारणके, वे ही सुख अथवा दुःखके भाव उत्पन्न होते हैं। यह मनका धर्म है। तथा इसके लिये स्थानकी दूरतासे कोई प्रतिबंध नहीं हो सकता। क्योंकि मन अत्यंत वेगवान् है। उसी क्षणमें जितना चाहे दूर जा सकता है।

पुत्रका आवाज सुननेके विषयमें इतना कहना आवश्यक है, कि यहांसे छः सौ मील अंतरपर यहांकी आवाज पहुंची यह संभव ही नहीं है। यह भी मानसिक संदेशका ही प्रकार है। पुत्रके मनकी प्रबल भावनाका परिणाम पिताके मनपर हुआ और उसके कारण उक्त शब्द सुननेका भ्रम हो गया। मनमें जो दृढ भावना हो जाती है, वह जैसी मूर्तिरूपमें आंखोंसे दिखाई देती है; उसी प्रकार शब्दरूपमें कानोंसे सुनाई देती है। इसलिये शब्दोंका स्थानांतर माननेकी यहां कोई आवश्यकता नहीं है। मानसिक संदेशके मानसिक आघातोंका यह चमत्कार है।

शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंधकी कल्पना मनसे होती है, इसलिये जैसा मनमें रूपका भास हो सकता है, वैसा ही शब्दोंका श्रवण मनमें भी भासरूपसे हो सकता है। तथा अन्य विषयोंका भी भास हो सकता है। भास उसको कहते हैं कि जो विषयकी वास्तविक अनुपस्थिति होनेपर भी उसकी प्रतीति होती है। इसी नियमके अनुसार पूर्वोक्त कथनमें पुत्रके शब्दोंका भावरूप श्रवण उसके पिताको हो गया था। इसमें मुख्य बात मानसिक आघातकी है और शब्दश्रवण मानसिक आघातोंका ही परिणाम है।

कानसे शब्दोंका श्रवण होता है, परंतु मनका संबंध कर्ण इंद्रियके साथ न हुआ, तो बडेसे बडा भी शब्द सुनाई नहीं देता, इस बातका अनुभव हरएकको है। जब एक

मित्र दूसरेको कई बार पुकारता है, जब वह बार बार पुकारनेपर भी नहीं सुनता, तब उस समय वह पुकारनेवाला दूसरेसे कहता है कि ' अरे ! तेरा मन कहां गया है ? ' अर्थात् मनके संबंधसे श्रवण होता है इस बातको सभी जानते हैं। जिस प्रकार बाहिरके शब्द कर्णेन्द्रियद्वारा मन ही सुनता है, तद्वत् ही मनमें उद्भूत होनेवाली शब्दोंकी अथवा अन्य विषयोंकी कल्पना, कानोंसे अथवा उस उस विषयके अन्य इंद्रियसे प्रत्यक्ष होनेका भास होता है। बाहरसे धक्का आ जावे अथवा अंदरसे प्रेरणा हो जावे, दोनोंका परिणाम एक समान होता है। इतनी विलक्षण शक्ति मनमें है।

उक्त पतिको यदि योगसाधनादि द्वारा मनकी स्वाधीनताकी सिद्धि प्राप्त होती, तो स्त्रीके मनद्वारा प्रेरित मानसिक संदेश ठीक रूपमें देखने और जाननेकी संभवना होती है। परंतु प्रेरणा भेजने और प्रेरणा लेनेवाले साधारण जन होनेसे केवल मनपर उदासीनता ही रही और कारणका ज्ञान न हुआ।

अस्तु। इस प्रकारकी थोडीसी बातें इस पुस्तकके लेखकने देखीहैं। इस प्रकारकी दो चार कथाओंसे मनोविज्ञानके किसी सिद्धांतका निश्चयात्मक ज्ञान अथवा आविष्कार होना नहीं है। एक एक बातको सिद्ध करनेके लिये भिन्न भिन्न परिस्थितिके प्रत्यक्ष देखे उदाहरण सैकडोंकी संख्यामें एकत्रित करने चाहिए और इन कथाओंकी परीक्षा करनेवाले अंधविश्वासी नहीं होने चाहिए। तब कभी जाकर किसी सिद्धांतकी स्थिरता हो सकती है।

ऊपरकी कथासे जो अनुमान ऊपर लिखे हैं, उससे वे ठीक प्रकार अवश्य ही सिद्ध हो रहे हैं, यह मेरा बिलकुल आग्रह नहीं है। कदाचित् होंगे और कदाचित् न भी होंगे। जब इस प्रकारकी सैकडों बातें सैकडों प्रसंगोंमें देखी जांयगीं तब कभी जाकर हम किसी परिणामतक पहुँच सकेंगे।

पाठकोंको भी उचित है कि वे जब कभी संभव हो तब इस प्रकारके कथाप्रसंगोंका ध्यान रखा करें और भोलेपनका विचार छोडकर चिकित्सक दृष्टिसे निरीक्षण और परीक्षण करके, उन प्रसंगोंकी प्रसिद्धि करें, जिससे किसी मनोविज्ञानकी बातका पता लगना संभव हो। यों ही मनःकल्पित कथाएँ नहीं चाहिए। जो वास्तवमें जिस रूपमें हुई हैं उनको वैसा ही बताकर यदि उससे किसी सिद्धांतका पोषण हो सके, तो करनेका यत्न करना चाहिए। आशा है कि पाठक भी इस दृष्टिसे बातें देखकर विचारकी संगतिद्वारा सहायता करेंगे। यह कार्य किसी एकका नहीं है, परंतु सब वैदिक धर्मियोंका है। वेदके मंत्रोंका इसी प्रकार प्रत्यक्ष अनुभव देखा जा सकता है। यदि इस समय हमारी गलती हो जायगी तो हमारे पीछेसे जो अच्छे मनुष्य आ रहे हैं, वे उसको ठीक करेंगे। हमारा अनुमान यदि गलत होगा, तो दूसरे ठीक अनुमान निकाल सकेंगे। परंतु इस मार्गसे कार्यका प्रारंभ होना चाहिए। इसी उद्देशसे ऊपर लिखी कथा और अपने अनुमान पाठकोंके सम्मुख रखे हैं। सिद्धि असिद्धिका किसी प्रकार आग्रह रखनेकी इच्छा ही नहीं है। आशा है कि पाठक भी यही निर्विकार दृष्टि धारण करके इसका विचार करेंगे।

वेदमें मनका " दूरं-गमं, जविष्ठं " आदि शब्दोंद्वारा वर्णन किया है। मन एक स्थानसे दूसरे स्थानको पहुंचता है, इस विषयमें वेदके कथन स्पष्ट हैं। योगके पुस्तकोंमें भी यह सिद्धि लिखी है कि एक स्थानपर बैठा योगी ध्यानद्वारा दूसरे स्थानकी बात जान सकता है। तथा मनके स्थानान्तरके लिये स्थानकी दूरताका कोई प्रतिबंध नहीं है। एकके मनकी शक्तिका दूसरेके ऊपर परिणाम होता है, मानसिक चिकित्साका यही मूल मंत्र है। जो मानसचिकित्सा वेद कह रहा है, उसको प्रत्यक्ष करनेके लिये वैदिक धर्मियोंके यत्न होने चाहिए। मानसचिकित्साका उपहास करना योग्य नहीं है, क्योंकि वेदमें यही मुख्य और श्रेष्ठ चिकित्सा कही है।

## वैद्युत् मन है

" जो देवताओंमें विद्युत् है, वही शरीरमें मन है। " यह बात केनोपनिषद्के अंतमें कही है। अन्य स्थानोंमें प्रायः चंद्रमाका मनके साथ संबंध बताया गया है। बहुत थोडे स्थानमें विद्युत्का मनसे संबंध बताया है। यह मुझे पता नहीं कि " विद्युत् " और " चंद्रमा " शब्द वैदिक वाङ्मयमें समानार्थक हैं वा नहीं। परंतु इन दोनोंका मनके साथ संबंध जोडा है, इस बातसे कुछ न कुछ उनका परस्पर संबंध माना गया है, ऐसा पता लगता है।

केनोपनिषद्के अनुसार मन विद्युत् तत्त्वका बना है। उपनिषदोंमें मनको वैद्युत् ही कहा है, इसका यही हेतु प्रतीत होता है। यदि मन वैद्युत है तो विद्युत्के वेगके समान उसका वेग होना चाहिए। विद्युत्का वेग प्रतिक्षण सवा लाख मील समझा जाता है। यदि मन वैद्युत है तो उसका भी यही वेग होना उचित है। यदि इसका वेग इतना बडा है और यह क्षणमें लाख मील दूर तक पहुंच सकता है, तो स्थानकी दूरी इसके लिये कुछ भी नहीं है।

पाठक इन बातोंका विचार करें और मनकी विलक्षण शक्ति जानकर उसका विकास करनेका यत्न करें।

## स्वप्नका दूसरा अनुभव।

श्री० म० ख्यालीराम हीरालालजी गुप्त, नया बाजार, छावनी नीमचका लिखा हुआ ता. २५।६।२१ का पत्र प्राप्त हुआ, उसमें निम्न बातें लिखी हैं—

"(१) मैं ता० २७ फर्वरी स० १९२१ को गुरुकुल इंद्रप्रस्थमें मेरा इकलौता बालक (चि. वासुदेव ऊर्फ ब्र० भवभूति) प्रवेश कर आया था। तत्पश्चात् कई पत्र उनकी राजीखुशीके आते रहे। ता० १४ अप्रैल स० १९२१ का गुरुकुलसे लिखा हुआ पत्र मुझे ता. १६ अप्रैलको प्राप्त हुआ, जिसमें पुत्रकी राजीखुशीके समाचार थे।

"(२) ता० १७ अप्रैल स० १९२१ के दिन किसी विशेष कारणके बिना मेरा चित्त गुरुकुल इन्द्रप्रस्थ जानेके लिये बहुत ही उत्सुक हुआ। परंतु मैं वहां न जा सका। दूसरे दिनसे मेरा चित्त बहुत ही व्याकुल और उदास हुआ और साथ साथ शरीर भी बिगडता गया। भूख वगैरा मिट गई। प्रतिक्षण वहां पहुंचनेकी इच्छा बराबर प्रबल होती गई।

"(३) ता० २० अप्रैल स० १९२१ की रात्रिके चौथे प्रहरमें अर्थात् ता. २१ के प्रातःकालमें अनुमान ५॥५॥ बजेके मेरी स्त्री मेरे पिताजी, जो क्रमशः ६ और १८ वर्ष पूर्व मर चुके थे, स्वप्नमें आकर कहते हैं कि– "घबराओ मत, होशियार रहो, अब सोचो कि यह क्या होता है।"

"(४) मुझे पहिले भी दो वर्ष पूर्व (स० १९१९में) स्वप्न हुआ था, उस स्वप्नमें मेरे मृत पिताजीने आकर कहा कि "वासुदेव गुजर गया।" मैंने पूछा कि "कहां?" उत्तर मिला कि "गुरुकुलमें।" पिताजीने उसी स्वप्नमें फिर कहा कि "तेरा एकही बालक था, वह गुजर गया, तू किसीकी मानता नहीं।" यह स्वप्न देखकर मेरी आंखें खुल गई, घबराकर देखा तो पुत्र मेरे बिस्तरे पर ही सो रहा था (यह दो वर्ष पूर्वके समय स्वप्न हुआ, मैं इसको असत्य समझता था। परंतु बात वैसी ही बन गई।)

"(५) ता० २१ अप्रैल स० १९२१ के प्रातः कालसे गुरुकुल जानेकी इच्छा मंद हो गई और फिर कभी वैसी उत्सुकता नहीं हुई।

"(६) ता० २३ अप्रैल स० १९२१ के प्रातःकाल ही गुरुकुलका पत्र प्राप्त हुआ, उसमें लिखा था कि "बालकका स्वर्गवास ता. २१।४।२१ को ६ बजे प्रातः हो गया। ता. १९ को विशेष ज्वर हुआ, ता. २० को सरसाम (सन्निपात) हो गया और ता. २१ को प्रातः यह घटना हो गई।"

"(७) न कोई बालककी बीमारीकी खबर थी, अचानक यही पत्र प्राप्त हुआ और विशेष कुछ लिखा नहीं जाता। मैं स्वप्न वगैरा की बातें झूठीं समझा करता था, और न मुझे बहुत स्वप्न आते हैं, जो जैसे आये वेही आपको लिखे।

"(८) उक्त घटना होनेके पश्चात् इंद्रप्रस्थ गुरुकुलमें जाकर वहांके डाक्टरजीसे पूछनेपर विदित हुआ कि ता. २०।४।२१ के रात्रिको तथा ता. २१ के प्रातःकाल ठीक जिस वक्त मुझे स्वप्न हुआ मेरा प्रिय पुत्र मेरे लिये तडफ रहा था, मुझे पुकारता तथा मेरे लिये उठ उठ कर भागता था। डाक्टरजीने पूछा कि 'कहां जाता है?' पुत्रने उत्तर दिया कि 'हमारे घर मेरे दादाजीके पास जाऊँगा।' (पुत्र मुझे दादाजी कहता था)"

## स्वप्नपर विचार

इस प्रकार स्वप्नका वृत्तांत किसी किसी समय बराबर अनुभव में आता है। उक्त स्वप्नके संबंधमें निम्न बातें विचार करनी योग्य हैं—

(१) पुत्रकी बीमारीका वृत्तांत पिताको बिलकुल विदित नहीं था, परंतु पत्रद्वारा पुत्रकी कुशलताकाही पिताको पता हुआ था।

( २ ) जिस समय पिताके मनमें गुरुकुल जानेकी इच्छा उत्पन्न हुई थी उसी समय गुरुकुलमें उनका पुत्र अस्वस्थ होने लगा था और जब पुत्रकी बीमारी बढ गई तब उस उदासीनताका परिणाम भूख आदि मिटनेमें हुआ। +

( ३ ) पुत्रकी मृत्यु होनेके पश्चात् गुरुकुल पहुंचनेकी पिताके मनमें इच्छा कम हो गई और फिर वैसी इच्छा हुई ही नहीं। इससे स्पष्ट हो जाता है कि जिस समय पुत्र रोगवश होनेके कारण अस्वस्थ हुआ, उसी समयसे पुत्रके मनमें पिताके पास जानेकी इच्छा हुई, वह पिताका स्मरण करने लगा और उसका परिणाम पिताके मनपर होनेसे, पिताके मनमें भी गुरुकुलमें जाकर पुत्रको देखनेकी इच्छा प्रबल हुई। पुत्रकी बीमारीकी प्रबलताके साथ, पिताके मनकी इच्छा भी वहां पहुंचनेके लिये प्रबल हो गई, यह बात मानसिक संदेशका वेग बता रही है।

उक्त बातोंका परस्पर संबंध अत्यंत स्पष्ट है। स्वप्नका समय और पुत्रके मृत्युका समय ठीक एकही है। उस स्वप्नके पश्चात् पुत्रदर्शनकी अभिलाषा पिताके मनमें न होनेका कारण स्पष्ट ही है, क्योंकि मानसिक संदेशा भेजनेवाला पुत्रका मन उस समय पुत्रके शरीरसे अलग हो चुका था और पुत्रका आत्मा मरणोत्तरकालीन सुप्त अवस्थामें पहुँचनेके कारण, न तो उसको अपनी बीमारीका पता था और न पिताका स्मरण था।

स्वप्नमें मृत पिताका और मृत स्त्रीका दर्शन और उनके शब्द विचार करने योग्य हैं। उन शब्दोंका संबंध मृत पुत्रकी मृत्युके समयकी अवस्थाके साथ स्पष्ट है। इस विषयमें विशेष निश्चयकी बात लिखी नहीं जा सकती, क्योंकि इस प्रकारके मृत पुरुषोंके स्वप्नमें दर्शन होनेके विषयमें अधिक प्रमाणोंकी आवश्यकता है, तथा अधिक सूक्ष्म विचार होनेकी भी आवश्यकता है। इसलिये इस विषयमें यहां कुछभी लिखनेका विचार नहीं है, परंतु जो बातें बाह्य सृष्टिमें हो गई हैं, उस विषयमें स्पष्ट प्रमाण होनेके कारण थोडासा लिखनेका विचार किया है।

पितापुत्रका अत्यंत प्रेम था। अकेला एक पुत्र दूर गुरुकुलमें होनेसे पिताका मन पुत्रके विषयमें आतुरताका भाव रखता होगा। इस प्रकारका आतुर मन अत्यंत नरम और कोमलसा होता है, इसी कारण उसपर मानसिक आघात शीघ्र परिणाम कर सकते हैं। यही कारण है कि जिस समय पुत्रके मनमें पितृदर्शनकी उत्सुकता हो गई, अथवा पुत्रका मन शरीरकी अस्वस्थताके कारण व्याकुल हुआ, उसी समय पिताके मनपर भी उसका परिणाम हो गया।

सितार, बीन आदि वाद्य जो बजाते हैं, उनको अनुभव है कि एक तार बजानेसे, उस तारके स्वरके साथ मिले हुए जितने तार होंगे उतनेही विना बजाये आवाज देने लगते हैं। पिता-पुत्र, स्त्री-पुरुष, इष्टमित्र आदिमें यदि मानसिक संबंध अत्यंत प्रेमका होगा, तो एकके भाव दूसरेके मनमें उद्भूत होना अत्यंत स्वाभाविक बात है। एकको दुःख होनेसे दूसरेका मन इसी कारण उदास होने लगता है।

मन विद्युत् तत्त्वका बना है, अथवा यों समझिये कि विद्युत्शक्ति मनमें केंद्रित हुई है। तथा संपूर्ण जगत्में विद्युत्तत्त्व पूर्णतासे व्याप्त है। अर्थात् जगद्व्यापक विद्युत्तत्त्वके साथ हमारे मनका संबंध है। इसलिये एक मनमें सुखदुःखादि विचारोंके कारण जो न्यूनाधिक हलचल होती है, उसके आघात बाहरके विद्युत्में होते हैं और वे आघात इस विद्युत्द्वारा तत्सदृश दूसरेके मनतक पहुंचते हैं। ये आघात हरएकके मनपर इसलिये असर नहीं कर सकते, क्योंकि हरएकका मन एकसाही नरम अथवा सख्त नहीं होता। मनकी न्यूनाधिक अवस्थाके कारण सम अवस्थाका मनही कंपित हो सकता है।

इतना विचार होनेपर भी दो वर्ष पूर्वके स्वप्नमें, जब

---

+ यहां पता लग सकता है कि मनकी उदासीनतासे पेटके पचनव्यापारमें भी कितना परिवर्तन होता है। इसका उलटाभी परिणाम होता है, अर्थात् यदि मन उत्साहपूर्ण आनंदित रहा तो पेटकी कमजोरी दूर होकर भूख बढती है। मन प्रसन्न रखनेका इस प्रकार शरीरपर हितकारक परिणाम होता है। यही कारण है कि उदासीन विचारोंसे आयुष्य घटता है और उत्साहपूर्ण विचारोंसे दीर्घ जीवन प्राप्त होता है। इस प्रकार अपने स्वास्थ्यकी कुंजी अपने ही मनमें है और वैद्यकी गोलीमें नहीं है।

कि पुत्र गुरुकुलमें दाखिल भी नहीं किया गया था, उस समयके स्वप्नमें 'गुरुकुलमें पुत्रकी मृत्यु हुई' यह बात दिखाई पडना विलक्षण प्रतीत होता है। परंतु आश्चर्य यह है कि उसी स्वप्नके अनुसार अंतमें बात बन गई। कई विचारी पुरुष ऐसे प्रसंगोंको देखकर ही कहने लगते हैं कि मृत्युका समय निश्चित हुआ करता है। परंतु "मृत्यु दूर किया जा सकता है," इस विषयमें वेदके मंत्र अत्यंत स्पष्ट है, दीर्घ आयु प्राप्त करनेके विषयमें योगके कथन तथा आर्ष वचन इतने स्पष्ट हैं कि उनके संबंधमें शंका भी नहीं हो सकती।

इसलिये विचार करना चाहिये कि दीर्घ आयुष्य कौन प्राप्त कर सकता है और कौन नहीं। यद्यपि स्वप्नका विचार करना ही इस लेखका मुख्य उद्देश है, तथापि प्रसंगतः यहां इतना कह देना पर्याप्त होगा कि, (१) बालक अवस्थामें स्वतंत्र पुरुषार्थकी कर्तृत्वशक्ति विकसित न होनेके कारण, उस अवस्थामें जो बातें होती हैं, उनका संबंध निश्चितरूपसे पूर्वकर्मोंके साथ ही होता है। (२) "मैं यह करूँगा, और मैं ऐसा बनूँगा" इस प्रकारकी प्रबल इच्छाशक्ति यौवनके प्रारंभसे अर्थात् १५ वर्षकी आयुके पश्चात्, किंवा विशेष अवस्थामें ८ वर्षकी अवस्थामें भी बनती है। (३) जो सज्जन इस प्रकारकी प्रबल इच्छाशक्ति बनाते हैं और योग्य सुनियमानुसार योगाभ्यासादिद्वारा अपनी आयु बढानेका पुरुषार्थ करते हैं, उनकी दीर्घ आयु होती है। (४) परंतु सर्वसाधारण जनता योगादि श्रेष्ठ मार्गके अनुसार नहीं चलती, इसलिये उनका संपूर्ण जीवन पूर्वकर्मके वेगके अनुसार ही हुआ करता है।

इस स्पष्टीकरणसे पता लग सकता है कि कौन पूर्वकर्मके प्रवाहमें बह जानेवाले होते हैं, और कौन पूर्वकर्मोंके प्रवाहको तोडकर अपनी इच्छानुसार उसका वेग बदलनेवाले होते हैं। वैदिक धर्मके उपदेशानुसार मनुष्य अपना व्यवहार करेगा, तो वह कर्मोंके वेगको अपनी इच्छानुसार बदलनेकी योग्यता निश्चयसे प्राप्त कर सकता है, परंतु ऐसा होनेके लिये वैदिक धर्मके लोग अनुष्ठानी होने चाहिये। जो अनुष्ठान करेंगे वे प्रत्यक्ष अनुभव भी प्राप्त कर सकते हैं। आजकल जो वेदके विषयमें प्रेम दिखाई देता है वह केवल बातोंमें है, तथा सब प्रयत्न दूसरोंके सुधारके लिये हो रहे हैं !! परंतु स्मरण रहे कि फुरसतके समयके प्रचारसे सच्चे धर्मकी जाग्रति नहीं हो सकती; क्योंकि जो दीप स्वयं जलता नहीं है, वह दूसरे दीपोंको जगा नहीं सकता। अस्तु। यही कारण है कि वैदिक धर्मके प्रचारका कार्य भी प्राचीन आर्योंकी रीतिके अनुसार नहीं होता है, परंतु पश्चिमीय विचारोंकी लहरोंके अनुसार होता है। स्वयं अपने अंतःकरणका दीप वेदाध्ययनसे जगाकर, अनुभवके पश्चात् ही दूसरेके अन्दर दीप जगानेका यत्न होना चाहिये। अस्तु।

प्रचलित विषय स्वप्नका है। दो वर्ष पूर्व अपने पुत्रका मरण जिसने अपने स्वप्नमें देखा था, उसीने अपने पुत्रका मरण गुरुकुलमें होनेका अनुभव लिया और पुत्रके मरण-समयमें भी स्वप्नसे ही उसको मृत्युकी सूचना मिली। इसका विचार करनेके समय यह मृत्यु बाल्यावस्थामें हुई है, यह बात भूलना नहीं चाहिये। पूर्व स्थलमें कहा ही है कि बाल्यावस्थामें होनेवाली मृत्यु पूर्वकर्मानुसार होती है अर्थात् जो बात पूर्वकर्मानुसार होती है वह निश्चित होती है। जो बात निश्चित होती है, उसका समय और स्वरूप भी निश्चित हो सकता है। जो बात निश्चित समयमें, निश्चित रूपसे होनेवाली होती है, उसका जैसा पता उस समयमें लग सकता है, उसी प्रकार उस समयके पूर्व भी लग सकता है। जैसा सूर्यचंद्रके ग्रहणोंका पता कई वर्ष पूर्व भी लग सकता है, क्योंकि सूर्यचंद्र आदि ग्रहोंकी गति निश्चित है। निश्चित होनेसे ही पहिले पता लग सकता है। जो कोई बात निश्चित होती है उसका पता पहिले भी लग सकता है, परंतु पुरुषार्थकी बात अनिश्चित होनेके कारण पुरुषार्थी योगी इच्छामरणी भी हो सकता है, इसलिये उसके विषयमें भविष्यकी बातें जानना असंभव है। परन्तु जो कर्मके प्रवाहकी गतिके अनुसार बह रहे हैं, वे इतने समयमें वहांतक पहुचेंगे, ऐसा कहा जा सकता है। जो कर्मकी गतिका विज्ञान जानेंगे उनका अनुमान ठीक होगा, औरोंका गलत भी हो सकता है।

उक्त पुत्रकी मृत्यु गुरुकुलमें निश्चित थी, क्योंकि पुरुषार्थकी आयु प्राप्त होनेके पूर्व ही वह होनेवाली थी; उसकी मृत्युका निश्चय होनेके कारण उसकी मृत्युकी कल्पना सर्वव्यापक यमस्वरूप परमेश्वरकी व्यापक बुद्धिमें पहिले ही

निश्चयरूपसे होनी स्वाभाविक है। यदि किसीका मन किसी कारण परमेश्वरकी बुद्धिके साथ संलग्न हो गया तो वह मृत्युकी उस कल्पनाको जान सकता है। इस प्रकार किसी किसीको इन बातोंका पता पहिले ही स्वप्नमें होता है कि, जो बातें भविष्यमें बननेवाली होती हैं। इसका और एक उदाहरण जो अभी प्रत्यक्ष देखनेके कारण विश्वास करने योग्य है, जैसा हुआ वैसा ही यहाँ लिखता हूं—

## और एक स्वप्न

"(१) ता. १० जून स. १९२१ शुक्रवारकी रात्रिमें मेरी धर्मपत्नीको एक स्वप्न हुआ। जिसमें उन्होंने देखा कि श्री. युवराज राजासाहिब महाराजाका द्वितीय पुत्र सायंकालके समय मर गया और उसके शवको नौकर लेजा रहे हैं" इ०।

"(२) दूसरे दिन उक्त स्वप्नका वृत्तांत धर्मपत्नीने मुझे सुनाया, परंतु जिस पुत्रके विषयका स्वप्न था वह वैसा बीमार न होनेके कारण हमको उक्त स्वप्न केवल कल्पनारूप ही विदित हुआ।"


"(३) उस पुत्रकी बीमारीकी अथवा स्वास्थ्यकी कोई बात धर्मपत्नीको विदित न थी। और जिस समय उक्त स्वप्न हुआ उस समय वह कोई विशेष बीमार भी नहीं था।"

"(४) शनिवारके दिन सायंकाल राजासाहिबके डाक्टरोंने पुत्रके स्वास्थ्यकी परीक्षा की तो पता लगा कि उसको घटसर्पकी (डिफ्थेरिया) बीमारी हो गई है। यह बीमारी भयानक होनेके कारण बडे बडे डाक्टर बाहरसे भी बुलाये गये और बडे प्रयत्नसे इलाज होता रहा।"

"(५) सोमवार (ता० १३ जून १९२१) के दिन पूरे दिनभर आराम भी रहा। तीन डॉक्टर अपनी पराकाष्ठा कर रहे थे। परंतु अंतमें सोमवारके सायंकालमें सात बजनेके समय दस पांच मिनिटोंमें ही बीमारी बढ गई और उस तीन वर्षकी आयुके बालकका देहांत हो गया।"

इस प्रकार प्रत्यक्ष मेरे सामने यह स्वप्नका अनुभव हुआ है। यह बात आँखोंमें मेरे सन्मुख हुई। जैसी घटना हुई वैसी ही ऊपर लिखी है। जिस दिन जिसके विषयमें स्वप्न हुआ उस दिनके तीन दिन पश्चात् उसी लडकेका देहांत हुआ। स्वप्नमें देहान्तका समय सायंकालका ही था। मृत्यु होनेसे तीन दिन पूर्व लडकेके स्वास्थ्यके ही समय, उसीके मृत्युका दृश्य स्वप्नमें दिखाई दिया, यह विलक्षण बात है; इसलिये मानसशास्त्रका विचार करनेवालोंके लिये यह विचार करनेयोग्य बात है, इसमें कोई संदेह नहीं है।

स्वप्न कैसे होते हैं और इनमें सत्यका भाग रहता है वा नहीं, इसका यहां अवश्य विचार करना है। स्थूल शरीरका संबंध छूटने और सूक्ष्म शरीरपर ही केवल कार्य करनेकी अवस्थामें आत्मा स्वप्न देखता है। प्रायः स्वप्न ऐसे ही होते हैं कि जो विचार मनमें होते हैं; सौमें निन्यानवे स्वप्न अपनी इच्छाके प्रतिबिंबरूप ही होते हैं। जीवात्माके लिये तीन अवस्थाओंका अनुभव प्रतिदिन आता है—




जीवात्मा स्थूल शरीरमें जबतक कार्य करता है तबतक जागृति होती है। जब शरीर थक जाता है तब उसको विश्रांति देनेके लिये तथा उसमें नवीन शक्तिकी स्थापना करनेके लिये जीवात्मारूपी सूर्य स्थूल शरीरमें फैली हुई अपनी किरणोंको आकर्षित करता है और सूक्ष्म शरीरमें ही अपना "मनो-राज्य" करने लगता है। यही स्वप्नावस्था है। जागृतिसे सुषुप्तिमें जानेके समय बीचकी यह अवस्था होती है। प्रतिदिनके स्वप्न हरएकको स्मरण नहीं होते, इससे यह अनुमान करना गलत होगा कि स्वप्न हुए ही नहीं। प्रतिदिन स्वप्नसृष्टिका अनुभव होता है, परंतु हमारी स्मरणशक्तिकी कमजोरीके कारण उनका स्मरण नहीं रहता। इस विषयमें उपनिषदोंका निम्न मंत्र विचार करने योग्य है-

**स्वप्न-स्थानोऽन्तःप्रज्ञः सप्तांग एकोनविंशति-मुखः प्रविविक्तभुक् तैजसो द्वितीयः पादः॥४॥ स्वप्नस्थानस्तैजस उकारो द्वितीया मात्रोत्कर्षादुभयत्वाद्वोत्कर्षति ह वै ज्ञानसंततिं समानश्च भवति० ॥ १० ॥ मांडूक्य उ०**

" स्वप्नस्थानमें जब आत्मा जाता है तब इसकी प्रज्ञा-बुद्धि अंदर ही कार्य करने लगती है, इस समय इसके सात अंग ( पांच सूक्ष्म भूत, अहंकार और महत्तत्व ये सात अंग ) होते हैं, इस समय इसके उन्नीस मुख होते हैं। ( ७ ज्ञानेंद्रियों और ७ कर्मेंद्रियोंके मूल सूक्ष्म चौदह केंद्र, पंच सूक्ष्म प्राण मिलकर उन्नीस मुख हैं, आंख, कान, नाक प्रत्येकके दो दो केंद्र मिलकर छः केंद्र हुए, त्वचा सातवा केंद्र है। दो पांव दो हाथ मिलकर चार और मूत्रद्वार, गुदा और वाणी इनके तीन इंद्रिय मिलकर सात होते हैं ) इन अंगों और मुखोंसे सूक्ष्म कल्पनाके ही भोग इस स्वप्न अवस्थामें आत्मा भोगता है। यह आत्माका बीचवाला तैजस द्वितीय पाद है। स्वप्नस्थानका तैजस रूप है, इसका दर्शक उकार ओंकारके बीचमें है। यह उत्कृष्ट अवस्था है और ( जागृति तथा सुषुप्ति इन ) दोनों अवस्थाओंके साथ संबंध रखनेवाली है। "

स्वप्नकी अवस्थाका वास्तविक वर्णन इन मंत्रोंके विचारसे प्राप्त हो सकता है। जागृतिमें स्थूल शरीरका संबंध रहता है वह संबंध इस अवस्थामें नहीं होता, इसलिये स्वप्नमें स्थूल सृष्टिका दर्शन नहीं होता। इस अवस्थामें केवल कल्पनाका ही मनोराज्य चलता है, इसलिये जैसी जिसकी कल्पना और जैसे जिसके संस्कार होते हैं वैसे उसको स्वप्न दीखते हैं। इस विषयमें उपनिषदोंके निम्न मंत्र देखिये—

**य एष स्वप्ने महीयमानश्चरत्येष आत्मेति ॥**

**छा. उ. ८-१०-१**

**तद्यत्रैतत् सुप्तः समस्तः संप्रसन्नः स्वप्नं न विजानात्येष आत्मेति० ॥ छां. उ. ८-११-१**

" स्वप्नमें जो अपने गौरवके साथ चलता है वह आत्मा है। गाढ निद्रा प्राप्त होनेपर आनंदित होता हुआ जो स्वप्नकोभी नहीं जानता वह आत्मा है। "

इस छांदोग्य वचनमें स्पष्ट कहा है कि सुषुप्तिके पूर्वकी यह स्वप्नावस्था है। तथा बृहदारण्यक उपनिषत्में कहा है–

**स हि स्वप्नो भूत्वेमं लोकमतिक्रामति ॥ तस्य वा एतस्य पुरुषस्य द्वे एव स्थाने भवतः इदं च परलोकस्थानं च संध्यं तृतीयं स्वप्नस्थानं तस्मिन्संध्ये स्थाने तिष्ठन्नेते उभे स्थाने पश्यतीदं च परलोकस्थानं च ॥ बृ. ४।३।९**

" वह आत्मा स्वप्न अवस्थामें जाकर इस लोकका अतिक्रमण करता है। इस पुरुषके दो स्थान होते हैं, एक इस लोकका और दूसरा परलोकका स्थान, तीसरा संधिस्थान है जिसको स्वप्नस्थान कहते हैं, इस संधिस्थान अर्थात् स्वप्नस्थानमें रहता हुआ यह दोनों स्थानोंको देखता है। "

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १ परलोक | स्वः | स्वर्ग | सुषुप्ति | कारणदेह |
| २ संधिलोक | भुवः | अंतरिक्ष | स्वप्न | सूक्ष्मदेह |
| ३ इहलोक | भूः | पृथिवी | जागृति | स्थूलदेह |

उक्त बृहदारण्यकवचनके तात्पर्यसे यह कोष्टक बनता है। इससे स्वर्गलोककी भी कल्पना हो सकती है। गाढ निद्रामें मनुष्य स्वर्गधामतक पहुंचकर पुनः जागृतिमें इस भूलोकमें प्राप्त होता है। और बीचके संधिस्थानमें उसको स्वप्नका अनुभव होता है। इस प्रकार मनुष्यको प्रतिदिन स्वर्गधामका आनंद प्राप्त होता है, स्वप्नका मुकाम तो उसके मार्गमेंही है। तथा —

**स्वप्नान्त उच्चावचमीयमानो रूपाणि देवः कुरूते बहूनि॥ उतेव स्त्रीभिः सह मोदमानो जक्षदुतेवापि भयानि पश्यन् ॥ १३ ॥ स वा एष एतस्मिन्संप्रसादे रत्वा चरित्वा दृष्ट्वैव पुण्यं च पापं च० ॥ बृ. ४-३-९, १५ ॥**

" स्वप्नमें वह अच्छे अथवा बुरे भाव, सुखके अथवा भयके दृश्य देखता है। " यह उसका अनुभव वह जागृतिमें आकर कहता है। आनंदकारक स्वप्नोंसे आनंदित होता है और भयके स्वप्नोंसे भयभीत होता है। इस विषयमें निम्न वचन देखिये—

**यदा कर्मसु काम्येषु स्त्रियं स्वप्नेषु पश्यति ॥ समृद्धिं तत्र जानीयात्तस्मिन्स्वप्ननिदर्शने ॥**

**छां. उ. ५-२-९**

" जब काम्य कर्मोंमें स्वप्नमें स्त्रीका दर्शन होगा, तब वहां उस स्वप्नदर्शनसे समृद्धि सूचित होगी। " यदि छांदोग्य उपनिषद्के मतानुसार कई स्वप्न समृद्धिसूचक होंगे, तो निःसंदेह ऐसेभी दूसरे स्वप्न होंगे कि जो विपत्तिके सूचक हो सकते हैं। विचारशील मनुष्य सहस्रों स्वप्नोंके अनुभव एकत्रित करके उसका एक शास्त्र बना सकते हैं, जिसमें शुभ स्वप्नोंके लक्षण प्रकाशित किये जा सकते हैं। परंतु इस समयतक वैसा प्रयत्न किसीने नहीं किया। इसका कारण इतनाही है कि ऐसा करनेसे कोई लाभ होना संभव ही नहीं है। स्वप्नसे यदि किसी बातकी सूचना मिलभी गई तो, उसको जानना कठिन है, और जाननेके पश्चात् अनिष्टको दूर करना असंभव है, इसलिये ऋषियोंने स्वप्नशास्त्र बनानेका यत्न नहीं किया। किसी किसी समय स्वप्नका अर्थ भी तबतक समझता नहीं जबतक कि वह बात बन नहीं जाती। तथापि स्वप्नका तत्त्व जाननेका हरएकको अवश्य यत्न करना चाहिये, क्योंकि उससे अपने आत्माकी शक्तिका पता लगता है, परंतु दुष्ट स्वप्नके कारण अपना मन विनाकारण उदासीन भी नहीं करना चाहिये, तथा उत्तम स्वप्नसे व्यर्थ खुश भी नहीं होना चाहिये। स्वप्नके विषयमें प्रश्नोपनिषद् का कथन अब देखिये —

अत्रैष देवः स्वप्ने महिमानमनुभवति। यद् दृष्टं दृष्टमनुपश्यति। श्रुतं श्रुतमेवार्थमनुशृणोति। देशदिगंतरैश्च प्रत्यनुभूतं पुनः पुनः प्रत्यनुभवति। दृष्टं चादृष्टं च, श्रुतं चाश्रुतं च, अनुभूतं चाननुभूतं च, सच्चासच्च सर्वं पश्यति॥
प्र० उ० ४।५

" यहां स्वप्नमें यह आत्मदेव अपनी महिमाका अनुभव करता है। जो देखा हुआ होता है वह फिर देखता है, सुनी हुई बातोंको सुनता है, देशदेशांतरोंमें अनुभव की हुई बातोंका पुनः पुनः अनुभव करता है। देखा अथवा न देखा, सुना अथवा न सुना हुआ जो होता है तथा अनुभव किया हुआ अथवा न किया हुआ भी, तथा सत् और असत् सब कुछ यह स्वप्नमें देखता है। "

" सत् और असत् " अर्थात् सत्य असत्य, अच्छी बुरी सभी बातें यह स्वप्नमें देखता है। प्रायः देखी और अनुभूत बातोंको ही देखता है, परंतु किसी समय न देखी हुई बातें भी स्वप्नमें दिखाई देती हैं, कल्पनातरंगोंसे ऐसा होना स्वाभाविक ही प्रतीत होता है। कल्पनामें दो बातें एकत्रित मिलाई जाती है, जैसे पक्षीका उडना और मनुष्यका चलना, इन दोनों अनुभवोंको मिलाकर "मैं उड रहा हूं" ऐसा अनुभव स्वप्नमें हुआ करता है। इस प्रकार उपनिषदोंका कथन है। अब वेदमंत्रोंका विचार करते हैं—

विद्म ते स्वप्न जनित्रं ग्राह्याः पुत्रोऽसि यमस्य करणः॥ ० निर्ऋत्याः पुत्रोऽसि॥ ० अभूत्याः पुत्रोऽसि॥ ० निर्भूत्याः पुत्रोऽसि ॥ ० पराभूत्याः पुत्रोऽसि॥ अ० १६।५।१-८

"हे स्वप्न! तेरी उत्पत्तिका हमें पता है, तू (ग्राह्याः) चिरकालीन रोग, (निर्ऋत्याः) सत्य नियमोंके विरुद्ध आचरण, (अभूत्याः) दारिद्र्य, (निर्भूत्याः) उदासीनता तथा (पराभूत्याः) पराभव आदिका बच्चा है, और तू यमका सहायक है। "

इस मंत्रमें स्वप्नके पांच कारण दिये हैं। (१) चिरकालीन रोगोंकी शरीरमें स्थिति, (२) सुनियमोंके विरुद्ध आचरण, (३) दारिद्र्यकी विपन्न अवस्था, (४) उदासीनता, दुर्मुखता, (५) जगत् व्यवहारोंमें पराभव प्राप्त होना, ये पांच कारण हैं कि जिनसे बुरे स्वप्न होते हैं, " ये बुरे स्वप्न मृत्युके सहायक हैं। " उक्त विपत्तियोंके कारण मन सदा चिंतातुर रहता है, जिससे बुरे स्वप्न होते हैं। स्वप्नके कारणोंके विषयमें निम्न मंत्र देखने योग्य है—

अरिप्रा आपो अप रिप्रमस्मत्। प्रास्मदेनो दुरितं सुप्रतीकाः प्र दुष्वप्न्यं प्र मलं वहंतु॥
अ० १०।५।२४

" निर्दोष जल हमारे (रिप्रं अप) दोष दूर करें, तथा (एनः) पाप, मल और दुष्ट स्वप्नका कारण (प्र वहन्तु) दूर करें। "

(१) शरीरमें मलोंका संचय, (२) मनमें पापभावना और अन्य दोष होनेके कारण बुरे स्वप्न होते हैं, जलचिकित्सासे अथवा निर्दोष और स्वच्छ जलके प्रयोगसे उक्त दोष दूर हो जाते हैं और दुष्ट स्वप्न नहीं आते। तथा—

दुःष्वप्न्यं दुरितं निष्वास्मदथ गच्छेम सुकृतस्य लोकं। अ. ७।८३।४

"(दुरितं) पाप और दुष्ट स्वप्न दूर करके (सुकृतस्य) सत्कर्मके लोकको प्राप्त करेंगे।" यहां 'दुरित' (दुः+इत) शब्दसे केवल पापका बोध ही नहीं होता, परन्तु जो बुराई शरीर, मन और बुद्धिमें प्रविष्ट होती है, वह सब इस शब्दसे बोधित होती है। दुष्ट स्वप्नोंका यह कारण है। तथा—

अस‍न्मंत्राद्दुःष्वप्न्याद् दुःष्कृताच्छमलादुत।
दुर्हार्दश्चक्षुषो घोरात् तस्मान्नः पाह्यांजन॥
अ. ४।९।६

"(१) (अ-सत्-मंत्रात्) दुष्ट विचार, (२) दुष्ट स्वप्न, (३) दुराचार, (४) (शम-लात्) शांतिका नाश करनेवाले प्रकार, (५) (दुर्हार्दः) दुष्ट हृदय, (६) (घोरात्) भयंकर नेत्रोंके भाव आदिसे हम सबको बचाओ।" ये सब दुष्ट स्वप्नोंके साथी हैं। ये ही दुष्ट स्वप्नके कारण हैं। जो कोई चाहता है कि बुरे स्वप्नोंसे अपने आपको कष्ट न हो, वह इन मन्त्रोंमें कहीं बातोंका विचार करे, उसको बुरे स्वप्न कष्ट नहीं देंगे, अर्थात् उसको बुरे स्वप्न ही नहीं दिखाई देंगे। बुरे स्वप्नोंके उदाहरण निम्न मन्त्रोंमें देखिए—

यत्ते स्वप्न अन्नमश्नामि न प्रातरधिगम्यते।
सर्वं तदस्तु मे शिवं नहि तद् दृश्यते दिवा॥
अ. ७।१०।११

"स्वप्नमें जो अन्न मैं खाता हूं, वह प्रातःकाल दीखता नहीं है। वह सब मेरे लिये शुभ हो, जो दिनमें दीखता नहीं है।" इससे प्रतीत होता है कि स्वप्नमें भोजन करना अच्छा नहीं है। शरीरमें बीमारी प्रविष्ट होनेसे इस प्रकारके स्वप्न होते हैं, इसलिये ये स्वप्न अस्वास्थ्यके सूचक हैं। पूर्व मन्त्रोंमें दुष्ट स्वप्नोंके कारणोंमें इस प्रकारके स्वप्नोंका कारण पाठक देख सकते हैं। तथा इस विषयमें निम्न मन्त्र देखने योग्य है—

यस्त्वा स्वप्नेन तमसा मोहयित्वा निपद्यते।
अ. २०।९६।१६

"जो तमरूप स्वप्नके द्वारा तुझे मोह करता है।" अर्थात् ये सब स्वप्न तम अवस्थाके कारण होते हैं। तमोगुणकी प्रधानतासे इनकी उत्पत्ति है। इसलिये सात्विक भावनाकी वृद्धि करनेसे दुष्ट स्वप्नोंको दूर किया जा सकता है। तमोगुण जिनमें प्रधान रहता है, इस प्रकारके मनुष्योंमें ज्ञान कम होता है, और चित्तमें भ्रांति बहुत रहती है, यह कारण है कि उनको स्वप्नमें नाना प्रकारके आकार दिखाई देते हैं, अपने सम्बन्धियोंका दर्शन स्वप्नमें होनेके विषयमें वेदका कथन निम्न मन्त्रोंमें देखने योग्य है—

यस्त्वा स्वप्ने निपद्यते भ्राता भूत्वा पितेव च।
बजस्तान्त्सहतामितः क्लीबरूपांस्तिरीटिनः॥ ७॥
अ. ८।६

"तेरा भाई अथवा पिता होकर जो तेरे स्वप्नमें आता है, उन घातक क्लीबरूपोंको (बजः) बलवान् बनकर ही दूर किया जा सकता है।"

तात्पर्य मनकी कमजोरीके कारण इस प्रकारके आकार स्वप्नमें दिखाई देते हैं। यद्यपि ये आकार भयानक भी होते हैं तो भी ये स्वयं (क्लीबरूप) असमर्थ होनेके कारण बलवान्‌का घात नहीं कर सकते, इसलिये मनको बलवान् बनानेसे उक्त स्वप्नोंका भय दूर किया जा सकता है। कई लोग इन स्वप्नोंसे डरते हैं, और उसकी फिकरमें ही मरने लगते हैं। उनको उक्त मंत्रका उपदेश ध्यानमें धारण करने योग्य है। स्वप्नोंके आकार क्लीब होते हैं, उनमें कोई सामर्थ्य नहीं होता, इसलिये धैर्य धारण करनेसे कोई बिगाड नहीं हो सकता। तात्पर्य यह कि जो मनुष्य डरपोक होंगे उनका नाश इन स्वप्नोंके कारण हो सकता है, परंतु यहां स्मरण रहे कि, "यह स्वप्नका दोष नहीं, प्रत्युत उनके मनकी कमजोरीका दोष है।" इसलिये वैदिक उपदेशके अनुसार धैर्य धारण करके स्वप्नोंसे डरना नहीं चाहिये। स्वप्नदोष दूर करनेका उपाय निम्न मंत्रमें देखिये—

स्वप्नं सुप्त्वा यदि पश्यसि पापं० ॥ अ० १०।३।६
पर्यावर्ते दुःष्वप्न्यात्पापात्स्वप्न्यादभूत्याः॥
ब्रह्माहमंतरं कृण्वे परा स्वप्नमुखाः शुचः॥
अ० ७।१००।१

"यदि स्वप्नमें बुरा भाव देखा तो इस प्रकारके दुष्ट स्वप्नों और पापमूल आपत्तिसूचक स्वप्नोंके पश्चात् मैं (अंतरं) मनके अंदर (ब्रह्म कृण्वे) ब्रह्मकी उपासना-प्रार्थना-करता हूं, जिससे (शुचः) शोक उत्पन्न करनेवाले स्वप्नके मुख्य परिणाम (परा) दूर होते हैं।"

यह उपाय है कि जिससे पाठक अपने मनको दृढ बना सकते हैं। परमेश्वरकी प्रार्थना करनेसे वह इस प्रकार भयसे अपनेको बचा सकता है। अब किसी प्रकारके बुरे स्वप्नसे कोई भी न डरे। पहिले तो यह विश्वास रखे कि स्वप्नके आकार और दृश्य शक्तिहीन होनेसे हमारा बुरा नहीं कर सकते। पश्चात् यदि किसीका मन कमजोर रहा तो इस प्रकारके स्वप्नके पश्चात् ईश्वरोपासनासे अपने मनमें बल बढावे। सर्वशक्तिमान परमेश्वर इस समय अवश्य ही बल देगा। मनकी सब कमजोरी ईशउपासनासे दूर होगी। इसी विषयकी और एक प्रार्थना देखिये—

यो मे राजन् युज्यो वा सखा वा स्वप्ने भयं भीरवे मह्यमाह ॥ स्तेनो वा यो दिप्सति नो वृको वा त्वं तस्माद् वरुण पाह्यस्मान् ॥

ऋ. २।२८।१०

" हे वरुण राजन्! हे देव! जो मेरा मित्र, साथी, चोर, हिंस्र पशु आदि स्वप्नमें आकर ( भीरवे मह्यं ) मुझ भीरुको डराता है, उससे मुझे बचाओ।" यह वह प्रार्थना है जो कि स्वप्नके पश्चात् करनी चाहिये। इससे उपासकके मनमें बल प्राप्त होता है। इस प्रार्थनामंत्रमें ऐसी शब्दयोजना है कि जो स्वप्नके भयकी वस्तविक बात प्रकट कर रही है। मंत्रमें " भीरवे मह्यं " ( डरपोक मैं हूं इसलिये मुझे डर होता है ) ये शब्द हैं। अर्थात् यदि किसीके मनमें भीरुता अथवा डर न होगा तो उसको किसी प्रकारके स्वप्नसे भय न होगा। परंतु सर्वसाधारण जनतामें ऐसे धैर्यवान् पुरुष कम होते हैं, इसलिये दुष्ट स्वप्नका मनपर जो बुरा असर होता है, उसको दूर करनेके लिये " ब्रह्मकी उपासना " यह एक मात्र उपाय है। ईश्वर-भक्तिसे मन बलवान् होता है और बल प्राप्त होनेसे मनके सभी कुसंस्कार दूर हो सकते हैं। आशा है कि पाठक इससे उचित बोध लेंगे।

स्वप्न मनके संस्कारोंके कारण होते हैं। इसलिये अपने मनके संस्कारोंकी परीक्षा करनेके लिये स्वप्नोंका विचार करना चाहिये। इतनी मनकी उन्नति करनी चाहिये कि स्वप्नमें भी मनसे पाप न हो, स्वप्नका किया हुआ पाप भी बुराही है—

यदि जाग्रद् यदि स्वप्ने एनांसि चकृमा वयं॥ सूर्यो मा तस्मादेनसो विश्वस्मान्मुंचत्वंहसः ॥

यजु० २०।१६

" यदि हम जागृतिमें अथवा स्वप्नमें पाप करेंगे, तो उससे हम सबको ( सूर्यः ) देव बचावे। " अपने स्वप्नकी परीक्षासे अपनी धार्मिक अवस्थाका पता लग सकता है। इसलिये हरएकको अपने स्वप्नकी परीक्षा करना उचित है। इस प्रकार वेदका स्वप्न विषयक आदेश है।

अब इस लेखका तात्पर्य यह है, कि यद्यपि कई स्वप्न भविष्यमें होनेवाले बातोंके ठीक ठीक निदर्शक होते हैं, तथापि यह कोई नियम नहीं है कि हरएक स्वप्नका संबंध इस प्रकार बताया जा सकता है। तथा स्वप्नकी सचाई परिणाम देखनेके पश्चात् ही विदित होनेवाली होनेसे स्वप्नकी सूचनासे होनेवाली बातमें कोई न्यूनाधिकता नहीं हो सकती। इसलिये केवल स्वप्नोंका डर ही नहीं मानना चाहिये, परंतु अपने उपर स्वप्नसे कोई परिणाम होगा ऐसा विचार भी कभी धारण नहीं करना चाहिये; क्योंकि स्वप्नके दृश्यमें ऐसी कोई शक्ति नहीं होती। तथापि यदि किसीको स्वप्नकी भीति प्रतीत होती हो, तो उसको ईश्वरउपासनाद्वारा उसका निवारण करना चाहिये।

यद्यपि उक्त हेतुके कारण स्वप्नोंका विचार भी करनेकी कोई जरूरत नहीं है, तथापि स्वप्नोंसे अपने मनकी विलक्षण शक्तिका ज्ञान होता है इसलिये स्वप्नोंका तत्वविचारकी दृष्टिसे विचार करना चाहिये। स्वप्नकी अवस्थाका ठीक ठीक विचार होनेसे आत्माकी शक्तिका अनुभव होता है, इस दृष्टिसे स्वप्नोंका आंदोलन करना चाहिये। इसलिये पाठकोंसे निवेदन है कि वे किसी प्रकारके स्वप्नसे न डरें परंतु उसको " आत्मा, बुद्धि, मन और चित्त इनकी शक्तियोंका ज्ञान होनेका साधन समझकर इस दृष्टिसे उनका विचार करें " इस समयतक स्वप्नोंके कई वृत्तांत प्रकाशित हुए हैं और प्रत्येक स्वप्नसे मनके विलक्षण सामर्थ्यका प्रमाण मिला है। यदि पाठक इस प्रकारके अपने अनुभव लिखेंगे, तो लोगोंपर बडा उपकार हो सकता है।

जो मनकी शक्ति स्वप्नद्वारा प्रकट होती है, वह योग-साधनसे यदि बढाई जाय तो जागृतिमें भी काममें लाई जा सकती है। पाठक इस दृष्टिसे इन स्वप्नोंका विचार करें और इनके विचारसे अपनी शक्तिको जानकर उस शक्तिका विकास करके सब प्रकारकी उन्नति प्राप्त करें।

## विजय प्राप्त करनेकी कला

अजीताः स्याम शरदः शतं ॥ तै. आ. ४।४२।५
अदीनाः स्याम शरदः शतं ॥ यजु. अ. ३६।२४

ॐ

# वेदकी दैवत संहिता
# और
# वैदिक सुभाषितोंका विषयवार संग्रह

## ( एक अत्यंत आवश्यक व्यवस्था )

वेदका धर्म सब धर्मोंसे प्राचीन है। विश्वके पुस्तकालयमें वेद, विशेषतः ऋग्वेद सबसे प्राचीन पुस्तक है। इस विषयमें सब विद्वानोंका ऐकमत्य है। ऐसे वेदके लक्षण पूर्व मीमांसाकार भगवान् जैमिनी मुनी इस तरह करते हैं—

### ऋचाका लक्षण

ऋक् यत्रार्थवशेन पादव्यवस्था ॥ ३५ ॥

### सामका लक्षण

गीतिषु साम ॥ ३६ ॥

### यजुका लक्षण

शेषे यजुः शब्दः ॥ ३७ ॥ मीमांसा दर्शन २।१

१ ऋग्वेद मंत्रका लक्षण यह है— जहां अर्थके अनुसंधानसे चरणोंकी व्यवस्था होती है, वह ऋग्वेदका मन्त्र है।

२ साम मन्त्रका लक्षण यह है— जो मंत्र गाया जाता है वह सामका मंत्र है।

३ यजुर्मंत्रका लक्षण यह है— जो ऋचा ( पादबद्ध मंत्र ) नहीं है और जो ( गाने योग्य ) साम नहीं है वह गद्य मन्त्र यजु कहा जाता है।

ये तीन लक्षण तीनों वेदोंके मंत्रोंके जैमिनी महामुनिने अपनी पूर्व मीमांसामें दिये हैं। पादव्यवस्था जिस मंत्रमें है वह ऋग्वेदका मंत्र है, जो गाया जाता है वह वेदमंत्र साम है और जो शेष गद्य मंत्र है वह यजुर्वेद मंत्र है।

ये लक्षण सचमुच मननीय हैं। जिस मंत्रमें चरण हैं वह ऋचाका मंत्र है। इस लक्षणको मनमें धारण करनेसे आज प्राप्त होनेवाले ऋग्वेद, सामवेद और अथर्ववेदके चरणवाले सब मंत्र ऋग्वेदके मंत्र हो गये। अथर्ववेदमें जो गद्य मंत्र होंगे उनको छोडकर चरणवाले सब मंत्र ऋचा ही कहे जांयगे। इतना ही नहीं परंतु यजुर्वेदमें जो जो मंत्र चरणवाले हैं, पादबद्ध हैं उनका नाम भी ऋचा ही हुआ।

### सामका निर्णय

जिनका गान किया जाता है वह साम है। ' साम ' में ' सा+अम ' ये दो पद हैं। ' सा ' का अर्थ ' ऋचा ' है और ' अम ' का अर्थ स्वर या आलाप है। आलापके साथ जो मंत्र गाया जाता है उसको ' साम ' कहा जाता है।

या ऋक्, तत् साम। छां० उ० १।३।४
सा च अमश्चेति तत्साम्नः सामत्वम्।
बृ० उ० १।३।२२

' जो ऋचा है वह साम है। ' अर्थात् जो पादबद्ध मंत्र गाया जाता है वह साम कहलाता है। सामवेदमें जो मंत्र हैं वे ऋग्वेदके ही मंत्र हैं। जो सामवेदके मंत्र इस ऋग्वेदमें नहीं हैं वे ऋग्वेदकी शांख्यायन संहितामें हैं। तात्पर्य 'जो ऋचा है वही साम है' यह सत्य है। अर्थात् सब सामवेदके मंत्र ऋग्वेदके ही मंत्र हैं। प्रत्येक चरणबद्ध मंत्र गाया जा सकता है। हमने ऋग्वेदके तथा अथर्ववेदके मंत्र ताल स्वर आलापमें गानेवाले विद्वान् देखे हैं। अनेक रागोंमें वे इन मन्त्रोंका उत्तम गायन करते हैं। पं० गजानंदशर्मा देवरात नामक एक वेदके प्रकाण्ड विद्वान् हैं। इनका पता– " ब्रह्मचर्याश्रम, गोकर्ण " है। वे इस तरह ऋग्वेद मंत्रों का गायन करते हैं। उनके शिष्य भी ऐसे

गायन करनेवाले हैं। कोई भी उनको बुलाकर वेदमंत्रोंका इस तरहका गायन करवा सकते हैं। और सुनकर अपूर्व आनंद प्राप्त कर सकते हैं।

अर्थात् ऋग्वेदके मंत्रोंका गायन होता है और इस तरह जो गायन होता है उसका नाम साम गायन है। मूल ऋग्वेदके मन्त्रका गायन किस तरह होता है वह अब देखिये—

अग्न आ याहि वीतये, गृणानो हव्यदातये।
नि होता सत्सि बर्हिषि ॥

ऋग्वेद ६।१६।१०

यही मंत्र सामवेदमें इस तरह लिखा जाता है—

अग्न आ याहि वीतये, गृणानो हव्यदातये।
नि होता सत्सि बर्हिषि ॥

सामवेद १।१।१।१

जहां ऋग्वेदमें अक्षरके नीचे स्वर अर्थात् अनुदात्त स्वर होता है वहां सामवेदमें ३ अंक उस अनुदात्त स्वरका सूचक रहता है। जहां ऋग्वेदमें ऊपर अक्षरके सिरपर खडा स्वर होता है, उदात्त स्वर जहां होता है वहां ' २ ' अंक उदात्त स्वरका सूचक रहता है। अनुदात्त स्वरके पीछला स्वर उदात्त होता है किसी समय ऋग्वेदमें यह दर्शाया नहीं जाता, पर सामवेदमें यह ' २ ' अंकसे अवश्य दर्शाया जाता है। अर्थात् सामवेदके मंत्रोंपरके अंक ऋग्वेदके स्वरके बोधक हैं, और ये अंक गायनके आलापके दर्शक नहीं हैं।

जो लोग सामवेद मंत्र बोलते समय ' आ आ आ ' करके आलाप करते हैं, वह गलत उच्चारण है। सामवेदके मंत्रके स्वर ऋग्वेदके ही स्वर हैं अतः उनका उच्चारण ऋग्वेदके मंत्रके समान ही करना चाहिये। सामवेदमें जो मंत्र हैं, वे ऋग्वेदसे ही लिये हैं। ये गान बनानेके लिये हैं। इनको ' योनि-मंत्र ' कहते हैं। सामगायन इनसे होता है इसलिये ' सामगानकी यह योनि है '। सामगान इनसे बनता है जो गाया जाता है। पूर्व स्थानमें जो ऋग्वेदका मंत्र दिया है और वही सामवेदमें है ऐसा भी दर्शाया है उस मंत्रके गान इस तरह बने हैं—

( १ ) गोतमस्य पर्कम्।

ओग्नाई। आयाहीऽ ३। वोइतोयाऽ२इ। तोयाऽ२ इ। गृणानो ह।व्यदातयाऽ २ इ। तो या ऽ २ इ। नाइ होतासाऽ २३। त्साऽ २ इ। बाऽ२३४ औहोवा। हीऽ२३४षी ॥१

( २ ) कश्यपस्य बार्हिषम्।

अग्न आयाही वी। तया इ। गृणानो हव्यदा-ताऽ२३ याइ। नि होता सत्सि बर्हाऽ२३ इषी। बर्हाऽ२ इषाऽ२३४ औहोवा। बर्हीऽ३ षीऽ २ ३ ४ ५ ॥ २ ॥

( ३ ) गोतमस्य पर्कम्।

अग्न आयाहि। वाऽ५ इतयाइ। गृणानो हव्य-दाऽ१ ताऽ३ ये। नि होताऽ२३४ सा। त्साऽ २३४ इषाऽ३। हाऽ२३४ इषोऽ६ हाइ ॥३॥

इस तरह जो ऋग्वेदका मंत्र सामवेदमें लिया गया, उस एक ही ऋग्वेद मंत्रके ३ सामगान बने। इन तीन सामगानोंमें गोतमके बनाये दो सामगान हैं और कश्यपका बनाया एक है। इसलिये कहा है कि—

ऋचि अध्यूढं साम गीयते। छां० उ० १।६।१

ऋचा पर आश्रित सामगायन होता है। इसी बातको विवाह प्रकरणका एक मंत्र कहता है—

अमोऽहमस्मि सा त्वं, सामाहमस्मि ऋक्त्वं,
द्यौरहं पृथिवी त्वं, ताविह संभवाव, प्रजामाज-
नयावहै ॥ अथर्व० १४।२।७१; ऐतरेय ब्रा. ८।२७;
बृ. उ. ६।४।२०

विवाहके समय पति पत्नीको कहता है कि “ ( अमः अहं अस्मि ) स्वरका आलाप मैं हूं और ( सा त्वं ) वह ऋचा तू स्त्री है। सामगानका आलाप मैं हूं और ऋचा तू है।

द्यु मैं हूं और पृथिवी तू है, हम दोनों यहां मिलजुलकर रहें और प्रजाको उत्पन्न करें।"

यहां 'सा+अम' (साम) को विवाहित दंपती माना है। (सा) ऋचा रूपी उपवर कन्याके साथ (अम) आलाप स्वरका विवाह हुआ और इस विवाहसे सुन्दर मनोहारि गान उत्पन्न हुआ। इस अथर्ववेद मंत्रका भी, अथर्व ऋचाका भी गान होता है ऐसा यहां माना है। ऋचा वह है जो चरणवाला मंत्र है, वह आलापके साथ गाया जाता है, उस गानका नाम साम है। अर्थात् जो आज 'सामवेद' नामसे सुप्रसिद्ध वेद है वह सामगानोंके योनि-मंत्रोंका वेद है। वास्तवमें वह (सा+अमः) सामवेद नहीं है, क्योंकि वह केवल "सा" (ऋचा) ओंका संग्रह ही है। उन ऋचाओंके साथ "अम" स्वरका आलाप मिला ही नहीं है। इस कारण यह सत्य रीतिसे सामवेद नहीं है। वह ऋग्वेदके मंत्रोंका संग्रह मात्र है।

यहां यह भी समझना योग्य है कि सामवेदकी १३ शाखाएं सामतर्पणमें लिखी हैं–"राणायन–शाट्यमुग्रय-व्यास–भागुरि–औलुण्डी—गौल्गुलवी–भानुमानौ–पमन्यव– काराटि– मशकगार्ग्य– वार्षगव्य– कुथुम– शाली होत्र–जैमिनी" इन तेरह सामवेदकी शाखाओंके नाम सामतर्पणमें लिखे हैं। इनमें "राणायनी, कौथुमी (कुथुम शाखावाली) और जैमिनी" इन शाखाओंकी सामवेद संहिताएं इस समय हमारे पास हैं। और प्रत्येक साम संहितामें मन्त्रक्रमकी भिन्नता है। तथा मंत्रसंख्या भी न्यूनाधिक है। मंत्रोंसे बने गान भी विभिन्न हैं।

हमारे पास कौथुमी तथा जैमिनी शाखाके गान लिखे हैं, कौथुमी शाखाके ऊह, ऊह्य, ग्रामगेय ऐसे थोडे गान हमने छापे भी हैं। बाकीके छापने हैं। दोनों शाखाओंके मिलकर करीब ८००० गान हैं। राणायनी शाखाके गान हमें अभीतक प्राप्त नहीं हुए। पर कौथुमी और जैमिनी शाखाके गान भी सबके सब ८००० ठीक तरह छापना बहुत व्ययका कार्य है। प्रत्येक शाखाकी गानपद्धति विभिन्न है और स्वर तथा आलापकी पद्धति विभिन्न होनेसे ये इतने गान हुए हैं। सच्चा 'सामवेद' (सा+अम+वेद) ऋचाओंके स्वर आलापोंका वेद यही है। जो प्रसिद्ध 'सामवेद संहिता' करके है वह केवल ऋग्वेदके मंत्रोंका संग्रह मात्र है। उसमें गानका संबंध बिलकुल नहीं है।



ऋग्वेदके तथा अथर्ववेदके सब चरणबद्ध मंत्रोंका गान हो सकता है। और गान करनेवाले विद्वान गोकर्णमें इस समय हैं भी। इसलिये ये साम सहस्रों हो सकते हैं चारों वेदोंमें चरणवाले मंत्र १७००० से कुछ अधिक हैं। एक एक मंत्रके तीन सामगान भी हुए तो भी ५० हजार साम हो सकते हैं। इसलिये कहते हैं कि सामगानोंका अन्त नहीं है। ये तो अनन्त हो सकते हैं। 'सहस्रवर्त्मा सामवेदः' सामवेदके गानोंके सहस्रों मार्ग हैं ऐसा इसीलिये कहा है।

श्रीमद्भगवद्गीतामें 'वेदानां सामवेदोऽस्मि।' (भ. गी. १०।२२) वेदोंमें सामवेद ईश्वरकी विभूति कही है वह इसीलिये है। महाभारतमें अनुशासन पर्वमें (१४।३१७) 'सामवेदश्च वेदानां।' इस तरह सब वेदोंमें सामका महत्त्व वर्णन किया है। इसकी विशेषता इस तरह दर्शायी है—

वाच ऋग्रसः, ऋचः साम रसः, साम्न उद्गीथो रसः। छां० उ० १।१।२

'वाणीका रस ऋग्वेद है, ऋग्वेदका रस सामगान है, सामगानका रस उद्गीथ गान है।' तथा—

सामवेद एव पुष्पम्। छां० उ० ३।३।१।

'सामवेद यह वेदरूपी वृक्षका फूल है।' जैसा वृक्षकी शोभा फूल बढाता है वैसा वेदकी शोभा सामगान बढाता है। और देखिये—

का साम्नो गतिरिति। स्वर इति होवाच।
छां० उ० १।८।४

तस्य हैतस्य साम्नो यः स्वं वेद, भवति हास्य स्वं, तस्य स्वर एव स्वम्। बृ० उ० १।३।२५

सामकी गति स्वरमें है। सामका (स्वं) सर्वस्व स्वर ही है। अर्थात् सामवेद ऋग्वेदके मंत्रोंका संग्रह है और उन मंत्रोंपर ऋषियोंने गान रचे हैं। इसलिये सब सामगान ऋषियोंके नामसे बोले जाते हैं। 'गौतमस्य पर्क। कश्यपस्य बर्हिषं।' इत्यादि सामके नाम किस ऋषिने कौनसा गान रचा वह बता रहे हैं।

## वेदमंत्रोंमें सामकी प्रशंसा

वेद मंत्रोंमें सामका उल्लेख अनेक प्रकार आया है वह अब देखिये—

आङ्गिरसां सामभिः स्तूयमानाः ( देवाः )। ऋ० १।१०७।२

अङ्गिरसो न सामभिः। ऋ० १०।७८।५

अंगिरसोंके सामगानका यह उल्लेख है। शकुनि पक्षीके स्वरके समान सामगान गाते हैं ऐसा कहा है—

उभे वाचौ वदति सामगा इव गायत्रं च त्रैष्टुभं चानुराजति। उद्गातेव शकुने साम गायसि; ब्रह्मपुत्र इव सवनेषु शंससि॥ ऋ० २।४३।१-२

' गायत्र और त्रैष्टुभ ' सामके नाम इस मंत्रमें हैं। शकुन पक्षी उद्गाताके समान साम गाता है। शकुन पक्षीके स्वरके समान साम गायन हो ऐसा इससे सूचित होता है। जो जागता है उसको साम प्राप्त होते हैं, ऐसा कहनेवाला मंत्र यह है—

यो जागार तमृचः कामयन्ते।
यो जागार तमु सामानि यन्ति॥ ऋ० ५।४४।१४

जो जागता है उसको ऋचाएं चाहती हैं, और जो जागता है उसको साम प्राप्त होते हैं। तथा—

तमेव ऋषिं तमु ब्रह्माणमाहुः
यज्ञन्यं सामगामुक्थशासम्। ऋ० १०।१०७।६

जो सामगान करता है उसको ऋषि, ब्रह्मा तथा यज्ञके लिये योग्य कहते हैं। तथा—

उपगासिषत् श्रवत्साम गीयमानम्। ऋ० ८।८१।५
यूयमृषिमवथ सामविप्रम्। ऋ० ५।५४।१४

( सामविप्रं ) सामगानमें जो कुशल गायक होता है उसका संरक्षण देव करते हैं। इन्द्रकी सामसे स्तुति करनेके विषयमें ऐसा कहा है—

इन्द्रं स्तवाम शुद्धं शुद्धेन साम्ना। ऋ० ८।९५।७
इन्द्राय साम गायत विप्राय बृहते बृहत्।
ऋ० ८।९८।१; अथर्व० २०।६२।५

बृहस्पतिः सामभिः ऋक्को अर्चतु। ऋ० १०।३६।५
अर्चन्त एके महि साम मन्वत। ऋ० ८।२९।१०

इन्द्रकी शुद्ध सामसे स्तुति करते हैं। बडे इन्द्रकी साम गाकर प्रशंसा करते हैं। सामोंसे अर्चना की जाती है। सामोंके अनेक नाम भी वेदमंत्रोंमें आये हैं देखिये—

आंगूष्यं शवसानाय साम। ऋ० १।६२।२
गायत्रेण प्रति मिमीते अर्कं अर्केण साम त्रैष्टुभेन वाकम्। ऋ० १।१६४।२४; अथर्व. ९।१०।२
साम कृण्वन् सामन्यो विपश्चित् क्रन्दन्नेति।
ऋ० ९।९६।२२

' आंगूष्य, अर्क, गायत्र ये सामके नाम इन मंत्रोंमें आये हैं। ( सामन्यः विपश्चित् ) साम गायन करनेवाला ज्ञानी विद्वान् ( साम क्रन्दन् एति ) सामके आलाप जोरसे गाता हुआ आता है। यहां सामगान बडे स्वरसे करनेका उल्लेख है। सामगानमें प्रवीण बडे आवाजसे साम गाते हैं।

सामका वर्णन अन्य रीतिसे भी वेदमें हुआ है। देखिये-

ऋचं साम यजामहे। अथर्व० ७।५४।१
षडु सामानि षडहं वहन्ति। अथर्व० ८।९।१६
ऋक्संशितः सामतेजाः। अथर्व० १०।५।३०
सामानि यस्य लोमानि। अथर्व० ९।६।२; १०।७।२०
ऋचः साम यजुर्मही। अथर्व० १०।७।१४
साम्ना ये साम संविदुः। अथर्व० १०।८।४१
ऋक्साम यजुः उच्छिष्टे उद्गीतः प्रस्तुतं स्तुतम्।
उच्छिष्टे स्वरः साम्नो मेडिश्च॥ अथर्व० ११।७।५
शरीरं ब्रह्म प्राविशत् ऋचः सामाथो यजुः।
अथर्व० ११।८।२३
ब्रह्माणो यस्यामर्चन्ति ऋग्भिः साम्ना यजुर्विदः।
अथर्व० १२।१।३८
ऋचां च वै स साम्नां च ब्रह्मणश्च प्रियं धाम भवति। अथर्व० १५।६।९

" ऋचा और सामसे यज्ञ होता है। छः साम हैं। सामसे तेजस्वी होता है। परमात्माके लोम सामगान हैं। ऋचा, साम और यजु ये तीन वेदमंत्र हैं। ऋचा, साम, यजु, सामका स्वर और आलाप परमात्मामें हैं। शरीरमें ब्रह्म प्रविष्ट हुआ है वह ऋचा साम तथा यजुरूपसे प्रकट है। यजु जाननेवाले ऋचाओंसे और सामसे अर्चना करते हैं। ऋचाओंका तथा सामोंका वह प्रिय धाम होता है। "

इस तरह ऋचा, साम और यजुका परस्पर संबंध वेद मंत्रोंमें बताया है। वेदोंमें निम्नलिखित सामगानोंके नाम आये हैं। वैरूपं, बृहत्, गौरिवीति, रैवतं, अर्कं, गायत्रं, श्लोकं, भद्रं इत्यादि नाम ऋग्वेदमें है। वाजसनेयी यजुर्वेदमें रथन्तरं (य. १०।१०), बृहत् (१०।११), वैरूपं (य. १०।१२), वैराजं (१०।१३); वैखानसं, वामदेव्यं, यज्ञायज्ञियं (वा० य० १२।४), शाकरं रैवतं (य० १०।४), गायत्रं, गौरिवीतं, अभीवर्तं, क्रोशं, सत्यस्याधिं, प्रजापतेर्हृदयं, श्लोकं, अनुश्लोकं, भद्रं, राजत्, अक्यं, इलान्दं इत्यादि नाम यजुर्वेदके हैं। प्रायः यजुर्वेदके सभी संहिताओंमें ये नाम हैं।

ऐतरेय ब्राह्मणमें— 'बृहत्, रथन्तर, वैरूपं, वैराजं, शाकरं, रैवतं, गायत्रं, श्यैतं, नौधसं, रौरवं, यौधाजयं, आग्निष्टोमीयं, भासं, विकर्ण इत्यादि नाम आये हैं। इस तरह चारों वेदोंमें और अनेक ब्राह्मण ग्रन्थोंमें सामगानोंके नाम आये हैं। इनमें कई नाम छंदोंसे बने हैं, कई मधुर स्वरसे हैं।

ऋचा पादवाले, चरणवाले मंत्रका नाम है। इसी पादबद्ध मंत्रका गान होता है, जिसका नाम साम हैं। शेष गद्य मंत्रका नाम यजु है। वेदमंत्रोंमें, पूर्व स्थानमें दिये या न दिये मंत्रोंमें, जो साम शब्द आया है वह सामगानका वाचक है। सामवेद नामक मंत्र संग्रहका वाचक वह नहीं है। सामवेदमें संग्रहित योनिमंत्रोंसे भिन्न अन्य पादबद्ध मंत्र भी गाये जाते हैं और उनको भी 'साम' कहते हैं।

सामके विषयमें इतना कहना पर्याप्त है। इससे सामवेदके मंत्र ऋग्वेद मंत्र ही हैं यह सिद्ध हुआ है।

गानके लिये ऋग्वेदसे जो मंत्र संगृहित किये वही मंत्र संग्रह सामवेद करके प्रसिद्ध हुआ है। सामकी शाखाओंकी संहिताओंमें सामवेदके मंत्रोंका क्रम विभिन्न है, संख्या भी न्यूनाधिक है और उनसे बने सामगान भी विभिन्न हैं और अनेक हैं।

## सामवेद मंत्रसंग्रह

सामवेद मंत्रसंग्रह पूर्वार्धमें 'आग्नेय काण्ड' (मंत्रसंख्या ११४), 'ऐन्द्र काण्ड (मंत्रसंख्या ३५२), पावमान काण्ड (सोमकाण्ड, मंत्रसंख्या ११९) आरण्यक काण्ड मंत्र५५, महानाम्नि मंत्र १० मिलकर ६५० मंत्र हैं। अग्नि, इन्द्र और सोम इन तीन देवताओंके ये तीन विभाग हैं। अतः इसको 'दैवत संहिता' हम कह सकते हैं।



उत्तरार्चिकमें करीब १२२५ मंत्रोंका संग्रह है। पर यह संग्रह देवतानुसार नहीं है।

राणायनीय तथा जैमिनीय सामवेद संहिताओंमें मंत्रसंख्या कुछ न्यूनाधिक है।

## अथर्ववेदके विषयमें

अथर्ववेदके विषयमें अब विचार करते हैं। अथर्ववेद संहिताके दो प्रवाह आज मिलते हैं। एक पिप्पलाद अथर्ववेद और दूसरा शौनकीय अथर्ववेद। पतंजली महामुनिने अपने व्याकरण महाभाष्यके प्रारंभमें 'शं नो देवी' मंत्रसे अथर्ववेदका प्रारंभ लिखा है। वह पिप्पलाद शाखाका प्रतीत होता है क्योंकि शौनकीय अथर्ववेदका प्रारंभ 'ये त्रिषप्ता' मंत्रसे हुआ है।

## अथर्ववेदकी काण्डगणना

अथर्ववेदकी काण्ड गणना प्रारंभमें विषयानुसार नहीं है केवल सूक्तमें मंत्र संख्यानुसार हुई है, देखिये—

१ प्रथम काण्ड

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ४ मंत्रवाले | सूक्त | ३० | मंत्र संख्या | १२० |
| ५ ,, | ,, | १ | ,, | ५ |
| ६ ,, | ,, | २ | ,, | १२ |
| ७ ,, | ,, | १ | ,, | ७ |
| ९ ,, | ,, | १ | ,, | ९ |
| | | ३५ | | १५३ |

इस प्रथम काण्डकी प्रकृति ४ मंत्रोंके सूक्तोंकी है।

२ द्वितीय काण्ड

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ५ ,, | ,, | २२ | ,, | ११० |
| ६ ,, | ,, | ५ | ,, | ३० |
| ७ ,, | ,, | ५ | ,, | ३५ |
| ८ ,, | ,, | ४ | ,, | ३२ |
| | | ३६ | | २०७ |

इस द्वितीयकाण्डकी प्रकृति ५ मंत्रोंके सूक्तोंकी है।

### ३ तृतीय काण्ड

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ६ मंत्रवाले सूक्त | | १३ | मंत्रसंख्या | | ७८ |
| ७ | ,, ,, | ६ | ,, | | ४२ |
| ८ | ,, ,, | ६ | ,, | | ४८ |
| ९ | ,, ,, | २ | ,, | | १८ |
| १० | ,, ,, | २ | ,, | | २० |
| ११ | ,, ,, | १ | ,, | | ११ |
| १३ | ,, ,, | १ | ,, | | १३ |
| | | ३१ | | | २३० |

इस तृतीय काण्डकी प्रकृति ६ मंत्रोंके सूक्तोंकी है।

### ४ चतुर्थ काण्ड

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ७ | ,, ,, | २१ | ,, | १४७ |
| ८ | ,, ,, | १० | ,, | ८० |
| ९ | ,, ,, | ३ | ,, | २७ |
| १० | ,, ,, | ३ | ,, | ३० |
| १२ | ,, ,, | २ | ,, | २४ |
| १६ | ,, ,, | १ | ,, | १६ |
| | | ४० | | ३२४ |

इस चतुर्थ काण्डकी प्रकृति ७ मंत्रोंके सूक्तोंकी है।

### ५ पञ्चम काण्ड

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ८ | ,, ,, | २ | ,, | १६ |
| ९ | ,, ,, | ४ | ,, | ३६ |
| १० | ,, ,, | २ | ,, | २० |
| ११ | ,, ,, | ६ | ,, | ६६ |
| १२ | ,, ,, | ५ | ,, | ६० |
| १३ | ,, ,, | ३ | ,, | ३९ |
| १४ | ,, ,, | ३ | ,, | ४२ |
| १५ | ,, ,, | ३ | ,, | ४५ |
| १७ | ,, ,, | २ | ,, | ३४ |
| १८ | ,, ,, | १ | ,, | १८ |
| | | ३१ | | ३७६ |

इस पञ्चम काण्डकी कोई विशेष सूक्त संख्याविषयक प्रकृति नहीं है।

### ६ षष्ठ काण्ड

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ३ | ,, ,, | १२२ | ,, | ३६६ |
| ४ | ,, ,, | १२ | ,, | ४८ |
| ५ | ,, ,, | ८ | ,, | ४० |
| | | १४२ | | ४५४ |

इस षष्ठ काण्डकी प्रकृति ३ मंत्रोंके सूक्तोंकी है।

### ७ सप्तम काण्ड

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १ | ,, ,, | ५८ | ,, | ५८ |
| २ | ,, ,, | २७ | ,, | ५४ |
| ३ | ,, ,, | १० | ,, | ३० |
| ४ | ,, ,, | १० | ,, | ४० |
| ५ | ,, ,, | ३ | ,, | १५ |
| ६ | ,, ,, | ४ | ,, | २४ |
| ७ | ,, ,, | ३ | ,, | २१ |
| ८ | ,, ,, | ३ | ,, | २४ |
| ९ | ,, ,, | १ | ,, | ९ |
| ११ | ,, ,, | १ | ,, | ११ |
| | | १२० | | २८६ |

इस सप्तम काण्डकी प्रकृति १ तथा २ मंत्रोंके सूक्तोंकी है। सात काण्डतक मंत्रसंख्या २०३० होती है। सात काण्डतक ही विशेष मंत्र संख्यावाले सूक्तोंके अनुसार काण्डोंकी रचना हुई है। यह संग्रह विषयवार नहीं है और ना ही ऋषिवार वा देवतावार है। केवल सूक्तमें मन्त्रसंख्या कितनी है उसको देखकर यह संग्रह हुआ है। इसके आगेके काण्ड कुछ अंशमें विषयानुसार या प्रकरणानुसार हैं, ऐसा कह सकते हैं, देखिये—

| | मंत्र संख्या | विषय |
|---|---|---|
| १ से ७ काण्डतक | २०३० | |
| ८ अष्टम काण्ड | २९३ | दीर्घायु। शत्रुनाश। औषधि। विराट्। |
| ९ नवम ,, | ३१३ | मधु। काम। शाला। वृक्ष। अज। गौ। अतिथिसत्कार। आत्मा। यक्ष्मनाश। |
| १० दशम ,, | ३५० | कृत्यानाश। ब्रह्म। सर्पविषनाश। विजय। गौ। |
| ११ एकादश ,, | ३१३ | ब्रह्मौदन। रुद्र। प्राण। ब्रह्मचर्य। ब्रह्म। अध्यात्म। शत्रु निवारण। |
| १२ द्वादश ,, | ३०४ | मातृभूमि। अग्नि। ओदन। गौ। |
| १३ त्रयोदश ,, | १८८ | अध्यात्म |
| १४ चतुर्दश ,, | १३९ | विवाह |
| १५ पञ्चदश ,, | २३० | अध्यात्म। व्रात्य |
| १६ षोडश ,, | १०३ | दुःखनाश। विजय प्राप्ति |

| | | |
|---|---|---|
| १७ सप्तदश ,, | ३० | अभ्युदय प्रार्थना |
| १८ अष्टादश ,, | २८३ | पितृमेध |
| १९ एकोनविंशति,, | ४५३ | ( फुटकर अनेक विषय ) |
| २० विंश ,, | ९५८ | ,, ,, ,, |
| | ५९८७ | अथर्ववेदकी कुल मन्त्रसंख्या |

अष्टम काण्डसे १८ वे काण्डतक कुछ अंशमें प्रकरण दीखते हैं। परन्तु १९ वे और २० वे काण्ड फिर फुटकर हैं। और त्रयोदश, चतुर्दश तथा अष्टादश काण्डमें जैसे स्पष्ट प्रकरण हैं वैसे अन्य काण्डोंमें नहीं हैं। पर थोडे प्रयत्नसे इनके प्रकरण बन सकते हैं। प्रथम सात कांडोंके सूक्त तो केवल संख्याकी दृष्टिसे एकत्रित हुए हैं—

| | | | |
|---|---|---|---|
| ७ सप्तम काण्ड | १ तथा २ मन्त्रोंके सूक्त | बहुसंख्य हैं। | |
| ६ षष्ठ ,, | ३ | ,, | ,, |
| १ प्रथम ,, | ४ | ,, | ,, |
| २ द्वितीय ,, | ५ | ,, | ,, |
| ३ तृतीय ,, | ६ | ,, | ,, |
| ४ चतुर्थ ,, | ७ | ,, | ,, |

इस तरह यह गणना सूक्तमें मन्त्रसंख्याके अनुसार है। विषयवार नहीं, देवतावार नहीं और ऋषि अनुसार भी नहीं है। अठारहवें काण्डमें अन्त्येष्टी संस्कारके मन्त्र तथा पितृमेधके मन्त्र हैं। अथर्ववेदकी पिप्पलाद संहिता यहीं समाप्त होती है। अगले दोनों काण्ड पिप्पलाद संहितामें नहीं है। इस कारण कई समझते हैं कि यहां अथर्ववेद संहिता समाप्त होती है। उन्नीसवां तथा वीसवां ये दो काण्ड पीछेसे संग्रहित हुए हैं ऐसा इस कारण कई मानते हैं। वीसवे काण्डमें प्रायः ऋग्वेदके ही मन्त्र हैं और उन्नीसवें काण्डमें बहुत सूक्त ऐसे हैं कि जो बडे मननीय हैं। इस कारण हम वीस काण्ड तकके संग्रहको ही अथर्ववेदमें संमिलित मानते हैं। अन्तिम दोनों काण्ड शौनकके पूर्व ही इसमें संमिलित हुए हैं। जो शौनकाचार्यने स्वीकारे हैं उनपर हमारा आक्षेप होना योग्य नहीं है। शौनकाचार्यके स्वीकृत होनेके कारण इस अथर्ववेदमें २० काण्ड और ५९८७ मन्त्र मानना सयुक्तिक है।

## अथर्ववेदके नाम

अथर्ववेदके ( १ ) अथर्ववेद, ( २ ) ब्रह्मवेद, ( ३ ) आंगिरसवेद, ( ४ ) भिषग्वेद और ( ५ ) क्षत्रवेद ये नाम प्रसिद्ध हैं। पहिले तीन नाम तो अत्यंत प्रसिद्ध हैं। ये पहिले तीनों नाम ऋषियोंके नाम हैं यह विशेष रीतिसे यहां समझना आवश्यक है। अन्तिम दो नाम विषयके अनुसार हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| १ अथर्वा | ऋषिके मंत्र | १७६८ | हैं |
| २ ब्रह्मा | ,, ,, | ९६७ | ,, |
| ३ अंगिरा | ,, ,, | ६७० | ,, |

अंगिराको भृग्वंगिरा भी कहा जाता है। अन्य ऋषियोंके मंत्र संख्यामें कम हैं। जिस ऋषिके मंत्र इस वेदमें संख्यामें अधिक हैं उस ऋषिका नाम इस वेदको दिया है और इस कारण 'अथर्ववेद, ब्रह्मवेद अथवा अंगिरावेद' ये नाम इस वेदको मिले हैं।

व्युत्पत्ति करके हम इन नामोंका अर्थ अथर्ववेदके अनुकूल बता सकते हैं। जैसा पूर्व आचार्योंने किया भी है जैसा—

अथर्वाणोऽथर्वणवन्तः । थर्वतिश्चरतिकर्मा तत्प्रतिषेधः ॥ निरु. दै. ११।२।१७

'थर्वका अर्थ गति है, वह जहां नहीं वह अथर्वा है।' अर्थात् निश्चलता, चित्तवृत्तिका निरोध करनेसे जो मानसिक शान्ति प्राप्त होती है वह अ-थर्व पदसे सूचित होती है। तथा—

अथ अर्वाग् एनं... अन्विच्छेति । तद्यदब्रवीदथार्वाङेनमेतास्वेवाप्स्वन्विच्छेति तदथर्वाऽभवत् ।
गोपथ ब्रा. ११४

'अपने समीप इसकी खोज करो ( अथ अर्वाक् ) अब पास इसकी खोज करो ऐसा कहनेसे अथर्वा हुआ है।' यह अथर्वाकी व्युत्पत्ति गोपथ ब्राह्मणने दी है। ( अथ ) अब ( अर्वाक् ) पास अपनेमें खोज कर यह इसका अर्थ है। बाहर आत्माकी खोज न करते हुए अपनेमें देखो।

अथर्ववेदमें इस विषयके मंत्र भी हैं देखिये—

मूर्धानमस्य संसीव्य, अथर्वा हृदयं च यत् ।
मस्तिष्कादूर्ध्वः प्रैरयत् पवमानोऽधि शीर्षतः ॥२६
तद् वा अथर्वणः शिरः देवकोशः समुब्जितः ।
तत् प्राणो अभिरक्षति शिरो अन्नमथो मनः ॥२७॥
ऊर्ध्वोऽनुसृष्टास्तिर्यङ्नुसृष्टाः
सर्वा दिशः पुरुष आ बभूवाँ ।
पुरं यो ब्रह्मणो वेद यस्याः पुरुष उच्यते ॥ २८ ॥
अथर्व. १०।२।२६–२८

'सिर और हृदयको अथर्वा सीता है और मस्तकके ऊपर प्राणको चलाता है। यह अथर्वाका सिर देवोंका कोश है। प्राण इस सिर मन और अन्नकी रक्षा करता है। ऊपर तिरछा सब ओर यह पुरुष ही है। यह ब्रह्मकी नगरी है, इसमें रहनेके कारण इसको पुरुष कहते हैं।'

इस तरह अथर्वाका वर्णन इसी अथर्ववेदमें है। इस आत्माको अपने अन्दर खोजकर अपने अन्दर देखनेका यह विषय इस रीतिसे इस वेदमें है। इस कारण इस व्युत्पत्तिसे जो अर्थ प्रकट होता है वह अर्थ इस अथर्ववेदमें है इसमें संदेह नहीं है।

## ब्रह्मवेद

ब्रह्मवेदका अर्थ ब्रह्मका ज्ञान देनेवाला वेद। इस अथर्ववेदमें स्पष्ट शब्दोंसे ब्रह्मका ज्ञान बताया है इस विषयके प्रमाण मंत्र अब देखिये—

न वै तं चक्षुर्जहाति न प्राणो जरसः पुरा।
पुरं यो ब्रह्मणो वेद यस्याः पुरुष उच्यते ॥३०॥
अष्टाचक्रा नवद्वारा देवानां पूरयोध्या।
तस्यां हिरण्ययः कोशः स्वर्गो ज्योतिषावृतः ॥३१॥
तस्मिन् हिरण्यये कोशे त्र्यरे त्रिप्रतिष्ठिते।
तस्मिन् यद् यक्षं आत्मन्वत् तद् वै ब्रह्मविदो विदुः ॥ ३२ ॥ अथर्व. १०।२

'जो इस ब्रह्मकी नगरीको जानता है, उसके आंख और प्राण वृद्ध अवस्थाके पूर्व उसको नहीं छोडते। आठचक्र और नौ द्वार इस देवनगरी अयोध्याके हैं और इसके मध्यमें तेजसे आवृत्त सुवर्णका कोश है। इस सुवर्णमय कोशमें जो पूजनीय आत्मदेव है उसको ब्रह्मज्ञानी जानते हैं।'

यह ब्रह्मका ज्ञान इस वेदमें होनेसे इसका नाम ब्रह्मवेद सार्थ है। गोपथ ब्राह्मणमें भी ऐसा ही कहा है—

श्रेष्ठो हि वेदः, तपसोऽधिजातो ब्रह्मज्ञानां हृदये संबभूव ॥ गोपथ ब्रा० १।९

'यह अथर्ववेद श्रेष्ठ वेद है, तपसे यह ब्रह्मज्ञानीयोंके हृदयमें प्रकट हुआ है।' इस कारण इसको 'ब्रह्मवेद' नाम सार्थ है।

## आंगिरसवेद। भिषग्वेद।

इस अथर्ववेदको 'आंगिरसवेद' तथा 'भृग्वंगिरोवेद' तथा 'भिषग्वेद' भी कहते हैं। इस विषयमें गोपथ ब्राह्मणका वचन देखने योग्य है—

एतद् वै भूयिष्ठं ब्रह्म यद् भृग्वंगिरसः।
योंऽगिरसः स रसः। ये अथर्वाणस्तद् भेषजम्।
यद् भेषजं तदमृतं। यदमृतं तद् ब्रह्म।
गोपथ ब्रा० ३।४

'भृग्वंगिरसोंका जो ब्रह्मज्ञान है वह बडा महत्वपूर्ण ज्ञान है। जो अंगरस है वह एक रस ही है। जो अथर्वा है वह औषध है। जो औषध है वह अमृत अर्थात् मृत्युसे बचानेवाला है और जो मृत्युसे बचाता है वही ब्रह्म है।' इस तरहका वर्णन गोपथमें दिया है, वह 'भृग्वंगिरावेद, अंगिरावेद, भिषग्वेद और ब्रह्मवेद' इन नामोंकी संगति बता रहा है।

## आंगिरसका स्वरूप

आंगिरसका स्वरूप उपनिषदोंमें इस तरह समझाया है—

आंगिरसं मन्यन्ते, अङ्गानां हि यद् रसः।
छां० १।२।१०

आंगिरसोऽङ्गानाँ हि रसः। बृ० १।३।८
प्राणो हि अंगानां रसः। बृ० १।३।१९

'आंगिरसका अर्थ अंगोंका रस है। प्राण ही अंगोंका रस है।' शरीरमें एक प्रकारका जीवन रस रहता है, उसको अंगरस कहते हैं। इस अंगरसकी जो विद्या है उसका नाम आंगिरसी विद्या है, यही 'आंगिरस वेद' है। इस विषयमें निम्नस्थानमें लिखित मंत्र देखने योग्य है—

आथर्वणीः आंगिरसीः दैवीः मनुष्यजा उत।
ओषधयः प्रजायन्ते यदा त्वं प्राण जिन्वसि ॥
अथर्व. ११।४।१६

'आथर्वणी, आंगिरसी, दैवी तथा मनुष्यजा औषधि-चिकित्सा तब यशस्वी सिद्ध होती है जब प्राण शरीरमें रहना चाहता है।' यहां आथर्वणी, आंगिरसी, दैवी तथा मानवी चिकित्साओंका वर्णन है। अथर्वाके मंत्रोंमें वर्णित चिकित्सा आथर्वणी चिकित्सा होगी, अंगीयरससे जो चिकित्सा की जाती है, वह करनेवाले आंगिरस ऋषि कहलाते हैं। दैवी चिकित्सा वह है कि जो अग्नि, जल, सूर्य, विद्युत्, औषधि आदिसे होती है। मनुष्यज चिकित्सा जो मानवोंद्वारा विविध साधनोंसे होती है। यहां इस मंत्रमें चार चिकित्साओंका उल्लेख है। अथर्ववेदके नामोंके विषयमें निम्न स्थानमें दिये वचन मननीय हैं—

१ 'अथर्ववेद' यह नाम गोपथ ब्राह्मणमें दिया है। 'शं नो देवीरभिष्टय' इत्यारभ्य 'अथर्ववेदं अधीयते।' (गो. ब्रा. १।२९) यहां अथर्ववेद नाम आया है।

२ 'ब्रह्मवेद' यह नाम 'तं ऋचः सामानि यजूंषि ब्रह्म च अनुव्यचलन्।' (अथर्व. १५।६।८) इसमें 'ब्रह्म' नाम अथर्ववेदके लिये आया है।

३ शतपथमें 'ता उपदिशति अङ्गिरसो वेद' (श. ब्रा. १३।४।३।८) 'अङ्गिरसवेद' यह नाम अथर्ववेदके लिये आया है।

४ 'सामानि यस्य लोमानि अथर्वाङ्गिरसो मुखं' (अथर्व १०।७।२०) यहां 'अथर्वांगिरसो' वेदपद अथर्ववेदके लिये आया है।

५ 'एतद्वै भूयिष्ठं ब्रह्म यद् भृग्वंगिरसः।' (गो. ब्रा. ३।४) इस गोपथ ब्राह्मणमें 'भृग्वंगिरस' पद अथर्ववेदके लिये आया है।

६ 'ऋच, ... यजुः... साम ... क्षत्रं ... वेद'। (श. ब्रा. ११।६।१४) इस शतपथ ब्राह्मणके वचनमें 'क्षत्र' पद अथर्ववेदका सूचक आया है।

७ 'ऋचः सामानि भेषजा यजूंषि होत्रा ब्रूम।' (अथर्व. ११।६।१४) में 'भेषजा' पद अथर्ववेदका वाचक है।

अथर्व वेदमें चिकित्साएं हैं इसलिये 'भेषज्यवेद' नाम अथर्ववेदके लिये योग्य है। अथर्ववेदमें युद्ध विद्या है इस कारण 'क्षत्रवेद' यह नाम भी अथर्ववेदके लिये योग्य है। इस तरह अथर्ववेदके नाम हैं। ये सब अंशतः सार्थ हैं। अंशतः सार्थ कहनेका कारण यह है कि ये नाम अथर्ववेदके अंशके हैं, परंतु वे संपूर्णके लिये प्रयुक्त हुए हैं। अब हम देखेंगे कि अथर्ववेदमें सूक्तोंके विषय कैसे हैं।

## सूक्तोंके विषय

**१ प्रथम काण्ड**- १ मेधाजनन, २ रोगोपशमन, ३ मूत्रमोचन, ४-६ आपः, ७-८ यातुधाननाशन, ९ विजय प्रार्थना, १० पाशविमोचन, ११ सुख प्रसूति, १२ यक्ष्मनाशन, १३ विद्युद्, १४ कुलपा कन्या, १५ पुष्टिकर्म, १६ शत्रुबाधन, १७ धमनी बंधन, १८ अलक्ष्मी नाशन, १९-२१ शत्रुनिवारण, २२ हृद्रोगकामिलानाशन, २३-२४ श्वेतकुष्ठनाशन, २५ ज्वरनाशन, २६ शर्मप्राप्ति, २७ स्वस्त्ययन, २८ रक्षोघ्न, २९ सपत्नीक्षयण, ३० दीर्घायु, ३१ पापमोचन, ३२ महद्ब्रह्म, ३३ आपः, ३४ मधुविद्या, ३५ दीर्घायु।

**२ द्वितीय काण्ड**- १ परमधाम, २ भुवनपति, ३ आस्रावभेषज, ४ दीर्घायु, ५ इन्द्र, ६ सपत्नहा, ७ शापमोचन, ८ क्षत्रियरोगनाशन, ९ दीर्घायु, १० पाशमोचन, ११ श्रेयःप्राप्ति, १२ शत्रुनाशन, १३ दीर्घायु, १४ दस्युनाशन, १५ अभयप्राप्ति, १६ सुरक्षा, १७ बलप्राप्ति, १८-२४ शत्रुनाशन, २५ पृश्निपर्णी, २६ पशु संवर्धन, २७ शत्रुपराजय, २८-२९ दीर्घायु, ३० मनः, ३१-३२ क्रिमिजम्भन, ३३ यक्ष्मनाशन, ३४ पशु, ३५ विश्वकर्मा, ३६ पतिवेदनम्।

**३ तृतीय काण्ड**— १-२ शत्रुसेना संमोहन, ३ स्वराज्ये राज्ञः पुनः स्थापनं, ४ प्रजाभी राज्ञः संवरणं, ५ राजा राजकृतश्च, ६ शत्रुनाशन, ७ यक्ष्मनाशन, ८ राष्ट्रधारण, ९ दुःखनाशन, १० रायस्पोषप्राप्तिः, ११ दीर्घायु, १२ शाला, १३ आपः, १४ गोष्ठः, १५ वाणिज्य, १६ स्वस्ति, १७ कृषि, १८ वनस्पति; १९ क्षत्रं, २० रयिसंवर्धन, २१ शान्ति, २२ वर्चः प्राप्ति, २३ वीरप्रसूति, २४ समृद्धि, २५ कामस्य इषुः, २६ आत्मरक्षा, २७ शत्रुनिवारण, २८ पशुपोषण, २९ अवि, ३० सांमनस्य, ३१ यक्ष्मनाशन।

**४ चतुर्थ काण्ड**— १ ब्रह्म, २ आत्मा, ३ शत्रुनाशन, ४ वाजीकरण, ५ स्वापन, ६-७ विषघ्न, ८ राज्याभिषेक, ९ आञ्जन, १० शंखमणि, ११ अनड्वान्, १२ रोहिणी, १३ रोगनिवारण, १४ स्वर्ज्योति, १५ वृष्टि, १६ सत्यानृतसमीक्षक, १७-१९ अपामार्ग, २० पिशाचक्षयण, २१ गावः, २२ अमित्रक्षय, २३-२९ पापमोचन, ३० राष्ट्री, ३१ सेना निरीक्षण, ३२ सेना संयोजन, ३३ पापनाशन, ३४ ब्रह्मौदन, ३५ मृत्युसंतरण, ३६ सत्यौजा अग्नि, ३७ क्रिमिनाशन, ३८ वृषभ, ३९ संनति, ४० शत्रुनाशन।

**५ पंचम काण्ड**— १ अमृतासु, २ भुवनज्येष्ठ, ३ विजय, ४ कुष्ठनाशन, ५ लाक्षा, ६ ब्रह्मविद्या, ७-८ शत्रुनाश, ९-१० आत्मा, ११ संपत्कर्म, १२ ऋतयज्ञ, १३ सर्पविषनाश, १४ कृत्यापरिहरण, १५ मधुला वनस्पति, रोगनाश, १६ वृषरोगनाश, १७ ब्रह्मजाया, १८-१९ ब्रह्मगवी, २०-२१ शत्रुसेनात्रासन, २२ तक्मनाशन, २३ क्रिमिघ्न, २४ ब्रह्मकर्म, २५ गर्भाधान, २६ नवशाला, २७ अग्निः, २८ दीर्घायुः, २९ रक्षोघ्न, ३० दीर्घायु, ३१ कृत्यापरिहरण।

यहांतक हमने पांच काण्डोंके विषय सूक्तक्रमसे दिये हैं। देखते ही यह स्पष्ट हो जाता है कि, ये सूक्त विषयानुसार नहीं हैं। यदि ये सब सूक्त विषयानुसार रखे जांयगे, तो इनका अध्ययन अत्यंत सहज हो सकेगा। विना कष्टके ये सूक्त समझमें आ सकते हैं।

## विषयानुसार सूक्तसंग्रह

इस कारण विषयानुसार सूक्तोंका संग्रह करना चाहिये। पिप्पलाद संहिता तथा शौनक संहिता ये दो अथर्ववेदके प्रवाह हैं। दोनोंके अन्दर सूक्तोंमें थोडासा अन्तर है। इस लिये दोनोंके सूक्त विषयवार संग्रहित किये जांय तो वेदका अध्ययन सहज हो सकेगा। आत्मा, ब्रह्म, ईश्वर, राज्यशासन, युद्ध, सैन्यसंचालन, रोगचिकित्सा, औषधप्रयोग आदि जितने विषय हैं उतने विषयोंके नीचे सूक्तोंका संग्रह करनेसे वेदका अध्ययन सहज हो सकेगा, और थोडे समयमें भी हो सकेगा। ऊपर जो सूक्तोंके शीर्षक दिये हैं, उनको देखनेसे ऐसा विषयवार सूक्तसंग्रह करना कोई कठीन नहीं है, परंतु उपयोगकी दृष्टीसे अधिक लाभकारी है यह सहज ही ध्यानमें आ सकता है। ऊपर जो नाम अथर्ववेदके दिये हैं वे अथर्ववेदके मुख्य प्रकरण हैं ऐसा माना जा सकता है। 'क्षत्रवेद' में सेना युद्धशास्त्र आदि विषय आ जांयगे, 'भिषग्वेद' में औषधि, चिकित्सा आदि विषय आ जांयगे, इस तरह यह विषयवार सूक्तसंग्रह किया जाय तो ५ वर्षोंका अध्ययन एक दो वर्षोंमें सहज हो सकेगा। यह इस तरह अथर्ववेदका विचार हुआ अब हम ऋग्वेदका विचार करते हैं—

## ऋग्वेदका विचार

ऋग्वेदकी ( १ ) शाकल संहिता, ( २ ) वाष्कल संहिता और ( ३ ) सांख्यायन संहिता ऐसी तीन संहिताएं इस समय उपलब्ध हैं। शाकल संहितामें यथा स्थान परिशिष्ट जोड देनेसे सांख्यायन संहिता होती है। बाष्कल संहिताका पाठ भी थोडी न्यूनाधिकतासे ऐसा ही है। ये पाठ हमने अपनी ऋग्वेद संहितामें दिये हैं।

ऋग्वेद संहिता दस मंडलोंमें विभक्त है। आठ अष्टकोंकी गणना भी दूसरी है। मण्डलोंकी गणना ऋषिवार है, केवल नवममण्डल सोमदेवताका है। बाकी नौ मण्डल ऋषिक्रमसे संहिता है। अष्टकोंकी गणनामें कुछ विशेष हेतु नहीं है। कुल संहिता ६४ अध्यायोंमें विभक्त करके आठ आठ अध्यायोंके आठ अष्टक बनाये हैं। न ऋषिवार यह गणना है और नाही देवतावार है।

मण्डलोंकी गणना इससे अच्छी है। नवम मण्डल केवल सोम देवताके मन्त्रोंका संग्रह करके बनाया है। बाकी सब नौ मण्डल ऋषिक्रमसे संग्रहित हुए हैं। इस कारण ये नौ मण्डल 'आर्षेय संहिता' कही जा सकती है और नवम मण्डलको हम 'दैवत संहिता' कह सकते हैं। यह ऋग्वेदको देखकर पाठकोंको पता लग सकता है कि 'आर्षेय संहिता' किस तरह बनानी चाहिये और 'दैवत संहिता' किस रीतिसे बनानी चाहिये। इस ऋग्वेदने इन दोनों प्रकारके संग्रह करके स्वयं बताया है कि ये दो संग्रह इस तरह होते हैं। और दोनों संग्रह लाभकारी है।

## दैवत संहिताका आदर्श
## सोम देवताका मंत्रसंग्रह

ऋग्वेदका नवम मण्डल "दैवत संहिता" का एक भाग है। सोम देवताके ११०८ मन्त्र इस मण्डलमें एकत्रित किये हैं। सब मन्त्रोंकी देवता 'पवमान सोम' है और एक एक ऋषिके मन्त्र क्रमशः संग्रहित हैं देखिये—

नवममण्डल ( देवता पवमान सोम )– १ मधुच्छन्दा १०; २ मेधातिथि १०; ३ शुनःशेप १०; ४ हिरण्यस्तूप १०; ५–२४ असित १४४; २५ दळहच्युत ६; २६ इध्मवाह ६; २७–२८ नृमेध ६; २९ प्रियमेध; ३० बिन्दु ६; ३१ गोतम ६; ३२ श्यावाश्व ६; ३३–३४ त्रित १२; ३५–३६ प्रभूवसु १२; ३७–३८ रहूगण १२; ३९–४० बृहन्मति १२; ४१–४३ मेध्यातिथि १८; ४४–४६ अयास्य १८; ४७–४९ कवि १८; ५०–५२ उचथ्य १५; ५३–६० अवत्सार ३२; ६१ अमहीयु ३०; ६२ जमदग्नि ३०; ६३ निध्रुवि ३०; ६४ कश्यप ३०; ६५ भृगु ३०; ६६ शतं वैखानसाः ३०; ६७ सप्त ऋषयः ३२; ६८ वत्सप्रि १०; ६९ हिरण्यस्तूप १०; ७० रेणु १०; ७१ ऋषभ ९; ७२ हरिमन्त ९; ७३ पवित्र ९; ७४ कक्षीवान् ९, ७५–७९ कवि २५; ८०–८२ वसु १५; ८३ पवित्र ५; ८४ वाच्य ५; ८५ वेन १२; ८६ अकृष्टा माषा, सिकता, अजा इ० ४८; ८७–८९ उशना २४; ९० वसिष्ठ ६; ९१–९२ कश्यप १२; ९३ नोधा ५; ९४

कण्व ५; ९५ प्रस्कण्व ५; ९६ प्रतर्दन २४; ९७ वसिष्ठो वासिष्ठाश्च ५८; ९८ अंबरीष १२; ९९-१०० रेभसूनू १७; १०१ अग्निगु आदयः १६; १०२ त्रित ८; १०३ द्वित ६; १०४-१०५ पर्वतनारदौ १२; १०६ अग्न्यादयः १४; १०७ सप्तर्षयः २६; १०८ गौरिवीति १६; १०९ अग्नयः २२; ११० त्र्यरुणः १२; १११ अनानत ३; ११२ शिशु ४; ११३-११४ कश्यप १५; ( कुल 'पवमान सोम' देवताकी मन्त्रसंख्या ११०८ )

यह नवममण्डल ऋग्वेदका है। यह दैवत संहिता बनी बनायी है। इसी तरह अग्नि, इन्द्र आदि देवताओंके मन्त्र संग्रह हम तैयार कर सकते हैं। हमने ऐसी ही दैवत संहिता चारों वेदोंकी बनाई और मुद्रित भी की जो वेदप्रेमी जनताको बहुत ही पसंद आयी। इसीलिये उसकी दो सहस्र पुस्तकें हाथों हाथ बिक गयी। पुनः द्वितीयवार यह दैवत संहिता छापनी है।

ऋग्वेदके शेष नौ मण्डल 'आर्षेय संहिता' है। ऋषि क्रमसे जो मन्त्रसंग्रह होता है वह आर्षेय संहिता कहलाती है।

## आर्षेय संहिता

ऋग्वेदके १-८ तकके आठ मण्डल और दशममण्डल इन नौ मण्डलोंमें ऋषिक्रमसे मन्त्रसंग्रह कैसा है वह अब देखिये—

**१ प्रथम मण्डल—** १-१० मधुच्छन्दाः; ११ जेता; १२-२३ मेधातिथि; २४-३० शुनःशेप; ३१-३५ हिरण्यस्तूप; ३६-४३ कण्व, ४४-५० प्रस्कण्व; ५१-५७ सव्य, ५८-६४ नोधाः, ६५-७३ पराशर; ७४-९३ गोतम; ९४-९८ कुत्स; ९९ कश्यप; १०० ऋज्राश्व; १०१-११५ कुत्स; ११६-१२६ कक्षीवान्; १२७-१३९ परुच्छेप; १४०-१६४ दीर्घतमाः; १६५-१९१ अगस्त्य इतने ऋषियोंके २००६ मन्त्र प्रथम मण्डलमें हैं।

**२ द्वितीय मण्डल—** १-४३ सूक्तोंमें गृत्समद ऋषिके ४२९ मन्त्र द्वितीय मण्डलमें है।

**३ तृतीय मण्डल—** १-६२ सूक्तोंमें विश्वामित्र ऋषिके ६१७ मन्त्र इस तृतीय मण्डलमें हैं।

**४ चतुर्थ मण्डल—** १-५८ सूक्तोंमें वामदेव ऋषिके ५८९ मन्त्र इस चतुर्थ मण्डलमें हैं।

**५ पञ्चम मण्डल—** १-८७ सूक्तोंमें अत्रि तथा अत्रिगोत्रके ऋषियोंके ७२७ मन्त्र इस पञ्चम मण्डलमें है।

**६ षष्ठ मण्डल—** १-७५ सूक्तोंमें भरद्वाजके तथा भरद्वाज गोत्रके ऋषियोंके ७६५ मन्त्र इस षष्ठ मण्डलमें हैं।

**७ सप्तम मण्डल—** १-१०४ सूक्तोंमें वसिष्ठ ऋषिके ८४१ मन्त्र इस सप्तम मण्डलमें हैं।

**८ अष्टम मण्डल—** १-१०३ कण्व गोत्रके अनेक ऋषियोंके तथा अत्रि आदि गोत्रोत्पन्न ऋषियोंके १७१६ मन्त्र हैं।

**९ नवम मण्डल—** सोम देवताके मन्त्रोंका संग्रह है यह इससे पूर्व बताया ही है।

**१० दशम मण्डलमें** १९१ सूक्त हैं और अनेक गोत्रोंके अनेक ऋषियोंके १७५४ मन्त्र हैं।

एक नवम मण्डल सोम देवताका है। शेष ९ मण्डल ऋषियोंके मण्डल हैं। अतः ऋग्वेद संहिता मुख्यतः आर्षेय संहिता है,' केवल नवम मण्डल ही दैवत संहिता है।

सामवेद संहिता ऋग्वेदसे मन्त्र लेकर तैयार हुई है। यह बात पूर्व स्थानमें बतायी ही है। इस सामवेद संहितामें पूर्वार्ध दैवत संहिता है, उत्तरार्ध वैसा नहीं है। सामवेद संहिता ऋग्वेदके मन्त्रोंका संग्रह होनेसे अर्थ जाननेके समय उसका पृथक् विचार करनेकी आवश्यकता नहीं है। क्योंकि ऋग्वेदके मन्त्रोंके अर्थमें सामवेदके मन्त्रोंका अर्थ आ जाता है।

अथर्ववेदके मन्त्रोंकी रचना सूक्तमें मन्त्रसंख्याकी दृष्टिसे प्रथम ७ काण्डोंमें है। इसके आगेके १८ वे काण्डतकके ११ काण्ड कुछ अंशमें विषयवार मन्त्र संग्रहसे बने हैं। फिर अन्तिम उन्नीस और वीस ये दो काण्ड वैसे नहीं हैं।

## दैवत संहितासे वेदाध्ययनकी सुविधा

यदि चारों संहिताओंके मन्त्र देवतानुसार संग्रहित किये गये, और उनके देवतानुसार प्रकरण बनाये गये, तो वेदमन्त्रोंका अर्थ जाननेके लिये बडी सरलता हो सकती है। वेदका अध्ययन इस समय एक कठिन समस्यासी बनी है, उसमें इस रीतिसे सीधी गति हो सकती है। और दैवत संहिता कोई नयी चीज हम बनाते हैं ऐसी बात नहीं है,

परन्तु ऋग्वेदका नवम मण्डल, और सामवेद पूर्वार्ध ये दैवत संहिताएं ही हैं। इस आधारपर सब वेद-मन्त्रोंकी हम दैवत संहिता बना सकते हैं।

ऋग्वेद, सामवेद और अथर्ववेद ये पद्यमय काव्य हैं। इनमें चरणबद्ध मन्त्र रचना है। इनके देवता निश्चित हैं। इसलिये इनका देवतानुसार मन्त्रसंग्रह बनाना कोई कठिन बात नहीं है और वैसा हमने बनाया भी था और मुद्रित भी किया था। अब उसको पुनः संशोधित रूपसे छापना है।

चारों वेदोंका सार्थ अध्ययन करनेके लिये ५।७ वर्ष लगते हैं। पर दैवत संहितानुसार चारों वेदोंका अध्ययन २।३ वर्षोंमें हो सकता है। आजकल लोगोंको अनेकानेक व्यवधान होनेसे समय कम मिलता है। इसलिये दैवत संहितामें जो विषय देखना हो वह झट देख सकते हैं और अपना कार्य कर सकते हैं। ऐसी अनेक सुविधाएं इस दैवत संहिताके प्रकरण बननेसे अनुभवमें आनेवाली हैं। इसलिये इस ओर विद्वान अधिक लक्ष्य दें ऐसी उनके सामने हमारी प्रार्थना है।

यहांतक ऋग्वेद, सामवेद और अथर्ववेद संहिताओंका विचार किया। ये तीनों वेद पद्यवेद हैं। इसलिये तीनोंका एकत्रीकरण करना सहज बात है। यजुर्वेदमें जो पद्य मंत्र है उनका समावेश पूर्वोक्त दैवत संहितामें हो सकता है। अब गद्य यजुर्वेदका विचार करना चाहिये।

## यजुर्वेदका विचार

यजुर्वेदकी निम्नलिखित संहिताएं इस समय मिलती है–

१ वाजसनेयी यजुर्वेद संहिता
२ काण्व ,, ,,
३ मैत्रायणी ,, ,,
४ काठक ,, ,,
५ तैत्तिरीय ,, ,,
६ कपिष्ठलकठ ,, ,,

कपिष्ठलकठ यजुर्वेद संहिता संपूर्ण नहीं मिली, इस कारण छापी नहीं। शेष सब संहिताएं स्वाध्यायमण्डल द्वारा छप चुकी हैं।

वाजसनेयी और काण्व ये दो संहिताएं एक जैसी ही हैं। कुछ अध्यायोंमें तथा क्वचित् मंत्रोंमें विभिन्नता है। बाकी क्रम तथा प्रकरण एक जैसे हैं। काण्वसंहितावाले अपनेको 'आद्यशाखी' अथवा 'प्रथमशाखी' कहते हैं अर्थात् उनकी संमतिसे काण्वसंहिता दोनोंमें आदि संहिता है। वाजसनेयी शाखावाले कहते हैं कि सूर्यसे लाया वेद हमारा है। दोनों संहिताएं समान होनेसे इस विवादके होनेपर भी कोई विशेष मतभेदके लिये स्थान नहीं है।

कपिष्ठल कठ संहिता त्रुटित मिलनेके कारण उस विषयमें अधिक लिखना असंभव है मैत्रायणी और काठक ये संहिताएं पूर्वोक्त दोनों संहिताओंके समान ही प्रकरणबद्ध हैं।

तैत्तिरीय यजुर्वेद संहिताको "कृष्ण यजुर्वेद" कहते हैं। और वाजसनेयी तथा काण्वको "शुक्ल यजुर्वेद" कहते हैं। यह शुक्ल यजुर्वेद उत्तर भारत, गुजरात, हिमाचल, नासिक, आदि उत्तर महाराष्ट्रमें प्रचलित है। इनको माध्यंदिन शाखी कहते हैं। उपनयनमें इनकी संध्या मध्यदिनसे प्रारंभ होती है। इनमें यह परंपरा आज भी चालू है।

शुक्ल और कृष्ण यह भेद इस यजुर्वेदमें है। प्रथम जो संहिता प्रचलित थी वह कृष्ण यजुसंहिता अर्थात् तैत्तिरीय संहिता थी। याज्ञवल्क्यका गुरुके साथ कुछ विवाद होनेके कारण याज्ञवल्क्यने उस यजुर्वेदका त्याग करके सूर्यसे शुक्लयजुर्वेद प्राप्त किया। यह कथा प्रसिद्ध है। इस कारण तैत्तिरीय संहिताको कृष्ण यजुर्वेद कहते हैं और वाजसनेयी संहिताको शुक्ल यजुर्वेद कहते हैं। कृष्ण यजुर्वेद दक्षिण भारतमें है और उत्तर भारतमें शुक्ल यजुर्वेद है।

कृष्ण यजुर्वेदकी जो संहिता आज मिलती है वह बिलकुल प्रकरणबद्ध नहीं है। पहिले प्रकरणका विषय अन्तिम प्रकरणमें और अन्तिम प्रकरणके मंत्र किसी और स्थानपर हैं। ऐसी गडबड किसी अन्य संहितामें नहीं है।

यह तैत्तिरीय संहिता प्रथम जिस समय यजुर्वेदके रूपमें थी वह मंत्रक्रम कुछ और था और तैत्तिरीय संहिताके रूपमें जिस समय यह संहिता एकत्रित हो गयी, उस समय जो क्रम आज दीखता है वह मंत्रक्रम शुरू हुआ। प्राचीन पाठ कैसा था, उसका निर्णय हम आज भी कर सकते हैं। ऐसा खोजपूर्वक निर्णय गोकर्ण निवासी वेदके प्रकाण्ड विद्वान पं. श्री. देवरात गजानन्द शर्माजीने किया है और मुद्रणके लिये लिखित पुस्तक भी तैयार करके लिखकर रखी है। यह कई वर्षोंके खोजका परिणाम है। आज इस पुस्तकको छापकर प्रसिद्ध होनेकी अत्यंत आवश्यकता है। पर इसका

मुद्रण व्यय १०००० दस हजार रु. होता है। वह कोई धनी देवे तो यह ग्रंथ जनताके सामने आ सकता है। शुद्ध प्रकरणबद्ध अवस्थामें यह यजुर्वेद जनताको प्राप्त हो सकता है। आज इसको तैयार होकर १०।१२ वर्ष हुए, परंतु अब-तक मुद्रणके लिये आवश्यक धनका प्रबंध न हो सकनेके कारण यह ग्रंथ वैसा ही लेखरूपमें पड़ा है।

शेष यजुर्वेद प्रकरणबद्ध हैं इस कारण इनकी परस्पर तुलना की जा सकती है। वाजसनेयी यजुर्वेदमें क्रमशः ये प्रकरण है—

## वाजसनेयी यजुर्वेदके प्रकरण

| | | |
|---|---|---|
| १ | अध्याय | — दर्शपूर्णमास यज्ञ |
| २ | ,, | — अग्न्याधान, पितृयज्ञ |
| ३ | ,, | — अग्निहोत्र, उपस्थान |
| ४ | ,, | — अग्निष्टोम यज्ञ |
| ५ | ,, | — सोम प्रकरण |
| ६ | ,, | — अग्निषोमीय प्रकरण |
| ७ | ,, | — ग्रह प्रकरण |
| ८ | ,, | — द्वादशाह याग, गवामयन |
| ९ | ,, | — वाजपेय यज्ञ, राजसूय यज्ञ |
| १० | ,, | — सौत्रामणि |
| ११ | ,, | — अग्निचयन |
| १२ | ,, | — उखाप्रकरण |
| १३ | ,, | — पुष्कर पर्णोपधान |
| १४ | ,, | — तृतीया चिति आदि |
| १५ | ,, | — पंचम चिति |
| १६ | ,, | — रुद्रदेवता |
| १७ | ,, | — चित्यपरिषेकादि |
| १८ | ,, | — वसोर्धारादि |
| १९ | ,, | — सौत्रामणि |
| २० | ,, | — ,, |
| २१ | ,, | — पुरोऽनुवाक याज्य |
| २२ | ,, | — अश्वमेध यज्ञ |
| २३ | ,, | — ,, |
| २४ | ,, | — ,, |
| २५ | ,, | — ,, |
| २६ | ,, | — ,, |
| २७ | ,, | — अग्निचयन |
| २८ | ,, | — सौत्रामणि परिशेष |
| २९ | ,, | — अश्वमेध ,, |
| ३० | ,, | — पुरुषमेध |
| ३१ | ,, | — ,, |
| ३२ | ,, | — सर्वमेध |
| ३३ | ,, | — पुरोरुक् |
| ३४ | ,, | — ब्रह्मयज्ञ |
| ३५ | ,, | — पितृमेध |
| ३६ | ,, | — शान्ति |
| ३७ | ,, | — प्रावर्ग्य, महावीर निर्माण |
| ३८ | ,, | — घर्म |
| ३९ | ,, | — ,, |
| ४० | ,, | — आत्मोपनिषद् |

यहां क्रमशः इस यजुर्वेदमें यज्ञ प्रकरण किस तरह हैं यह बताया है। काण्व संहितामें अध्यायसंख्यामें कुछ न्यूनाधिक है। अन्य संहिताओंमें भी ऐसा ही क्रम है। यह सब व्यवस्था यज्ञके लिये जैसी चाहिये वैसी की गयी है। अन्य सब वेदकी संहिताओंमें भी यज्ञके कर्मानुसार विभाग किये गये हैं। यज्ञकी दृष्टिसे यह व्यवस्था योग्य है। पर इस वेदमें अन्य व्यवस्थाएं जो हैं उनको भी देखना चाहते हैं। इस कारण हमें मंत्रोंके क्रममें बदल करना आवश्यक पड रहा है।

ऋग्वेद, सामवेद और अथर्ववेदके मंत्रोंके देवता क्रमानु-सार तथा जहां होंगे वहां विषयक्रमानुसार भी मंत्रोंका संग्रह करना अत्यंत आवश्यक है। वेदकी उपयोगिताकी दृष्टिसे ऐसा करना अत्यंत योग्य तथा आवश्यक भी है। यह तो पद्यमय तीनों वेदोंके मंत्रोंके वर्गीकरणके विषयमें हुआ। यजुर्वेदके मंत्रोंका विचार विशेष रीतिसे करना आवश्यक है।

यजुर्वेदमें ४० अध्याय, १९७५ कण्डिकाएं और ३९८८ मंत्र हैं। एक एक कंडिकामें कई मंत्र हैं और प्रत्येक मंत्रका विशेष महत्त्व है। इसलिये इन ३९८८ मंत्रोंके विषयवार प्रकरण बनाने चाहिये। इस समय यज्ञकर्मानुसार प्रकरण हैं वे यज्ञ करनेके समय उपयोगी हैं। अतः जो आजकी यज्ञ विषयक प्रकरण व्यवस्था है उसको वैसी ही रहने देना योग्य है। जो अश्वमेध, ज्योतिष्टोम आदि यज्ञ करेंगे उनके लिये वह व्यवस्था उपयोगी सिद्ध होगी।

पर हमने तो वेदसे जनताकी शिक्षा, व्यवहार, राज्य-शासन, शत्रुसे युद्धादि व्यवहार करने हैं, सेनारचना, शस्त्र निर्माण, अस्त्र प्रयोग, चिकित्सा आदि करना है। इस कारण इन व्यवहारोंमें हमें वेदका मार्गदर्शन हो इस हेतुसे इन विषयोंके अनुसार मंत्रसंग्रह करनेकी अब आवश्यकता है। वह विषयवार मंत्रसंग्रह बनाना हमें आवश्यक है। वैसा विषयवार मंत्र संग्रह बनाया जाय तो वेद दैनिक कार्यमें प्रयुक्त होता है ऐसा अनुभव पाठकोंको आजायगा और वेदका महत्त्व जनताके सामने प्रकट होगा। आज वेद है पर वह दैनिक कार्यमें प्रयुक्त नहीं है। एक तो सब वेद यज्ञ प्रकरणानुसार होनेसे व्यवहारकी दृष्टिसे उसका कोई उपयोग जनताके सामने नहीं जैसा हुआ है। और हरएक श्रेष्ठ मानवी व्यवहारका आदेश देनेवाले वेद होते हुए वे चारों ओरसे बंद होनेके समान बने हैं। ये यजुर्वेदके मंत्रभाग दैनिक व्यवहार-में कैसे उपयोगी हैं देखिये। इसके उदाहरण हम देते हैं-

## यजुर्वेदके सुभाषित

१ आप्यायध्वं (वा. यजु. १।१) - बढते जाओ। संपूर्ण अविकल उन्नति प्राप्त करो। अपना संपूर्ण विकास करो। आप्यायन क्रिया अपना सम विकास बता रही है। अपनी सत्कार्य करनेकी शक्ति पूर्ण विकसित होनी चाहिये। इसमें बाधा नहीं होनी चाहिये।

२ अनमीवाः, अयक्ष्माः (वा. यजु. १।१) - रोगरहित तथा क्षयरहित रहो। 'अमीव' रोगका नाम है। अप-चित अन्नसे जो रोग होते हैं वे 'अमीव' कहलाते हैं। ये न हों। इस कारण अपचन न हो इसकी सावधानी रखो और इन अपचनसे होनेवाले रोगोंसे अपना बचाव करो। यक्ष्म रोग क्षय कहलाता है। इनको भी दूर रखो।

३ स्तेनः वः मा ईशत। अघशंसः वः मा ईशत (वा. यजु १।१) - चोर तुम्हारे ऊपर शासन न करे, पापी तुम्हारे ऊपर शासन न करे। तुम चोर और पापीके शासनमें न रहो। अपने शासक कैसे हैं इसका विचार करो। और अयोग्य शासकोंका सुधार करनेका उपाय सोचो।

४ कां अधुक्षः ? सा विश्वायुः। सा विश्वकर्मा। सा विश्वधायाः (वा. य. १।५) - किस गौका तुमने दोहन करके किसका दूध पिया है ? तुम्हारी गोशालामें 'दीर्घायु' 'कर्मशक्ति' और 'विश्व धारक शक्ति' ये तीन गौवें हैं ? इनमेंसे किस गौका तुमने दूध पीया है ? क्या तुमने दीर्घायु प्राप्त की ? क्या तुमने कौशल्य पूर्ण कर्म शक्ति बढायी अथवा धारणा शक्ति बढाई ? तुमने क्या किया ? आयुमें तुमने क्या किया ?

५ व्रतं चरिष्यामि, तत् शकेयं, तत् मे राध्यतां। (वा० य० १।५) — मैं नियमोंका पालन कर सकूं, वह मुझे सिद्धि देनेवाला हो। मनुष्य उत्तम नियमोंका पालन करनेमें समर्थ बने।

६ रक्षः प्रत्युष्टं, अरातयः प्रत्युष्टाः (वा० य० १।७) - राक्षस दूर हो गये, दान न देनेवाले दूर हो गये। हमारे समाजमें अब कोई राक्षसी वृत्तीके लोग नहीं रहे, अनुदार या दान न देनेवाले भी कोई हमारे समाजमें रहे नहीं हैं।

७ हंहस्व। माह्वाः। (वा० य० १।९) — तू सुदृढ बन, तू कुटिल न बन। तू शक्ति प्राप्त कर। और अपने स्वभावमें तेढापन न रख।

८ भूताय त्वा। न अरातये। (वा० य० १।११) - प्राणीयोंका हित करनेके लिये तुझे उत्पन्न किया है। शत्रुता करनेके लिये नहीं।

९ प्रोक्षिताः स्थ (वा० य० १।१३) — तुम पवित्र बनकर रहो। अपवित्रताकी ओर कभी न झुको।

१० दैव्याय कर्मणे शुन्धध्वम् (वा० य० १।१३) - दिव्य कर्म करनेके लिये पवित्र बनो। पवित्र बनो और दिव्य कर्म करो।

११ इषं ऊर्जं आवद (वा० य० १।१६) — अन्न और बल बढानेके सम्बन्धमें बोल। यदि बोलना है तो अन्न और बल बढे ऐसा बोल। अन्न उत्तम मिले और उससे बल बढे ऐसा वक्तृत्व कर।

१२ शर्म असि (वा० य० १।१९) — तूं सुखस्वरूप हो। तेरा निज स्वरूप सुखमय है। दुःख आगन्तुक और बाहरसे आता है।

१३ मधुमतीः मधुमतीभिः संपृच्यन्तां (वा० य० १।२१) — मीठी भाषा बोलनेवाले मधुरभाषियोंके साथ मिलकर रहें। दोनों शान्ति बढावें।

१४ मा भेः। मा संविक्थाः। (वा० य० १।२३) - मत डर। मत पीछे हट। सत्कर्म करनेसे पीछे न हट। न डरता हुआ शुभ कर्म करके आगे बढ।

१५ सुक्ष्मा शिवा स्योना सुषदा ऊर्जस्वती पयस्वती असि ( वा० य० १।२७ )– मातृभूमी सुख देनेवाली, कल्याण करनेवाली, हित करनेवाली, उत्तम स्थान देनेवाली, बल बढानेवाली, खानपान देनेवाली हैं। यह जानकर मातृभूमिकी उपासना लोग करें और आनन्दसे अपनी मातृभूमिमें रहें।

१६ तेजः असि । शुक्रं असि । अमृतं असि ( वा० य० १।३१ )– तू तेजस्वी बलवान तथा अमर आत्मस्वरूपसे हो।

इस तरह वा० यजुर्वेदके प्रथम अध्यायके कुछ वाक्य यहां दिये हैं। ये वचन प्रतिदिन मननपूर्वक पढने योग्य हैं। ये पढे न जानेसे हानि हो रही है। यदि ऐसे वचन अर्थके साथ छपे मिलेंगे, तो लोग पढेंगे और उससे वैदिक धर्म जीवनस्तरमें उतरेगा। यजुर्वेदमें ऐसे वचन करीब चार हजार हैं। अन्य यजुर्वेद संहिताओंमें भी दो सहस्र वचन ऐसे ही उपदेश देनेवाले मिल सकते हैं।

विषयानुसार इनको छांटकर अर्थके साथ जनताके सामने ये वचन आजांयगे तो कितना अच्छा होगा ?

## यजुर्वेदके अनुषङ्ग

आजतक अनुषङ्ग सहित यजुर्वेद किसीने छापा नहीं वैसा छापना चाहिये। हमने इस समय तैत्तिरीय संहिता यजुर्वेदकी अनुषङ्ग समेत छापी है और वैसी वाजसनेयी संहिता अनुषङ्ग समेत छापनेकी तैयारी चल रही है।

यह अनुषङ्ग क्या है यह यहां हम बताते हैं। ग्रन्थका विस्तार न हो इसलिये यजुर्वेदके मन्त्र पुनः पुनः मन्त्रभागका उच्चारण छोडकर यजुर्वेदकी कंडिकाएं संक्षिप्त की हैं। कहांका कितना मन्त्र भाग कहां लेना, इसको अनुषङ्ग कहते हैं। इसका एक उदाहरण हम यहां देते हैं—

विभूरसि प्रवाहणो०-वह्निरसि हव्यवाहनः० ।
वा० यजु० ५।३१

इस कण्डिकामें कई ऐसे मन्त्रके टुकडे हैं और प्रत्येक मन्त्रके टुकडेके साथ ' रौद्रेणानीकेन पात, माग्नयः पिपृत, माग्नयो गोपायत मा नमो वोऽस्तु मा मा हिंसिष्ट । वा० यजु० ५।३४ यह मन्त्र भाग प्रत्येक मन्त्र खण्डके साथ जोडकर अर्थ समझना चाहिये। १२।१३ वार यह मन्त्र भाग संहितामें दिया नहीं होता। आगेसे या पीछेसे यह लेना होता है। जहां जो अनुषङ्ग लेना है उसका निर्देश यजुर्वेदकी टिप्पणीमें करना योग्य है। वैसा यजुर्वेद आजतक किसीने छापा नहीं। अर्थ करनेवालोंने भी इसका विचार किया नहीं है। जब इस अनुषङ्गके साथ यजुर्वेद छापा जायगा, तब वह अधिक सुबोध होगा। किस मन्त्र भागका किस मन्त्रभागसे सम्बन्ध है यह जाननेके विना न ठीक अर्थ हो सकता है न यज्ञ कर्म ठीक हो सकता है। यजुर्वेद अनेकोंने अनेकवार छापे, पर अनुषङ्ग बताये नहीं। यह दोष हम भविष्यमें दूर करना चाहते हैं।

## अन्य वेदोंके सुभाषित

ऋग्वेद, सामवेद और अथर्ववेदके पादबद्ध मंत्रोंमें अनेक सुभाषित हैं। उक्त तीनों वेदोंकी सब उपलब्ध संहिताओंमें सब मिलकर २०००० से अधिक सुभाषित हैं। इनका विषयवार संग्रह किया जाय तो दैनिक व्यवहारके तथा दैनिक पाठके लिये वह एक अत्यंत उपयोगी संग्रह हो सकता है। जो वेदपाठ नहीं कर सकते वे भी इसका पाठ करेंगे ऐसा यह संग्रह बोधप्रद तथा सुखसे समझने योग्य ग्रंथ होगा। इसके बनानेके लिये अवश्य बडी मेहनत करनी पडेगी और इसके लिये व्यय भी करना पडेगा। क्योंकि ऐसा परम उपयोगी संग्रह विना व्ययके तैयार होगा ऐसी बात नहीं है। अतः इसके लिये जो आवश्यक व्यय हो वह करना चाहिये और जितना सस्ता दिया जाय उतना देनेका प्रबंध करना आवश्यक है। हम यहां कुछ वैदिक सुभाषितोंके नमूने देते हैं, जिससे इस संग्रहकी कल्पना पाठक कर सकते हैं—

## दांतोंकी शुद्धता

स शुचिदन् भूरिचित् अन्ना सद्यः समत्ति ।
ऋ० ७।४।२

' वह उत्तम शुद्ध दंतवाला बहुत अन्न खाता है।' यहां दांत शुद्ध रखनेका बोध है वह महत्त्वपूर्ण उपदेश है। दांत स्वच्छ न रहे तो अनेक रोग होते हैं इसलिये ' अ-शोणां दन्ताः ' ( अ. १९।६०।१ ) दांत स्वच्छ रहने चाहिये ऐसा कहा है।

## अज्ञानकी निन्दा और ज्ञानीकी प्रशंसा

अचेतनस्य पथः मा विदुक्षः । ऋ. ७।४।७

' अज्ञानीके मार्गसे हम न जांय।' अथवा कोई अज्ञानीके मार्गसे न जाय। तथा--

चिकित्वांसः अचेतसं अनिमिषा नयन्ति ।
ऋ. ७।६०।७

' ज्ञानी लोग अज्ञानीको योग्य मार्गसे आंखें खोलकर ले जाते हैं ।' अज्ञानी लोग यदि ज्ञानीकी संगतिमें रहने लगे तो वे सुधरते हैं । ज्ञानी उनकी सहायता करते हैं और उनको उत्तम मार्गसे चलाते हैं और उन्नतिकी ओर ले जाते हैं ।

अयंः देवः अचितः अचेतयत् । ऋ. ७।८६।७

' श्रेष्ठ ज्ञानी अज्ञानीको ज्ञानवान् बनाता है । ' और देखो—

अचितः परा शृणीत । ऋ० ७।१०४।१

' अज्ञानियोंको दूर करो ' अर्थात् अपने समाजमें अज्ञानी न रहें ऐसा करो । सबको ज्ञानी बना दो ।

## सन्मार्गसे चलो

साधिष्ठेभिः पथिभिः प्र नयन्तु । ऋ. ७।६४।३

' उत्तम साधनोंसे युक्त मार्गसे हमें ले चलें । ' अर्थात् मार्ग ऐसे हों कि जो सुखकर हों और ठीक उन्नतितक पहुंचानेवाले हों ।

## उत्तम बुद्धि प्राप्त करो

प्रशस्तां धियं पनयन्तः । ऋ. ७।१।१०
शुक्रा मनीषा देवी । ऋ. ७।३४।१
देवीं धियं अभिदधिध्वं । ७।३४।९

' प्रशस्त बुद्धिकी प्रशंसा करो ; बल बढानेवाली दिव्य बुद्धिका धारण करो । दिव्य गुणवाली बुद्धिको धारण करो । ' इस तरह उत्तम बुद्धिको धारण करनेके विषयमें कहा है ।

## शरीरका संवर्धन कर

अपने शरीरका संवर्धन करनेके विषयमें अच्छे आदेश हैं देखिये—

स्वयं तन्वं वर्धस्व । ऋ० ७।८।५
ऊर्जः न–पात् । ऋ० ७।१६।१

' अपने शरीरको बढाओ । बलको न गिरानेवाला बनो । ' अपने शरीरकी उन्नति करना प्रत्येकका धर्म है । यह आवश्यक कर्तव्य है ।

## अपना घर हो

अपना निज घर हो इस विषयमें ये वचन देखिये—

नृणां मा निषदाम । ऋ० ७।१।११
स्वे दुरोणे समिद्ध दीदाय । ऋ० ७।१२।१
शुने मा निषदाम । ऋ० ७।१।११

' दूसरेके घरमें हम न रहें । अपने घरमें तेजस्वी बनकर हम रहें । शून्य घरमें अर्थात् जिसमें कोई रहते नहीं ऐसे शून्य स्थानमें हम न रहें ।

अहं मृन्मयं गृहं मो गमं सु । ऋ० ७।८९।१

' हम मिट्टीके घरमें न रहें । ' अर्थात् हमें रहनेके लिये उत्तम पक्का घर मिले ।

इस प्रकार सहस्रों सुभाषित हैं जो दैनिक व्यवहारका बोध देते हैं । अतः इन वचनोंका विषयानुसार संग्रह होगा तो वह देखकर हरएक मनुष्य वेदके ज्ञानसे परिचित होगा और वेदके धर्मको अपने दैनंदिन जीवनमें हरएक पाठक ला सकेगा ।

यहांतक हमने चारों वेदोंकी व्यवस्था वेदको दैनंदिनके व्यवहारमें लानेके लिये कैसी करनी चाहिये यह बताया है । पाठक इसका मनन करें और वेदको मानवके दैनिक दिव्य धर्मके आचरणका ग्रन्थ बनावे ।

हरएक मनुष्य कृतकृत्य बननेके लिये जो अनुष्ठान करना आवश्यक है, वह इस संग्रह ग्रन्थसे मनुष्य जान सकते हैं । इस कारण यह संग्रह ग्रन्थ शीघ्र बने ऐसा यत्न करना विद्वानोंका कर्तव्य है ।

विद्वान् इसे बनावे, धनिक इसके लिये व्यय करें । ऐसा यह संग्रह ग्रन्थ अतिशीघ्र प्रकाशित किया जावे ।

ॐ

# वैदिक समयकी सेनाव्यवस्था

वैदिक समयके आर्योंमें हम देखते हैं कि उनमें राज्य-शासनके कई प्रकार वर्णन किये हैं, देखिये—

साम्राज्यं भौज्यं स्वाराज्यं वैराज्यं पारमेष्ठ्यं राज्यं महाराज्यं आधिपत्यमयं समन्तपर्यायी स्यात् ॥ ऐ० ब्रा०

(१) साम्राज्य, (२) भौज्य, (३) स्वराज्य, (४) वैराज्य, (५) पारमेष्ठ्य राज्य, (६) महाराज्य, (७) आधिपत्यमय, (८) सामन्तपर्यायी, (९) राज्य ऐसे नाम ऐतरेय ब्राह्मणमें आ गये हैं। इन शासनोंमें क्या भेद है इसका विचार हम यहां करना नहीं चाहते, पर इतने शासनोंके प्रकार वैदिक समयमें थे इसमें संदेह नहीं है। और जिस कारण इतने विभिन्न नामके शासन थे, उसी कारण इस प्रत्येकमें कुछ न कुछ भिन्नता अवश्य ही होगी, नहीं तो भिन्न भिन्न नाम रखनेका प्रयोजन भी सिद्ध नहीं हो सकता। इस कारण इतने विभिन्न शासन उस समय थे ऐसा ही मानना उचित है। और भी कुछ राज्यशासनोंके नाम आये हैं। जैसा— (१०) जानराज्य, (११) विप्रराज्य, (१२) समर्यराज्य इत्यादि।

इतने विविध प्रकारके अनेक राज्य होनेके कारण शासन-व्यवस्थाके लिये आधार जो सैन्यकी व्यवस्था है, वह तो होनी ही चाहिये। यदि राज्यमें सैन्य न रहा, तो राज्य टिकेगा कैसे ? शत्रुका आक्रमण होनेपर सेनासे ही शत्रुका पराभव किया जा सकता है। सैन्य न रहा तो परास्त होना पडेगा, और परास्त होनेपर न तो स्थानपर स्वराज्य रहेगा और न साम्राज्य। इसलिये हमें यहां देखना है कि वैदिक समयकी राज्यशासन व्यवस्थामें सैन्यकी व्यवस्था थी या नहीं थी, और थी तो कैसी थी।

राज्यशासनमें अनेक प्रकारकी शासनतंत्रकी व्यवस्थाएं होती हैं, आन्तरिक शासन, करव्यवस्था, न्यायप्रदानकी व्यवस्था, ग्रामव्यवस्था आदि अनेक प्रकारकी व्यवस्थाएं होती ही हैं। पर हम इन सब व्यवस्थाओंका विचार यहां नहीं करेंगे। हम यहां केवल "सेनाकी व्यवस्था" कैसी थी इसीका विचार करेंगे।

## सेनाकी आवश्यकता

शूरा इव इत् युयुधयः न जग्मयः
श्रवस्यवः न पृतनासु येतिरे।
भयन्ते विश्वा भुवना मरुद्भ्यः
राजान इव त्वेषसंदृशो नरः ॥ ऋ. १।८५।८

(शूरा इव) शूरोंके समान युद्ध करनेवाले, (युयुधयः न जग्मयः) योद्धाओंके समान शत्रूपर आक्रमण करनेवाले, (श्रवस्यवः न पृतनासु येतिरे) यश प्राप्त करनेवाले वीरोंके समान सैन्योंमें पुरुषार्थका प्रयत्न करते हैं। इन वीरोंको देखकर (विश्वा भुवनानि भयन्ते) सब भुवन, सब प्राणी भयभीत होते हैं, ये (राजान इव) राजाओंके समान (त्वेष-संदृशः) तेजस्वी दीखते हैं।

इस मंत्रमें सैन्यवाचक 'पृतना' यह शब्द है। ये वीर सेनामें रहते हैं और वीरताके कार्य करते हैं। यहां वीर-पुरुषोंकी सेना होती है ऐसा कहा है तथा—

सं यद् हनन्त मन्युभिर्जनासः।
शूरा यह्वीष्वोषधीषु विक्षु।
अध स्मा नो मरुतो रुद्रियासः
त्रातारो भूत पृतनास्वर्यः ॥ ऋ. ७।५६।२२

हे महावीर श्रेष्ठ वीरो ! जब तुम्हारे ( शूरा जनासः ) शूर पुरुष ( यह्वीषु ) नदियोंमें ( ओषधीषु ) झाडियोंमें अथवा ( विक्षु ) प्रजाजनोंमें रहकर ( मन्युभिः ) उत्साहसे शत्रुपर ( सं हनन्त ) मिलकर हमला करते हैं उस समय ( पृतनासु ) सेनाविभागोंमें रहनेवाले तुम सब वीर ( नः त्रातारः भूत ) हमारा संरक्षण करनेवाले बनो।

इस मंत्र ' पृतना ' पद सेना पथकोंका वाचक है और ये वीर इन सेना पथकोंमें रहकर संघसे शत्रुपर आक्रमण करते हैं और शत्रुका नाश करते हैं ऐसा कहा है। यह वैयक्तिक युद्ध नहीं है पर सेनाके पथकोंका संघ युद्ध है। व्यक्तिशः युद्ध करना और बात है और संघशः हमला करना और बात है। इस मंत्रमें ' सं हनन्त ' मिलकर एक होकर शत्रुपर आक्रण करनेका भाव स्पष्ट है। सेना है और सेनाके सब वीरोंका इकट्ठा शत्रुपर हमला होनेकी कल्पना जो इस मंत्रमें है वह विशेष देखनेयोग्य है। तथा—

मरुद्भिः उग्रः पृतनासु साळ्हा
मरुद्भिः उग्रः इत् सनिता वाजमर्वा ॥ ऋ. ७।५६।२३

( मरुद्भिः ) वीरोंके साथ रहनेवाला वीर ( पृतनासु ) सेनाओंमें ( उग्रः ) शूरवीर होता है और ( साळ्हा ) शत्रुका पराभव करनेवाला भी होता है। सेनाके साथ रहनेसे साधारण मनुष्य भी उग्र शूरवीर बनता है और, शत्रुका पराभव करनेमें समर्थ होता है। अनुशासनमें रहनेका यह प्रभाव है। सेनाकी शिक्षासे ऐसा प्रभाव होता है यह वैदिक राष्ट्रवादियोंको ज्ञात था। अनुशासनयुक्त सेनाका महत्त्व वे जानते थे यह इससे सिद्ध होता है। तथा—

नहि व ऊतिः पृतनासु मर्धति
यस्मा अराध्वं नरः ॥ ऋ. ७।५९।४

हे ( नरः ) नेता वीरो ! ( यस्मै अराध्वं ) जिसके लिये तुम सहायक होते हैं उसके लिये ( वः ऊती ) आपकी संरक्षणकी शक्ति ( पृतनासु नहि मर्धति ) सेनाओंमें रहनेके कारण कम नहीं होती। संघमें रहनेसे मनुष्यकी शक्ति बढती है। सेनाका यह लाभ वेदमंत्रोंमें स्पष्ट किया गया है। तथा और देखिये—

तिग्ममनीकं विदितं सहस्वत्
मारुतं शर्धः पृतनासु उग्रम् ॥ अथर्व. ४।२७।७

( तिग्मं ) प्रखर ( सहस्वत् ) शत्रुका पराभव करनेवाला तुम्हारा ( अनीकं विदितं ) सेनाका प्रभाव सबको विदित है। वह ( मारुतं शर्धः ) वीरोंका बल ( पृतनासु उग्रं ) सेनाओंमें अथवा सेनाओंके संघर्षोंमें बडा उग्र दीखता है।

इस मंत्रमें ' अनीकं ' तथा ' पृतना ' ये दो पद वीरोंकी सेनाके वाचक हैं। सेनामें वीरोंका बल बढ जाता है यह बात इन मंत्रोंसे स्पष्ट हो जाती है। अकेला अकेला वीर पृथक् पृथक् रहकर जितना पराक्रम कर सकता है, उससे अत्यंत अधिक वीरता वही वीर सेनाविभागके साथ रहकर बता सकता है यह इसका तात्पर्य है।

## अनीक = सेनापथक

इस विषयके ये मंत्र देखिये, इनमें सेनाके पथकोंका प्रभाव वर्णन किया है—

असूत पृश्निर्महते रणाय
त्वेषमयासां मरुतामनीकम् ।
ते सप्सरासोऽजनयन्ताभ्वं
आदित्स्वधामिषिरां पर्यपश्यन् ॥

ऋ. १।१६८।९

( पृश्निः ) मातृभूमिने ( महते रणाय ) बडे युद्धके लिये ( अयासां मरुतां ) शत्रुपर हमला करनेवाले सैनिकोंका ( त्वेषं अनीकं ) तेजस्वी सेनापथक ( असूत ) निर्माण किया है। ( ते ) वे सैनिक ( सप्-सरासः ) संघ करके हमला करनेवाले वीर ( अभ्वं अजनयन्त ) बडा सामर्थ्य प्रकट करते हैं और ( इषिरां स्व-धां ) अन्न देनेवाली स्वकीय धारक शक्तिको उन्होंने ( आत् इत् पर्यपश्यन् ), सर्वत्र देखा। सर्वत्र अपनी शक्ति कार्य कर रही है ऐसा उन्होंने देखा।

यहां ' अनीक ' पद सेनावाचक है और इस तरह सेनापथकोंमें रहनेवाले वीर कैसा विलक्षण सामर्थ्य प्रकट करते हैं यह भी इस मंत्रने बताया है। तथा—

अनीकेषु अधि श्रियः। ऋ. ८।२०।१२

' सेनापथकोंमें ये वीर विजयश्री प्राप्त करते हैं।' सेनाके पथकोंमें रहनेवाले और कार्य करनेवाले वीर अधिक वीरता बताते हैं यह इसका तात्पर्य है।

इस तरह सेना, सैन्य, सेनापथक आदिके वाचक पद वेदमंत्रोंमें हैं। राज्यशासनके अनेक प्रकार थे, राज्य

संरक्षणके लिये सेना थी, तथा सेनामें रहनेवाले सैनिक विशेष शूरता प्रकट करते थे आदि वर्णन देखनेसे अत्यंत स्पष्टतासे यह प्रकट होता है कि वैदिक समयमें सेना-रचनाकी अच्छी कल्पना व्यवहारमें आ गयी थी।

## सेनाकी कल्पना

प्रथम हम देखेंगे कि वेदमें 'सेनाकी कल्पना' है या नहीं? तो हमें वेदमें सेनाकी कल्पना है ऐसा स्पष्ट दीखता है, देखिये—

> असौ या सेना मरुतः परेषां
> अस्मानैत्यभ्योजसा स्पर्धमाना।
> तां विध्यत तमसाऽपव्रतेन
> यथैषामन्यो अन्यं न जानात्। अथर्व ३।२।६

"हे मरुतो! यह जो शत्रुकी सेना बडे जोरसे स्पर्धा करती हुई हमारे ऊपर आक्रमण करके आ रही है, उस सेनाको अपव्रत-तमसास्त्रसे वींधो और उस शत्रुसेनामेंसे एक वीर दूसरेको पहचान न सके ऐसा करो।"

यहां शत्रुकी सेना है, हमारी सेना है। शत्रुकी सेना बडे जोरसे हमारे ऊपर आक्रमण करके आ रही है, उस शत्रुकी सेनाको अपव्रत तमसास्त्रसे वींधना और उस शत्रुसेनामें ऐसी खिलबिली मचाना कि उनमेंसे एक भी सैनिक दूसरे सैनिकको न पहचान सके।

इस वर्णनमें स्पष्ट अपनी सेना, शत्रुकी सेना, उनका परस्पर आक्रमण और तमसास्त्रका प्रयोग और उससे शत्रुसेनामें गडबड मचाना आदि बातें हैं। इससे स्पष्ट होता है कि वैदिक समयके राष्ट्रशासनके प्रबंधमें सेनाका प्रबंध अच्छा था।

## अपव्रत तमसास्त्र

अपव्रत-तमसास्त्र एक अस्त्र है कि जो शत्रुसेनापर फेंकनेसे उनमें ऐसी गडबडी मचा जाती है कि जिससे एक सैनिक दूसरेको नहीं पहचान सकता। 'तमसास्त्र या धूम्रास्त्र' ही एक प्रकारका अस्त्र है। इस मंत्रसे ज्ञात होता है कि शस्त्रअस्त्रसे सुसज्जित अपनी सेना रखनी चाहिये। शत्रुसेनाकी अपेक्षा अपनी सेना अधिक सुसज्जित रहनी चाहिये। और देखिये—

> इन्द्रः सेनां मोहयतु मरुतः घ्नन्तु ओजसा।
> चक्षुंष्यग्निरादत्तां पुनरेतु पराजिता॥ अथर्व. ३।१।६

*

"इन्द्र शत्रुकी सेनाको मोहित करे, शत्रुकी सेना मोहित होनेपर उसका वध मरुत करें, शत्रुकी सेनाकी दृष्टि अग्नि दूर करे, फिर वह शत्रुकी सेना पराजित होती हुई वापस फिरे।"

इस तरह शत्रुसेनाको मोहित करना, पश्चात् उसकी कतल करना, शत्रुसेनाको कुछ भी न दीखे ऐसा करना और इस तरह कुण्ठित गति करके शत्रुसेनाका पूर्ण पराजय करना इस मंत्रमें लिखा है। यहां युद्ध करनेकी युक्तियां भी हैं। इस कारण वैदिक समयमें सैन्य थे, सैनिकोंका संचालन भी था। युद्धकी नाना युक्तियां भी थीं, और उनके प्रयोगसे शत्रुका पराजय करनेका साहस भी था। तथा—

> सेनजिच्च सुषेणश्च।
> अन्तिमित्रश्च दूरेऽमित्रश्च गणः॥
> वा. यजु.।१७।८२

'शत्रुकी सेनाका पराभव करनेवाला, उत्तम सेना अपने-पास रखनेवाला, अपने मित्रोंको समीप रखनेवाला और अपने शत्रुको दूर रखनेवाला। यह सब गणके साथ, संघके साथ होता है।' इस मंत्रसे सैन्यसे क्या क्या कार्य किये जाते हैं इसका बोध होता है। और देखिये—

> ते इदुग्राः शवसा धृष्णुषेणा उभे युजन्त रोदसी
> सुमेके। अध स्मैषु रोदसी स्वशोचिरामवत्सु
> तस्थौ न रोकः॥ ऋ. ६।६६।६

(ते) वे सैनिक (उग्राः) उग्र हैं और (शवसा धृष्णु-सेनाः) अपने बलसे साहसी सैन्यसे युक्त हैं। ये पृथिवी और आकाशमें (युजन्त इत्) अपने कार्यसे संयुक्त रहते हैं, अर्थात् युद्धकर्ममें दक्ष रहते हैं। इन वीरोंके (स्वशोचिः) अपने तेजके साथ (अमवत्सु) रहनेसे पृथिवी और आकाशमें कोई (रोकः न तस्थौ) प्रतिबंध नहीं रहता।" अर्थात् ऐसे शूर सैनिक रहनेपर उस राष्ट्रकी प्रगतिमें कोई किसी तरहका प्रतिबंध नहीं खडा रह सकता। प्रतिबंध उत्पन्न हुआ तो उसको ये सैनिक दूर करते हैं।

इतने मंत्रोंके विचारसे यह सिद्ध हुआ कि वैदिक समयकी राज्यशासनव्यवस्थामें—

१ सैन्यकी व्यवस्था थी,

२ संघसे सैन्यरचना होती थी, एक एक सैनिक नहीं होता था, पर संघकी रचनासे सैन्य रचना थी,

३ शत्रुसेनासे अपने सैन्यकी सुसज्जता अधिक रखी जाती थी,
४ अपनी सेना अच्छी रही तो अपनी प्रगतिमें रोक उत्पन्न करनेवाला कोई नहीं होगा ' ऐसा विचार उस समय था,
५ अपनी सेना उत्तम रहनी चाहिये,
६ अपने मित्रोंको पास रखना चाहिये,
७ अपने शत्रुओंको दूर रखना चाहिये,
८ शत्रुसेनाको मोहित करके पश्चात् उसकी कतल करना,
९ तमसास्त्रसे शत्रुको परास्त करना,
१० अपने सैनिक उग्र होने चाहिये ऐसा प्रबंध करना।

ये बातें यहां इन मंत्रोंमें दीखती हैं। इससे सेना राष्ट्र-रक्षणके लिये रहनी चाहिये यह वैदिक समयमें दृढ विचार था, सेना रखी जाती थी और अच्छी सुसज्ज सेना रखी जाती थी। इतना सिद्ध होनेपर हम अब विचार करेंगे कि सैनिक कैसे होने चाहिये—

## युद्धकी संभावना

जहां युद्धकी संभावना होती है वहां सेनाकी तैयारी रखना अत्यावश्यक होता है। वैदिक सभ्यता विश्वशान्ति स्थापन करनेवाली सभ्यता है इसमें संदेह नहीं है, तथापि मनुष्योंमें राक्षसी प्रवृत्तियोंके मनुष्य होते हैं, उनके द्वारा जनताको उपद्रव होते हैं। इनको प्रतिबंध करके जनताको सुखी करना राज्यशासनका मुख्य कार्य है। ऐसी परिस्थितिमें राष्ट्रमें सेनाकी आवश्यकता है। अतः इस विषयमें वेदका कथन क्या है इसका यहां विचार करना चाहिये।

त्वां जना ममसत्येष्विन्द्र
सन्तस्थाना विह्वयन्ते समीके। ऋ. १०।४२।४

( मम-सत्येषु ) मेरा पक्ष सत्य है ऐसा आग्रह जहां होता है वहां युद्ध होता है। ऐसे युद्धोंके प्रसंग उत्पन्न होने पर हे ( इन्द्र ) प्रभो! ( जनाः त्वां विह्वयन्ते ) तुम्हें बुलाते हैं। इसी तरह ( समीके संतस्थाना ) युद्धमें खडे रहे वीर भी तुम्हें अपनी सहायतार्थ बुलाते हैं।

इस मन्त्रमें ' मम-सत्यं ' यह युद्धका नाम है। युद्धके इस नामसे एक बडा भारी सिद्धान्त वेदने प्रकट किया है, वह यह कि ( मम सत्यं ) " मेरा कहना ही सत्य है " ऐसा दोनों पक्ष कहने लगे, तो वहां युद्ध शुरू होता है। ' मम-सत्यं ' यही युद्धका नाम है और जबतक मानव-जाती है, तबतक ' मेरा पक्ष सत्य है ' ऐसा आग्रहसे कहनेवाले लोग होंगे ही। और जहां ऐसे लोग होंगे, वहां युद्ध होंगे ही। अर्थात् जनसमाजमें युद्धकी संभावना सदा रहेगी ही।

मनुष्योंमें तीन मनोवृत्तीके लोग होते हैं। राक्षसी मनोवृत्ती, मानवी मनोवृत्ती तथा दैवी मनोवृत्ती। ये तीन प्रकारकी मनोवृत्तीयां मानवोंमें होती हैं। इनमें राक्षसी मनोवृत्ती ' मेरा ही कहना सत्य है ' ऐसा कहकर युद्ध करनेके लिये प्रवृत्त होती है। ये तीन मनोवृत्तियां मानवोंमें होती हैं और उनमें राक्षसी मनोवृत्ती झगडालू होती है, इसलिये वह किसी न किसी प्रकार दुराग्रह करके युद्धका प्रारंभ करती ही है।

इसके उदाहरण रावण, इन्द्रजीत, धृतराष्ट्रके पुत्र कौरव आदि भारतीय इतिहासमें हैं। सत्ययुगमें भी ये थे और कलियुगमें तो ये हैं ही। सदा राक्षसी प्रवृत्तिवाले लोग जनसमाजमें रहेंगे और वे युद्ध करेंगे। और इनके हाथमें राज्यशासन रहा तो ये अवश्य युद्ध करेंगे। इस तरह राक्षसी वृत्तीके लोग युद्ध करते हैं और युद्ध होते हैं इसलिये सेनाकी आवश्यकता रहती है।

यद्चरस्तन्वा वावृधानो बलानीन्द्र प्रब्रुवाणो
जनेषु। मायेत् सा ते यानि युद्धान्याहुर्नाद्य
शत्रुं ननु पुरा विवित्से॥ ऋ. १०।५४।२

हे इन्द्र! ( तन्वा वावृधानः ) अपने शरीरके सामर्थ्यसे उत्साहित होनेवाला तू ( बलानि जनेषु प्रब्रुवाणः ) बलोंके विषयमें सब जनोंमें वर्णन करता है और ऐसा करता हुआ ( अचरः ) तू भ्रमण करता है। ( यानि ते युद्धानि आहुः ) जो तुम्हारे द्वारा युद्ध होते हैं ऐसा कहते हैं ( सा ते माया इत् ) वह तुम्हारा कौशल्यका कार्य ही है, तुम्हारी युद्ध-विषयक कुशलता प्रसिद्ध है। इस युद्ध कुशलताके कारण ( न अद्य शत्रुं विवित्से ) न तो तुम्हे आज शत्रु प्राप्त होता है, ( ननु पुरा ) पूर्व समयमें भी तुम्हारे सामने शत्रु नहीं ठहरता था।

इस मंत्रमें शत्रु दूर करनेके लिये जो साधन कहे हैं वे ये हैं—

१ तन्वा वावृधानः - शरीरके सामर्थ्य और उत्साहको बढाना,

२ जनेषु वलानि प्रब्रुवाणः अचरः-जनतामें बलोंका- सेनाओंका अथवा सामर्थ्योंका वर्णन करते हुए भ्रमण करना। सबको बल बढानेका उपदेश करना।

३ यानि युद्धानि आहुः सा ते माया- जो युद्ध करके वर्णन किये जाते हैं वे शूरके कौशलयुक्त कर्म हैं। अर्थात् शूरवीर अतिकुशलतासे युद्ध करते हैं। और शत्रुको परास्त करते हैं।

४ अद्य शत्रुं ननु पुरा विवित्से- इस कारण न तो आज शत्रु सामने खडा रह सकता है और न पूर्व समयमें शत्रु ऐसे वीरके सामने खडा रह सकता था।

इस मंत्रमें 'वलानि और युद्धानि' ये पद अत्यंत महत्वके हैं। मनुष्यमें बल चाहिये, वीरता चाहिये और कुशलतासे युद्ध करनेकी शक्ति भी चाहिये। इससे शत्रु दूर हो सकते हैं। जो अत्यंत कुशलतासे युद्ध करता है और अपना बल बढाता है उसके सामने जैसे आज शत्रु ठहर नहीं सकते, वैसे ही पूर्व समयमें भी ठहरते नहीं थे और अर्थात् भविष्यमें भी उनके सामने शत्रु ठहर नहीं सकते। शत्रुको दूर करनेके दो ही उपाय हैं वे ये हैं। अपना बल बढाना और कुशलतासे युद्ध करना। इस मंत्रमें शत्रु हैं, और युद्धसे उनको दूर करनेका उपदेश किया है। अपनी शक्ति बढानेसे शत्रु दूर हो सकते हैं। अपना बल बढानेका अर्थ अपनी वैयक्तिक शक्ति बढाना और अपनी राष्ट्रीय सेना बढाना है। और देखो —

स्तोत्रमिन्द्राय गायत पुरुनृम्णाय सत्वने।
न किर्यं वृण्वते युधि॥ ऋ. ८।४५।२१

(पुरु-नृम्णाय) विशेष पौरुषसे युक्त और (सत्वने) बलवान् (इन्द्राय स्तोत्रं गायत) इन्द्रके लिये स्तोत्रोंका गान करो क्योंकि (युधि) युद्धमें (यं न किः वृण्वते) जिसका कोई पराभव कर नहीं सकता।

इन्द्र पौरुष और बलसे युक्त है, इस कारण कोई शत्रु युद्धमें इसके सामने ठहर नहीं सकता। यहां ऐसा कहा है कि अपना पौरुष और बल बढाना चाहिये और शत्रु अपने सामने न ठहर सके ऐसा करना चाहिये। इस मंत्रमें भी ऐसा कहा है कि युद्ध होने हैं, शत्रु सामने खडे हैं, ऐसी अवस्थामें अपने बल बढाने चाहिये। यह एकमात्र उपाय करने योग्य है। तथा और देखिये—

जज्ञान एव व्यबाधत स्पृधः।
प्रापश्यद् वीरो अभि पौंस्यं रणम्॥
ऋ. १०।११३।४

'उत्पन्न होते ही वीरने शत्रुओंको बाधा पहुंचाई। और उस वीरने जिसमें पौरुषका कार्य होता है ऐसे रणका निरीक्षण किया।' यहां रण शब्द युद्धका वाचक है जिसमें शत्रुओंको दूर करनेका कार्य होता है और विशाल पौरुष प्रयत्नसेही युद्धमें कार्य किया जाता है। और भी इस विषयमें देखिये—

रणं कृधि रणकृत् सत्यशुष्मा
ऽभक्ते चिदा भजा राये अस्मान्। ऋ.१०।११२।१०

"(सत्य-शुष्मा) सच्चा बल अपनेमें बढाओ, (रणकृत्) युद्ध कुशलतासे करनेवाला हो और (रणं कृधि) शत्रुसे युद्ध कर। शत्रुके पासके धन हमें मिले ऐसा कर" यहां 'सत्य-शुष्मा' बनो ऐसा प्रथम कहा है अपने अन्दर सच्चा सामर्थ्य प्राप्त करो। अच्छी तरह बलवान् बनो, तथा 'रण-कृत्' युद्ध करनेवाला बनो। अर्थात् कुशलतासे युद्ध करनेकी शक्ति प्राप्त कर। प्रथम अपने अन्दरका सामर्थ्य बढाना और जहां युद्ध करनेकी आवश्यकता होगी वहां अत्यंत कुशलतासे युद्ध करना और शत्रुको विनष्ट करना। और हमारे पास धन आजांय ऐसा करना। यह उपदेश यहां कहा है। अर्थात् युद्ध जहां करना आवश्यक है वहां अवश्य करना चाहिये।

यदाजिं यात्याजिकृदिन्द्रः स्वश्वयुरुप।
रथीतमो रथीनाम॥ ऋ. ८।४५।७

'(सु-अश्व-युः) उत्तम घोडोंको अपने रथोंको जोडनेवाला (रथीनां रथीतमः) रथी वीरोंमें श्रेष्ठ रथी वीर इन्द्र (आजि-कृत्) युद्धको कुशलतासे करनेवाला (आजिं याति) युद्धमें जाता है।' यहां प्रथम वीरकी तैयारी बतायी है। उत्तम घोडे अपने रथोंको जोतता है और अपने घुडसवारोंके पास भी उत्तम घोडोंको रखता है और रथी वीरोंमें श्रेष्ठ वीर बनता है। इतनी तैयारी करके वह स्वयं उत्तम युद्ध करना जानता है और पश्चात् स्वयं युद्धमें जाकर युद्ध करता है। यौंही अपनी तैयारी करनेके विना ही युद्ध करना

नहीं चाहिये, परंतु अपनी उत्तम तैयारी करके युद्ध आवश्यक हुआ तो ऐसा करना चाहिये कि जिससे शत्रु ठहर न सके। तथा—

आजितुरं सत्पतिं विश्वचर्षणिं
कृधि प्रजास्वाभगम्। ऋ. ८।५३।६

'(सत्पतिं) सज्जनोंका रक्षण करनेवाले, (विश्व-चर्षणिं) सब जनताका हित करनेवाले और (आजि-तुरं) युद्धमें त्वरासे कार्य करनेवाले वीरकी प्रशंसा करो वह हमें (प्रजासु आभगं) प्रजाओंमें भाग्यवान् करे।'

यहां चार पद महत्त्वपूर्ण हैं। (प्रजासु आभगं) प्रजाजनोंमें भाग्यवान् बनना। हरएक चाहता है कि मैं सबसे अधिक भाग्यवान् बनूं। ऐसा हरएकके मनमें रहना स्वाभाविक है। पर यह कैसा बने इस प्रश्नका उत्तर इस मन्त्रके आगेके तीन पदोंने दिया है। यदि भाग्यवान् बनना है तो (सत्-पतिः) सज्जनोंका पालन करो, 'परित्राणाय साधूनां' (गीता) सज्जनोंका संरक्षण करना यह भाग्यवान् बननेका एक साधन है। दूसरा (विश्व-चर्षणिः) सब मानवोंका हित करनेका कार्य करना, सार्वजनिक हित करना, जनताकी सेवा करना इससे इसकी योग्यता बढ जाती है। ये दो कार्य लोकोंके हित करनेके लिये हैं और (आजि-तुरः) युद्ध करनेके समय त्वरासे शत्रुके साथ लडना। शीघ्रतासे शत्रुसे युद्ध करना। उसमें शिथिलता न करना। इससे यह मनुष्य प्रजाजनोंमें भाग्यवान् होता है। यहां भी शत्रुसे युद्ध करना भी एक कार्य गिना है। और देखिये—

तमिन्महत्स्वाजिषूतमर्भे हवामहे।
असि हि वीर सेन्यः। ऋ. १।८१।१-२

उस वीरको (महत्सु आजिषु) बडे युद्धोंमें और उसको (अर्भे हवामहे) छोटे संग्रामोंमें सहाय्यार्थ बुलाते हैं। उसको इसलिये बुलाते हैं कि वह (हे वीर) हे शूर (सेन्यः असि) वह वीर सेनासे सुसज्य है। उसके पास उत्तम सेना है। शूरवीर स्वयं बलवान् हो और उसके पास उत्तम सेना हो, तब उसका वर्णन लोग करते हैं। वही बात और देखिये—

इन्द्रः समत्सु यजमानमार्यं
प्रावद् विश्वेषु शतमूतिराजिषु
स्वर्मीळ्हेष्वाजिषु। मनवे शासदव्रतान्।
ऋ. १।१३०।८

'इन्द्र (समत्सु) युद्धोंमें श्रेष्ठ सज्जनोंका (प्रावत्) रक्षण करता है। (विश्वेषु आजिषु) सब युद्धोंमें (शतं ऊतिः) सैंकडों प्रकारोंके संरक्षण देकर पालन करता है। (स्वः-मीळ्हेषु आजिषु) अपनी शक्ति बढानेवाले युद्धोंमें वह रक्षण करता है और (मनवे) मानवोंका हित करनेके लिये (अ-व्रतान्) दुष्टाचारवाले शत्रुओंको (शासत्) दण्ड देता है।'

इस मंत्रमें युद्धोंमें किस रीतिसे स्वपक्षीयोंका बचाव करना चाहिये, दुष्ट शत्रुओंका दमन किस तरह करना चाहिये, और सब प्रकारके संग्रामोंमें शत्रुओंका पराभव किस रीतिसे करना चाहिये यह सब अच्छी तरह बताया है।

यहांतक अनेक मंत्र हमने देखें, उनमें युद्ध, आहव, आजि, रण, समसत्य' आदि युद्धवाचक बहुतसे शब्द आये हैं। मनुष्य युद्धमें ही खडा है। अनेक प्रकारके युद्ध इसे लडने हैं। इसलिये युद्ध नहीं है ऐसा समझना बडा हानिकारक है। मनुष्य अनेक युद्धोंमें खडा है। इनमें इसे शत्रुओंसे लडकर विजय प्राप्त करना और विजयी होना है। इसलिये जगत्में युद्ध ही नहीं है ऐसा मानना हानिकारक है। युद्धमें हम खडे हैं ऐसा समझकर अपनी तैयारी करनी चाहिये।

अपना व्यक्तिका बल, अपने राष्ट्रका बल अर्थात् सेना, अपना युद्धकौशल ये सब सामर्थ्य योग्य रीतिसे अपने पास सुसज्य रखने चाहिये। तब ही अपना विजय हो सकता है।

अस्तु। इस तरह हमने वेदमंत्र देखकर यह परिणाम निकाला कि वैदिक राज्यव्यवस्थाके अनुसार राष्ट्रको युद्ध करनेके अवसर आते हैं, उस कार्यके लिये राष्ट्रकी वीरसेना तैयार करनी चाहिये और राष्ट्रमें वीर पुरुष निर्माण करने चाहिये।

सेनाकी इस तरह आवश्यकता सिद्ध होनेपर उस सेनाके विषयमें वेद क्या उपदेश देता है वह अब देखिये—

## सब सैनिक समान

प्रथम बात जो वैदिक समयकी सेनामें दीखती है वह सब सैनिकोंकी समानता है। देखिये—

अज्येष्ठासो अकनिष्ठास उद्भिदः
अमध्यमासो महसा विवावृधुः।
सुजातासो जनुषा पृश्निमातरो
दिवो मर्या आ नो अच्छा जिगातन॥ ऋ. ५।५९।६

अज्येष्ठासो अकनिष्ठास एते
संभ्रातरो वावृधुः सौभगाय। ऋ. १।६०।५

" ( अ- ज्येष्ठासः ) इनमें कोई श्रेष्ठ नहीं, ( अ-कनिष्ठासः ) कोई कनिष्ठ भी नहीं तथा इनमें ( अ-मध्यमासः ) कोई मध्यम भी नहीं है। अर्थात् ये सब समसमान हैं। ये अपनी ( महसा ) शक्तिसे ( वावृधुः ) बढते हैं। ये ( जनुषा सुजातासः ) जन्मसे ही कुलीन हैं। ये ( पृश्नि-मातरः ) भूमिको माता माननेवाले हैं अर्थात् मातृभूमिकी सेवा करनेवाले हैं। ये ( दिवः मर्याः ) ये दिव्य नरवीर हैं। ये ( भ्रातरः ) परस्पर भाई हैं, ( सौभगाय संवावृधुः ) ये परस्पर अपने उत्तम भाग्य बढानेके लिये मिलकर प्रयत्न करते रहते हैं। "

इन मंत्रोंमें सैनिकोंकी समसमानताके विषयमें उत्तम रीतिसे वर्णन किया है। सब सैनिक समसमान हैं ऐसा यदि न माना जाय, तो सैनिकोंमें ऊंचानीचा माना जानेसे उनका आपसमें वैर होगा, वे आपसमें ही 'मैं ऊंचा' और 'वह नीच' ऐसा बोलकर लडेंगे और उनसे शत्रुका पराभव करनेका कार्य तो दूर ही रहेगा। पर अपना ही नाश होगा।

इसलिये सब सैनिक समान हैं, वे जन्मसे ही ( जनुषा सुजातासः ) उत्तम कुलीन हैं, उनमें जन्मजात उच्चनीचता नहीं है, वे ( दिवः मर्याः ) दिव्य नरवीर हैं। वे अपनी शक्तिसे बढते हैं। यह नियम कितना उत्तम है यह विचार करके हर कोई जान सकता है।

## सैन्यकी भरती कैसी हो

यहांतक विचार हुआ और मालूम हुआ कि सैन्यमें जन्मजात ऊंचा नीचा यह भेद नहीं है। अब इन सैनिकोंकी भरती किस तरह की जाती है वह देखिये—

ये शुभ्रा घोरवर्पसः सुक्षत्रासो रिशादसः। ऋ. ८।१०३।१४

सत्वानो घोरवर्पसः। ऋ. १।६४।२

मृगा न भीमाः। ऋ. २।३१।१

" जो गौर वर्ण हैं, ( घोर-वर्पसः ) बडे शरीरवाले हैं और जो ( सु-क्षत्रासः ) उत्तम क्षात्र कर्म करनेवाले, उत्तम संरक्षण करनेवाले और ( रिश-अदसः ) शत्रुका नाश करनेवाले हैं। जो ( सत्वानः ) बलवान् हैं, महान विशाल शरीरवाले हैं और ( मृगा न भीमाः ) सिंहके समान भयंकर हैं। वे सेनामें भरती होने योग्य हैं। "

यहां ( १ ) सुन्दर वर्ण,
( २ ) विशाल शरीर,
( ३ ) सुरक्षा करनेका कौशल्य,
( ४ ) शत्रुका नाश करनेका सामर्थ्य,
( ५ ) शारीरिक बल और
( ६ ) उग्रता।

ये गुण देखकर सेनामें भरती करनी योग्य है ऐसा कहा है। प्रथम ये ही गुण देखे जा सकते हैं। अन्य गुण आगे सैनिकीय शिक्षासे प्राप्त हो सकते हैं और बढाये भी जा सकते हैं। पर प्रथम ये गुण तरुणोंमें होने चाहिये। सेनामें भरती होनेके लिये ये गुण तो अवश्य चाहिये।

अरुणप्सवः ( ऋ. ८।७।७ )- अरुण अर्थात् लाल रंग जिनकी त्वचापर शोभता है ऐसे तरुण सेनामें भरती हों। शरीरपर लाल रंग तब चमकता है कि जब शरीरमें शुद्ध रक्त घूमता रहता है। ये ही तरुण वीर शत्रुके साथ उत्तम युद्ध कर सकते हैं। इन्हींके अन्दर ओज और सत्व स्वभावसे रहता है।

## अपने तेजसे तेजस्वी

सेनामें भरती होने योग्य तरुण वीर वे हैं कि जो अपने तेजसे तेजस्वी रहते हैं। देखिये इनके विषयमें कहा है—

ये स्व-भानवः अजायन्त। ऋ. १।३७।२

स्वभानवः धन्वसु श्रायाः। ऋ. ५।५३।४

स्वभानवे वाचं प्रानज। ऋ. ५।५४।१

" जो अपने निजतेजसे चमकते हैं। अपने तेजसे चमकनेवाले वीर धनुष्योंका आश्रय करते हैं। जो अपने तेजसे चमकता है उसकी प्रशंसा करो। "

ये वीर सैनिक हैं। किसी तरुणको देखनेसे सहजहीसे पहचाना जाता है कि यह तरुण अपने निजतेजसे चमकता है वा नहीं। जो अपने चेहरेपर तेल, सुगंध कल्प, अथवा पावडर लगाकर अपने आपको तेजस्वी बताते हैं, उनकी भरती सैन्यमें नहीं हो सकेगी। परंतु जो ( स्व-भानवः )

अपने निजतेजसे तेजस्वी दीखते हैं, अकृत्रिम रीतिसे सुडोल और आनंदी दीखते हैं वैसे तरुण ही सेनामें भरती होनेयोग्य हैं।

## एक घरमें रहते हैं

सैनिकोंकी सेनामें भरती होनेपर उनकी रहने-सहनेकी व्यवस्था कैसी होती है यह भी देखनेयोग्य विषय है। ये एक घरमें रहते हैं। इस विषयमें देखिये—

१ समोकसः इषुं दधिरे। ऋ. १।६४।१०
२ उरुक्षया सगणा मानुषासः। अथर्व. ७।७७।३
३ वः उरु सदः कृतम्। ऋ. १।८५।७
४ समानस्मात्सदसः उरुक्रमः निः चक्रमे। ऋ. ५।८७।४
५ सनीळा मर्याः स्वश्वाः नरः। ऋ. ७।५६।१
६ सवयसः सनीळाः समान्याः। ऋ.१।६५।१

[ १ ] ( सं-ओकसः ) एक घरमें रहनेवाले ये वीर बाण हाथमें धारण करते हैं।

[ २ ] ( उरु-क्षयाः ) जिनका घर बडा है और जो ( स- गणाः ) संघके साथ रहते हैं अर्थात् जो अकेले अकेले नहीं रहते और जो मनुष्योंकी सेवा करनेके लिये तत्पर रहते हैं।

[ ३ ] ( वः उरु सदः कृतं ) आपके लिये, हे सैनिको! यह बडा घर बनाया है।

[ ४ ] ( समानस्मात् सदसः ) सबके एक घरसे ( निः चक्रमे ) एक एक वीर बाहर पडता है।

[ ५ ] ये ( मर्याः ) मरनेके लिये तैयार हुए वीर ( स-नीळाः ) एक घरके रहनेवाले और ( सु-अश्वाः ) उत्तम घोडोंपर बैठनेवाले हैं।

[ ६ ] ये वीर ( स-वयसः ) एक आयुवाले ( स-नीळाः ) एक बडे घरमें रहनेवाले और ( स-मान्याः ) सबकी मान्यता समान है ऐसे ये वीर हैं।

## सैनिकोंके बडे मकान

यहां " ( १ ) सं—ओकसः, ( २ ) उरु—क्षयाः, ( ३ ) उरु सदः, ( ४ ) समानं सदः, " ये पद इन सैनिकोंका घर एक बडा भारी विस्तीर्ण होता था, यह भाव बताते हैं। युरोपीयन भारतमें आनेपर उन्होंने जो अपनी सेनाकी रचना की, उसमें भी उन्होंने एक बडे मकानमें ही सैनिकोंको रखा था। एक एक या दो दो कमरोंकी पंक्ति जिसमें हैं ऐसे लंबे मकान जिनको अंग्रेजीमें 'बरेक' कहते हैं, सैनिकोंके लिये अंग्रेजोंने बनाये। यही भाव इन पदोंसे स्पष्ट रूपसे दीख रहा है।

एक बडे मकानमें रहनेसे रहनेवालोंके अन्दर हम सब समान हैं, हममें बडा छोटा कोई नहीं यह भाव रहता है। इसलिये वैदिक समयके सैनिकोंको एक बडे मकानमें रखा जाता था। अंग्रेज भी इसी हेतुसे सैनिकोंको बडे घरमें रखते थे। पर भारतके आधुनिक समयके राजे अपने सैनिकोंको ऐसे बडे मकानोंमें रखते नहीं थे। इन हिंदु राजाओंके राज्यमें वेदपाठी पंडित थे, शास्त्री तथा विद्वान् भी थे। पर वेदपाठी वेदका अर्थ जानते नहीं थे और शास्त्री वेदमंत्रोंको याद नहीं करते थे और राजालोग वेदमें क्या है यह जानते नहीं थे, इस कारण हमारी सैनिकीय विद्या वेदकी वेदमें रही। युरोपीयनोंने यहां सेनाकी रचना वेदानुकूल की पर उस ओर किसीने देखा भी नहीं। जिनके पास वेद नहीं थे वे वेदके अनुसार अपने सैनिकोंको रखते थे और उससे सामर्थ्य प्राप्त करते थे और राज्य जीतते जाते थे। पर जिनके पास वेद थे वे अज्ञानके कारण कोरेके कोरे ही रहे और पराभूत होकर पारतंत्र्यमें भी पहुंचे।

यह यहां इसलिये कहना पडा कि वेदकी सैनिकीय शिक्षा सामर्थ्य बढानेवाली थी। इसलिये यदि वेदका ज्ञान मानवी व्यवहारमें आजाता, तो यूरोपीयनों द्वारा सहजहीमें भारतीय सेनाओंका पराभव न होता और भारत परतंत्र भी न होता। यह माना जा सकता है कि पराभवके लिये अन्यान्य भी कारण थे। यह सत्य है, तथापि यह सैनिकीय तैयारी यदि हमारी वेदके कथनानुसार होती, तो हमारे पराभवको कुछ न कुछ मर्यादा तो अवश्य होती।

उपर दिये मंत्रोंमें ' स-गणाः ' पद है। अर्थात् गणोंके साथ ये सैनिक अपने विशाल घरमें रहते हैं। गण उन सैनिकोंका नाम है कि जिनका प्रवेश सेनामें हुआ है और उनकी गणना सैनिक करके हो चुकी है।

इन मंत्रोंमें ' स्वश्वाः ( सु-अश्वाः ) ' पद है। उत्तम घोडे जिनके पास रहते हैं। अर्थात् घुडदलके सैनिक भी

ऐसे ही बडे विशाल मकानमें रहते थे। वैदिक समयमें जैसे पदाती ( पैदल ) विभागके सैनिक होते थे, वैसे ही घुडसवार भी होते थे। पैदलोंके समान ही घुडसवारोंकी रहने सहनेकी अनुशासन पद्धति समान ही थी। अर्थात् पैदल वीरोंकी रहनेकी शाला एक स्थानपर होती थी और घुडसवारोंकी दूसरे स्थानपर होती थी। उनके घर पृथक् होते थे, और घोडोंके स्थान भी पृथक् रहते थे। यहां हमें मालूम हुआ कि वैदिक समयमें घुडसवारोंकी सेना भी पृथक् थी।

इन मंत्रोंमें ' मनुषासः, मर्याः, नरः ' ये तीन पद हैं। ये सर्वसाधारणतः मनुष्यवाचक हैं, परंतु यहां ' मानवोंकी सेवा करनेवाले ' इस अर्थमें विशेषकर ये पद आये हैं। मनुष्योंका हित करनेका प्रयत्न करनेवाले। ' नरः नृभ्यो हिताः ' इस तरह इनका अर्थ समझना योग्य है। सैनिक नागरिकोंका हित करनेके लिये ही सेनामें प्रविष्ट होते हैं। यह कर्तव्य इन सैनिकोंका यहां व्यक्त हुआ है।

## खेलनेमें प्रवीण

ये सैनिक खेल अर्थात् मर्दानी खेल खेलनेमें प्रवीण थे। वीरोंको ऐसा ही मर्दानी खेलोंके विषयमें प्रेम रहना चाहिये—

शीशूला न क्रीळाः सुमातरः। ऋ. १०।७८।६

' उत्तम माताओंको उत्तम खेल खेलनेवाले पुत्र होते हैं। ' जो उत्तम वीर होते हैं, वे मर्दानी खेल खेलनेमें अत्यंत प्रेम रखते हैं। इनका स्वभाव ही खेल खेलनेकी ओर होता है। ऐसे उत्तम मर्दानी खेल खेलनेवाले बडे वीर और बडे बहादर होते हैं। वीरोंको मर्दानी खेलोंमें प्रवीण रहना चाहिये।

## ये सैनिक स्त्रियोंके समान सजते हैं।

हम सैनिकोंको जिस समय देखते हैं, उनके सब कोट, बूट, सूट, टोपी, बटन, शस्त्र-अस्त्र सब चकमक रहते हैं। ऐसा दीखता है कि ये सदा स्त्रियोंके समान सजेसजाये ही रहते हैं। यही बात वेदमंत्रमें वर्णन की है देखिये—

प्र ये शुम्भन्ते जनयो न सप्तयः
मदन्ति वीरा विदथेषु घृष्वयः। ऋ. १।८५।१

( ये ) ये वीर ( जनयः न ) स्त्रियोंके समान ( प्रशुम्भन्ते ) अपने आपको सुशोभित करते हैं। स्त्रियां जिस तरह सदा अपने आपको सजाकर रखती हैं, उस तरह ये वीर अपने आपको सदा सजाकर रखते हैं। किसी समय इनकी कोई चीज या कोई वस्तु सुशोभित नहीं होती ऐसा नहीं होता। सदा इनकी वेषभूषाके सभी पदार्थ ठीकठाक और चकमक तथा जैसे सुशोभित हो सकते हैं, वैसे ही होते हैं। किसी भी समय, किसी भी रीतिसे, किसी भी स्थानपर शोभारहित वस्तु उनके शरीरपर दीखती नहीं। सदा ये सजेसजाये रहते हैं। सदा ठीकठाक रहते हैं।

यज्ञदृशः न शुभयन्ते मर्याः। ऋ. ७।५६।१६
गोमातरः यत् शुभयन्ते अञ्जिभिः। ऋ. १।८५।३

" यज्ञ देखनेके लिये जिस समय लोग जाते हैं उस समय जैसे सजकर, सुन्दर होकर जाते हैं, अपने शरीरको तथा अपने पोषाखको सजाकर जाते हैं, उस तरह ये सैनिक वीर सजेसजाये होनेके कारण सुन्दर दीखते हैं। गौको माता माननेवाले ये वीर अपने गणवेषसे अपने आपको सुशोभित करते हैं। "

यहां ' अञ्जि ' पद ' गणवेष ' का वाचक है। जो जिसका गणवेष होता है वह डालकर वह वीर सजकर अपने कामपर या अपने स्थानपर खडा रहता हैं, इस कारण वह वहां बडा सुंदर दीखता है।

हम सैनिक या पुलिसको सदा सजासजाया देखते हैं। इस कारण इसका परिणाम जनतापर होता है। यह बात वैदिक समयके राजकर्ताओंने जान ली थी। अतः वे अपने सैनिकोंको सदा सजेसजाये रखते थे। उनका अनुशासन ही वैसा था कि कोई सैनिक ढिलाढाला न रहे, कोई मलीन न रहे। सब सैनिक प्रभावी रहें। और देखिये—

स्वायुधः इष्मिणः सुनिष्काः।
उत स्वयं तन्वः शुम्भमानाः। ऋ. ७।५६।११
सस्वः चिद्धि तन्वः शुम्भमानाः। ऋ. ७।५।७
स्वः क्षत्रेभिः तन्वः शुम्भमानाः। ऋ. १।१६५।५

" ( सु-आयुधाः ) उत्तम शस्त्र धारण करनेवाले, ( इष्मिणः ) गतिमान, ( सुनिष्काः ) उत्तम मणियोंका हार धारण करनेवाले, अथवा अपने शरीरपर रहनेवाले

सुवर्णके भूषण जिनके उत्तम तेजस्वी हैं ऐसे ये वीर ( तन्वं शुम्भमानाः ) अपने शरीरको सुशोभित रखते हैं। ( सस्वः ) गुप्तस्थानमें रहनेवाले अपने शरीरको सजाते हैं। ( स्व-क्षत्रेभिः ) अपने शौर्यसे अपने शरीरकी शोभा बढाते हैं।"

ये वीर ( सु—आयुधः ) अपने आयुधोंको, अपने शस्त्रास्त्रोंको अत्यंत तेजस्वी अवस्थामें रखते हैं। साफसफाई करके अपने सब आयुध उत्तम स्थितिमें रखते हैं। कोई शस्त्र मलिन होने नहीं देते। ( इष्मिनः ) इष्—अन्न और धनसे युक्त। सबके अन्न और धनका संरक्षण करनेके कारण इनको अन्न, धन जो चाहिये वह प्राप्त रहता है।

( सु—निष्काः ) निष्क नाम मोहोर या अलंकारका है। अपने शरीरपर धारण करनेके अलंकार, कपडे, वेष भूषाके अलंकार आदि सबके सब जिसके तेजस्वी हैं। अपने शरीर-की शोभा बढानेवाले, मूंछ, दाढी, बाल आदिको अत्यंत आकर्षक जो रखते हैं। इसका अर्थ यह है कि किसी भी तरह शोभामें न्यून न हो ऐसी सदा व्यवस्था दक्षतासे करनेवाले तथा अपना सौंदर्य बढे इसलिये जो यत्न करते हैं ऐसे ये वीर हैं।

( सस्वः ) स्वयं गुप्त स्थानमें रहते हैं। पुलिस अथवा सैनिक भी किसी किसी समय कुछ कारण विशेषके लिये गुप्त स्थितिमें रहते हैं। किसी दूसरेको न दीखें ऐसी स्थिति-में रहते हैं। तथापि ऐसे समयमें भी वे अपने शरीरको सुंदर रखते ही हैं।

( स्वक्षत्रेभिःतन्वं शुंभमानाः ) अपने क्षात्र चिन्होंसे अपने शरीरकी शोभा बढाते हैं। अपने ओहदेके चिन्होंसे ये अपने शरीरको सजाते हैं। इनकी यह सजावट, इनका रुवाब बढानेके लिये सहायक होती है।

पिशा इव सुपिशः। ऋ. १।६४।८
अनुश्रियः धिरे। ऋ. १।११६।१०
सुचन्द्रं सुपेशसं वर्णं दधिरे। ऋ. २।३४।१३
महान्तः विराजथ। ऋ. ५।५५।२
रूपाणि चित्रा दृश्यी। ऋ. ५।५२।११

"उत्तम सुन्दर रूप जैसा सुन्दर दीखता है, वैसे जो सुन्दर दीखते हैं। हरप्रकारसे जो अपनी शोभा बढाते हैं। उत्तम तेजस्वी, अत्यंत सुन्दर वर्णका धारण करते हैं। बडे होकर विराजते रहो। इनके नानाप्रकारके रूप देखने योग्य हैं।"

जिन्होंने सैनिक देखें हैं, वे जैसे सजे रहते हैं। वैसे ही ये वैदिक समयके सैनिक अपने शरीर, बाल, मूछियां, दाढी, साफा, अस्त्रशस्त्र आदिको बडा तेजस्वी, सुन्दर तथा प्रभावी रखते थे। जिससे इनकी शोभा बढती थी और समयपर अस्त्रशस्त्र भी कार्यक्षम रहते थे। शोभाकी शोभा और उपयोगका उपयोग, ऐसे दोनों प्रकारके लाभ इनकी सजावटसे होते थे।

## मरुतोंका गणवेष

ये जो वीर हैं वे 'मरुत्' करके वर्णित हुए हैं। मरुत्का अर्थ यह है—

मरुतो मितराविणो वा मितरोचनो वा महद् द्रवन्तीति वा। निरु. ११।२।१

कईयोंकी संमतिसे यह यास्काचार्यका वचन ऐसा है—

मरुतोऽमितराविणो वाऽमितरोचनो वा महद् द्रवन्तीति वा। निरु. ११।२।१

इसका भाव यह है—

१ मरुतः = मितराविणः = मितभाषी, अधिक बडबड न करनेवाले;

२ मरुतः= अमित-राविणः= बहुत भाषण करनेवाले;

३ मरुतः = मितरोचनः = परिमित प्रकाश देनेवाले;

४ मरुतः = अमित रोचनः= अपरिमित प्रकाशनेवाले;

५ मरुतः = महत्द्रवन्ति = बडी गतिसे जो जाते हैं।

निरुक्तकारके इस वचनके ये दोनों प्रकारके अर्थ टीकाकार मानते हैं इस कारण ये यहां दिये हैं। और भी 'मरुत्'के अर्थ हैं वे सब देखिये—

१ मरुत् = ( मा-रुद ) = न रोनेवाले, युद्धमें न रोते हुए अपने कर्तव्य करनेवाले,

२ मरुत् = ( मा-रुत् ) = न बोलनेवाले, कम बोलनेवाले।

३ मरुत् = ( मर्-उत् ) = मरनेतक उठकर अपना कर्तव्य करनेवाले।

इस तरह अर्थ करके यह बताया है कि ये मरुद्वीर बहुत भक्भक् करते नहीं, परंतु चुप रहकर अपना कर्तव्य करते हैं। कभी रोते नहीं रहते, परंतु तत्परतासे अपना कर्तव्य आनंदके साथ करते हैं। मरनेतक उठकर कार्य करते रहते हैं। आलस्यमें कभी रोते नहीं रहते।

मरुत् वीरसैनिक हैं। इनका कार्य कैसा होना चाहिये यह बात इन अर्थोंके द्वारा बतायी है। पदोंका अर्थ करके तथा पदकी व्युत्पत्ति करके उसके गुण बताये जाते हैं। इसलिये इस व्युत्पत्तिका महत्त्व है। तथा व्युत्पत्तिका भाव बतानेवाले मंत्र भी रहते हैं। अस्तु। वीरोंके गुण इन अर्थोंके द्वारा बताये हैं। वीर न रोयें, न भक्भक् करें, न बोलते ही रहें, परंतु शक्ति रहनेतक अपना कर्तव्य करते रहें।

## वीरोंके शस्त्र

वीरोंके शस्त्रअस्त्र तथा गणवेषका वर्णन निम्नस्थानमें लिखित मंत्रोंमें देखने योग्य है—

> वाशीमन्तो ऋष्टिमन्तो मनीषिणः
> सुधन्वान इषुमन्तो निषङ्गिणः।
> स्वश्वाः स्थ सुरथाः पृश्निमातरः
> स्वायुधा मरुतो याथना शुभम् ॥ २ ॥
> ऋष्टयो वो मरुतो अंसयोरधि
> सह ओजो बाह्वोर्वो बलं हितम्।
> नृम्णा शीर्षस्वायुधा रथेषु वो
> विश्वा वः श्रीरधि तनूषु पिपिशे ॥ ६ ॥
> ऋ. ५।५७

( वाशीमन्तः ) बर्चियाँ धारण करनेवाले, ( ऋष्टिमन्तः) भाले बर्तनेवाले, ( सु-धन्वानः ) उत्तम धनुष्य धारण करनेवाले, ( इषुमन्तः ) बाण पास रखनेवाले, (निषङ्गिनः) तर्कस-बाणोंकी थैलियां पास रखनेवाले, ( सु-रथाः ) उत्तम रथमें बैठनेवाले, ( सु-अश्वाः ) उत्तम घोडे अपने पास रखनेवाले, ( पृश्नि-मातरः ) मातृभूमिकी उपासना करनेवाले आप वीर ( मनीषिणः ) मनको अपने आधीन रखनेवाले हैं। ये अपने मनको इधर उधर भटकने नहीं देते। अच्छे कार्यमें अपने मनको लगाते हैं। ऐसे तुम ( शुभं याथन ) शुभ कर्म करनेके लिये आगे बढो।

आपके ( अंसयोः अधि ) कंधोंपर ( ऋष्टयः ) भाले हैं, ( वः बाह्वोः ) आपके बाहुओंमें ( सहः ओजः बलं हितं ) साहस, सामर्थ्य और बल रखा है। ( शीर्षःसु नृम्णा ) आपके सिरपर साफे हैं। यहांका 'नृम्णा' पद 'साफा, मुकुट, अथवा ( नृ-मणा ) मनुष्योंका मन जिसपर आकर्षित होता है वह आभूषण, वस्त्र अथवा पहनने योग्य वस्तु' ऐसा भाव बताता है। पर यह ( शीर्षः सुनृम्णा ) सिरमें धारण करने योग्य सुन्दर वस्तु है। यह मुकुट होगा, या सुन्दर साफा होगा और ऐसी ही कोई दूसरी सिरमें पहनने योग्य चीज होगी। 'नृम्णा' का अर्थ 'हिरण्मयानि पदोष्णीषादीनि' यह अर्थ सायनाचार्य देते हैं। इसका अर्थ जरतारीका साफा ऐसा है।

( रथेषु आयुधा ) रथोंमें शस्त्र या आयुध रखे हैं। ऐसे ये वीर ( विश्वा श्रीः तनुषु पिपिशे ) सब शोभा इनके शरीरोंमें चमकती है। यह वर्णन सैनिकोंका है। युरोपीयन सेनाके सैनिकोंमें शस्त्रास्त्र भले ही दूसरे हों, पर उनके शरीर गणवेष धारण करनेके पश्चात् ऐसे शोभते हैं इसमें संदेह नहीं है। ऐसे ही सैनिक वैदिक समयकी सेनामें थे यह यहां देखने योग्य है। इनका वर्णन और देखिये—

> अंसेष्वा मरुतः खादयो वो
> वक्षःसु रुक्मा उपशिश्रियाणाः।
> वि विद्युतो न वृष्टिभी रुचाना
> अनु स्वधामायुधैर्यच्छमाना ॥ ऋ. ७।५६।१३

( अंसेषु खादयः ) तुम्हारे कंधोंपर आभूषण हैं, ( वक्षःसु रुक्मा ) छातीपर सुवर्णके कण्ठे ( उपशिश्रियाणाः ) लटक रहे हैं। वृष्टिके समय ( विद्युतः न ) बिजलियां चमकती हैं उस तरह चमक दमक तुम अपने आयुधोंसे ( अनु यच्छमानाः ) चमका रहे हैं। इसी तरह और भी सैनिकोंके पोषाखका वर्णन देखिये—

> समानमञ्ज्येषां विभ्राजन्ते रुक्मासो अधि
> बाहुषु। दविद्युतत्यृष्टयः ॥ ११ ॥
> त उग्रासो वृषण उग्रबाहवो
> नकिष्टनूषु येतिरे।
> स्थिरा धन्वान्यायुधा रथेषु वोऽनीकेषु
> अधिश्रियः ॥ १२ ॥ ऋ. ८।२०।११-१२

( एषां ) इन सब सैनिकोंके ( अञ्जि ) आभूष (समानं) समान हैं । सबकी वेषभूषा, सबका गणवेष समान है। यह महत्त्वका वर्णन यहां देखने योग्य है। जितने सैनिक होंगे उन सबकी वेषभूषा समान होनी चाहिये। जो पोषाख जो शस्त्र-अस्त्र, जो कपडे एकके होंगे वे ही सबके होंगे। ऐसा होनेके लिये ही 'गणवेष धारण करना' कहते हैं। गणवेष सबका समान ही होता है।

( बाहुषु अधि रुक्मासः विभ्राजन्ते ) बाहुओंपर चांद चमकते रहते हैं। वे भी सब सैनिकोंके एक जैसे ही होते हैं। ( ऋष्टयः दविद्युतत् ) भाले सबके चमक रहे हैं।

( ते उग्रासः वृषणः ) वे उग्र दीखनेवाले बलवान् वीर ( उग्र बाहवः ) जिनके बाहू उग्र प्रभावी दीखते हैं। ( तनूषु नकिः येतिरे ) ये वीर अपने शरीरके सम्बन्धमें कुछ भी विचार नहीं करते। अर्थात् युद्धके समय या जनताकी सेवा करनेके समय अपने शरीरकी पर्वाह न करके जनसेवाका कार्य करते हैं। कहीं भी आग लगी तो अन्दर घुसते हैं और किसीको बचाना हो तो उसको बचाते हैं। अर्थात् अपने शरीरकी पर्वाह न करते हुए जनसेवाका कार्य करते हैं।

आपके आयुध रथोंमें स्थिर रहते हैं। जहां जो शस्त्र रखना हो वह ठीक उसी स्थानपर रखा जाता है। कभी इधर उधर नहीं रखा जाता। इतनी व्यवस्था तथा अनुशासन इनका शस्त्रास्त्र रखनेके कार्यमें रहता है। रातमें या अन्धेरेमें भी वहांका फलाना शस्त्र लाना हो तो वहांसे ही ये ला सकते हैं। क्योंकि प्रत्येक शस्त्रका स्थान नियत है और वह उसके स्थानपर ही रखा जाता है। सैनिकोंकी हरएक कार्यवाहीमें यह अनुशासन अत्यंत आवश्यक है। सेनाका सामर्थ्य इस अनुशासनसे बढता है।

यहां कहा है कि ( रथेषु स्थिरा धन्वानि ) रथोंमें स्थिर धनुष्य हैं। अर्थात् दो प्रकारके धनुष्य होते हैं। एक स्थिर धनुष्य रथके स्तंभके साथ लगे रहते हैं। ये धनुष्य बडे होते हैं। इनका बाण बहुत दूर जाता है। दूसरे धनुष्य हाथमें पकडकर चलानेके होते हैं। ये धनुष्य छोटे होते हैं। ये धनुष्य हाथमें लेकर जिधर चाहिये उधर जाकर शत्रुपर चलाये जाते हैं। स्थिर धनुष्य अपने स्थानसे हिलाये नहीं जाते। परन्तु चलधनुष्य हाथमें पकडकर जहां चाहिये वहां ले जा सकते हैं। वीरोंके लिये इन दोनों धनुष्योंकी आवश्यकता रहती है। और देखिये—

> युवानो रुद्रा अजरा अभोग्घनो
> ववक्षु अध्रिगावः पर्वता इव ।
> दृळ्हा चिद्विश्वा भुवनानि पार्थिवा
> प्रच्यावयन्ति दिव्यानि मज्मना ॥ ३ ॥
>
> चित्रैरञ्जिभिर्वपुषे व्यञ्जते
> वक्षःसु रुक्माँ अधि येतिरे शुभे ।
> अंसेष्वेषां नि मिमिक्षु ऋष्टय
> साकं जज्ञिरे स्वधया दिवो नरः ॥ ॥
>
> ऋ० १।६४।३-४

( युवानः रुद्राः ) ये तरुण वीर शत्रुको रुलानेवाले ( अजराः ) जरारहित ( अ-भोग्-हनः ) अनुदार शत्रुका वध करनेवाले, ( अ-ध्रि-गावः ) जिनकी गतिको कोई रोक नहीं सकता, ( पर्वता इव ववक्षुः ) पर्वतोंके समान स्थिर रहते हैं, जनताको सुखी करनेकी इच्छा करते हैं। ( मज्मना ) अपने सामर्थ्यसे ( विश्वा पार्थिवानि दिव्यानि भुवनानि ) सब पृथ्वीपरके तथा आकाशमें रहनेवाले सब स्थिर भुवनोंको भी ( प्रच्यावयन्ति ) हिला देते हैं।

सुस्थिर सुदृढ शत्रुके स्थानोंको हिला देते हैं, तोडते हैं, चलाते हैं। शत्रुके स्थान सुदृढ होनेपर भी ये वीर उसको तोडकर नष्ट कर देते हैं। अर्थात् इन वीरोंके लिये किसी भी शत्रुका स्थान सुस्थिर नहीं है, इतना इनका सामर्थ्य है।

ये वीर ( चित्रैः अञ्जिभिः ) चित्रविचित्र भूषणोंसे ( वपुषे व्यञ्जते ) अपने शरीरको सुशोभित करते हैं। ( शुभे वक्षःसु रुक्मान् ) शरीरकी शोभा बढानेके लिये छातीपर चांद धारण ( अधि येतिरे ) करते हैं। ( एषां अंसेषु ऋष्टयः निमिमिक्षुः ) इनके कन्धोंपर भाले चमकते रहते हैं। ये ( नरः ) नेता वीर ( स्वधया साकं ) अपनी धारणशक्तिके साथ ( दिवः जज्ञिरे ) द्युलोकसे प्रकट हुए ऐसा प्रतीत होता है।

इन मंत्रोंमें इन वीरोंका हमला शत्रुपर कैसा होता है यह ठीक तरह बताया है। शत्रु कितना भी प्रबल हुआ तो भी उसको ये उखाड देते हैं। ये तरुण वीर होते हैं और शत्रुको उखाडकर भेज देनेमें अत्यंत प्रवीण होते हैं। ऐसे

ये वीर होते हैं। अपने सैनिक कैसे होने चाहिये यह यहां अच्छी तरह बताया है।

## वीरोंका गणवेश

इन वीरोंका गणवेश कैसा था, इसका वर्णन अब देखिये—

### ( १ ) सिरमें

वीरोंके शिरोभूषणके सम्बन्धमें इस तरह लिखा है—

१ **शीर्षस्सु नृम्णा** (ऋ. ५।५७।६ ) = सिरमें साफा, पगडी अथवा जरतारीका शिरोवेष्टन।

२ **शिप्रा शीर्षन् हिरण्ययी** (ऋ. ८।७।२५ ) = सिरपर साफा जिसपर सुवर्णकी नकशीका काम किया होता है ऐसा है।

३ **हिरण्य-शिप्राः** ( ऋ. २।३४।२ ) = सिरपर बांधनेके लिये जरतारीका साफा होता है।

इस तरह शिरोभूषणके विषयमें कहा है। इससे साफा, जरतारीका साफा अथवा पगडी जिसपर जरतारीकी नकशी रहती है, यह वैदिक समयके सैनिकोंका शिरोवेष्टन था ऐसा प्रतीत होता है।

### ( २ ) कंधोंपर भूषण



कन्धोंपर रहनेवाले भूषणोंके विषयमें ये मन्त्र देखने योग्य हैं—

अंसेषु ऋष्टयः। ऋ. १।६४।४; ५।५४।११
ऋष्टयोः अंसयोरधि। ऋ. ५।५७।६
ऋष्टिमन्तो मनीषिणः। ऋ. ५।५२।२
अंसेषु खादयः। ऋ. ७।५६।१३
अंसेषु प्रपथेषु खादयः। ऋ. १।१६६।९
ऋष्टिविद्युतः कवयः सन्ति। ऋ. ५।५२।१३
वाशीमन्तः ऋष्टिमन्तः। ऋ. ५।५७।२
क्रीळथ ऋष्टिमन्तः। ऋ. ५।६०।२

" आपके कन्धोंपर भाले हैं। तुम बुद्धिमान हो और भाले धारण करनेवाले हो। कन्धोंपर ( खादयः ) एक प्रकारके पदक जैसे आभूषण रखे जाते हैं। इन वीरोंके भाले बिजली जैसे तेजस्वी होते हैं। ये कवि होनेपर भी भाले बर्तते हैं।"

यहां कन्धोंपर धारण करनेकी दो वस्तुएं कहीं हैं। एक भाले और दूसरा आभूषण ' खादी '। यह आभूषण सोनेका या चांदीका होता है। पदक जैसा होता है और सुन्दर तथा बडा तेजस्वी दीखता है।

### ( ३ ) छातीपर भूषण

अब छातीपरके भूषणके विषयमें देखिये—

वक्षःसु रुक्मा। ऋ. १।६४।४; ७।५६।१३
रुक्मासः अधि बाहुषु। ऋ. ८।२०।११
तनूषु शुभ्रा दधिरे वि रुक्मतः। ऋ. १।८५।३
वक्षःसु रुक्मा रभसासः अञ्जयः। ऋ. १।१६६।१०
वक्षःसु रुक्मा मरुतो रथे शुभः। ऋ. ५।५४।११
खादयः वः वक्षःसु रुक्मा उपशिश्रियाणाः।
ऋ. ७।५६।१३
मरुत रुक्मवक्षसः। ऋ. २।३४।२
युञ्जते मरुतः रुक्मवक्षसः अश्वान्। ऋ. २।३४।८
बृहद्वयः दधिरे रुक्मवक्षसः। ऋ. ५।५५।१
सुजातासः जनुषा रुक्मवक्षसः। ऋ. ५।५७।३
ये भ्राजसा रुक्मवक्षसः। ऋ. १०।७८।२
यदेजथ मरुतः रुक्मवक्षसः। अथर्व. ६।२२।२

इन वीरोंके छातीपर सोनेके पदकोंके हार होते हैं। ये हार बडे तेजस्वी रहते हैं, चमकते रहते हैं और बडे सुंदर दीखते हैं। शरीरकी हलचल होनेसे इनकी चमक दमक प्रभावी रीतिसे आकर्षक प्रतीत होती है और बडी सुन्दर

दीखती है। ये वीर घोडोंको जोतनेके समय, अपने कार्यपर जानेके समय, वर्दी पहननेपर इनको पहनते हैं जिससे इनके शरीर सुन्दर आकर्षक तथा प्रभावी प्रतीत होते हैं।

जैसे आजकल पदक ( मेडल ) पहनते हैं उसी तरहके ये रुक्म होते थे। यह छातीपर पहननेके और बाहुओंपर पहननेके ऐसे दो प्रकारके होते हैं।

### ( ४ ) कुन्हाडे धारण करना

ये वीर हाथमें कुन्हाडा धारण करते थे इस विषयमें कहा है—

ये वाशीमन्त अजायन्त । ऋ. १।३७।२

हिरण्यवाशीभिः अग्निस्तुषे । ऋ. ८।७।३२

ते वाशीमन्तः । ऋ. १।८७।५

वस्तनूषु अधिवाशीः । ऋ. १।८८।५

ये वाशीषु धन्वसु आयाः । ऋ. ५।५३।४

' वाशी ' का अर्थ ' कुन्हाडा ' है। अथवा फरशी भी इसे कह सकते हैं। यह एक शस्त्र है। ये वीर कुन्हाडा या फरशी लेकर बाहर जाते हैं। यहां ' हिरण्यवाशी ' कहा है। यह फरशी है पर उसपर सुवर्णकी नकशी की है ऐसी सुन्दर फरशी यह है। ये वीर फरशी और धनुष्यका आश्रय लेते हैं अर्थात् यह उनका प्रिय हत्यार होता है। भाले, कुन्हाडा, फरशी, खड्ग, गदा, धनुष्य, बाण आदि अनेक शस्त्र ये बर्तते थे।

### ( ५ ) काटनेवाला शस्त्र

हस्तेषु खादिः च कृतिः च संदधे । ऋ. १।१६८।३

हाथोंमें ' कृति ' करके एक हथियार होता था। यह काटनेका कार्य करता था। यह हथियार ये वीर बर्तते थे। और एक शस्त्र था उसका नाम ' क्रिविः-दति ' है इसका वर्णन ऐसा है—

यत्र वः दिद्युत् क्रिविर्दती । ऋ. १।१६६।६

क्रिवि और दती। इसको दांत रहते हैं, वे काटते हैं और इस तरह यह शस्त्र बडा घातक होता है। इस तरह अनेक प्रकारके शस्त्र इन वीरोंके पास रहते थे। जो एकके पास रहे वही वैसा ही शस्त्र सब वीरोंके पास रहता था। संघसे रहनेका अर्थ यही है। तथा सब वीर समान हैं इसका भी यही अर्थ है।

इससे यह सिद्ध हुआ कि—

१ वैदिक समयमें राज्य, स्वराज्य, साम्राज्य आदि अनेक प्रकारके राज्यशासन प्रचलित थे।

२ राज्यका संरक्षण करनेके लिये सेना रखी जाती थी और सैन्यकी शिक्षा पूर्णरूपसे अनुशासनसे होती थी।

३ सेनाके सैनिकोंको रहनेके लिये बडे मकान बने होते थे, और इनमें अनेक कमरोंमें अनेक सैनिक रहते थे। ये घर सरकारी होते थे।

४ घुडसवारोंकी सेना भी होती थी और इन सैनिकोंके रहनेका प्रबन्ध भी उसी तरह होता था जैसा साधारण सैनिकोंका होता था।

५ सेनाके पास शस्त्र अस्त्र आदिका संभार अच्छा रहता था और इन शस्त्रोंसे शत्रुको परास्त किया जाता था।

६ युद्धके अनेक प्रकार होते थे और उनकी शिक्षा सैनिकोंको प्रथमसे दी जाती थी।

७ सब सैनिक समान समझे जाते थे। इनमें कोई श्रेष्ठ और दूसरा कनिष्ठ ऐसा नहीं था। सबका समान दर्जा रहता था।

८ सबका गणवेश तथा उनके शस्त्र अस्त्र समान रहते थे। किसी भी कारण उनमें न्यूनता या अधिकता मानी नहीं जाती थी।

९ भरती करनेके समय उनके विशाल शरीर, क्षात्रकर्म करनेमें उनकी समर्थता, शत्रुका नाश करनेकी उनकी पात्रता, बल, सामर्थ्य तथा साहस देखा जाता था और सेनामें भरती होती थी। सेनामें भरती होनेपर फिर वे सबके सब समान माने जाते थे।

१० ये वीर निजसामर्थ्यसे सामर्थ्यवान् हों ऐसी शिक्षा उनको दी जाती थी।

११ ये सब सैनिक मातृभूमिके सेवक हैं, मातृभूमिकी सेवाके लिये जो करना आवश्यक होगा, वह सब उनको करना आवश्यक था।

१२ इनका रहना सहना शंवशः ही होता था।

१३ ये सैनिक घोडे भी अपने पास रखते थे। इनकी घुडसवारकी सेना बनती थी। इनका रहन सहन भी समान रीतिसेही होता था।

१४ खेलमें प्रवीण होनेकी आवश्यकता इनके लिये थी। नानाप्रकारके खेलोंमें ये प्राविण्य कमाते थे।

१५ ये सैनिक स्त्रियोंके समान अपने आपको सजाते थे। अपनी हरएक वस्तु स्वच्छ, सुंदर तथा चमकदार रखना इनका कर्तव्य था।

१६ ये वीर अधिक बडबड करते नहीं थे। जितना जिस समय आवश्यक है उतना ही ये बोलते थे। गप्पें मारते हुए ये कभी बैठते नहीं थे।

१७ कुल्हाडा, फरशी, भाला, धनुष्यबाण ये सब उनके शस्त्र थे।

१८ सिरपर साफा रहता था, छातीपर चांद और बाहुओंपर भाला रहता था। अन्यान्य शस्त्र अस्त्र अन्य रीतिसे साथ रहते थे। हरएक शस्त्र अस्त्र चमकदार रखना इनका कर्तव्य था।

इतना विषय प्रतिपादन इस व्याख्यानमें हुआ है। आगेके लेखमें क्या अधिक मिलता है यह देखेंगे।

# प्रश्न

१ वेदमें कितने प्रकारके राज्योंके वर्णन हैं ?
२ सेनाकी आवश्यकता वेदने किस तरह बतायी है ?
३ सेनापथकका कार्य क्या था ?
४ अपव्रत तमस्रास्त्र से क्या होता था ?
५ वैदिक राज्यव्यवस्थामें सैन्यके विषयमें कौनसी बात विशेषरूपसे कही है ?
६ युद्धकी संभावना किस कारण होती है ?
७ युद्धकी संभावना होनेपर प्रजाका तथा शासकोंका क्या कर्तव्य होता है ?
८ अपना बल बढानेके विषयमें वेदमन्त्रोंमें क्या उपदेश कहा है ?
९ युद्धमें कुशलता बतानेके विषयमें क्या कहा है ?
१० सब सैनिक समान हैं इस विषयका वेदमन्त्रका उपदेश किस मन्त्रमें कहा है ? और उसका भाव क्या है ?
११ सब सैनिक समान न माने जांय तो क्या होगा ?
१२ अनुशासनशील सेनासे क्या लाभ होते हैं ?
१३ अनुशासन सेनामें न रहा तो क्या हानि होनेकी सम्भावना है ?
१४ सेनामें भरती करनेके लिये वेदमंत्रोंमें कौनसे गुण आवश्यक माने हैं ?
१५ सब सैनिक एक बडे घरमें रहते थे इसको बतानेवाला वेदमन्त्र कौनसा है ?
१६ एक घरमें रहनेसे लाभ कौनसा है और पृथक् पृथक् घरोंमें सैनिक रहे तो हानि कौनसी होनेकी सम्भावना है ?
१७ सैनिकोंके लिये खेलोंमें प्रवीण रहनेकी आवश्यकता क्यों मानी गयी थी ?
१८ वेदमन्त्रोंमें कहे सैनिकोंके शस्त्र, अस्त्र, वेशभूषण, आयुध आदिकोंके कौनसे नाम वेदमें कहे हैं ? उनका स्वरूप क्या है ?
१९ सिरसे लेकर पैरतक सैनिक जो पहनते थे उनके नाम क्या हैं ?
२० ‘ मरुत् ’ पदके अर्थ जितने हैं वे सब बताइये ?
२१ मरुतोंके पास जो काटनेवाले भयानक शस्त्र रहते थे उनके वर्णन करके बताइये कि उनके स्वरूप कैसे थे ?

